संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 14 मई 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 18 अंक: 132 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



वाराणसी संसदीय सीट से लगातार तीसरी बार नामांकन करने शहर में पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखा।

## आदर्श विचार



"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप को ऊंचाई से गिरा भी सकती है। इसलिए संगति अच्छे लोगों से करें।- भगवत गीता"

## मन की बात



"बहुत सी कमियों के बाद भी हम खुद से प्रेम करते हैं, तो दूसरों में एक कमी से कैसे घृणा कर सकते हैं। -विवेकानंद"

# रोड शो: मोदीमय हुआ काशी

● वाराणसी में प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में टूटी मजहब की दीवार, मुस्लिम महिलाओं ने की पुष्पवर्षा

**भगवामय**

▶▶ मोदी-मोदी के गगनभेदी नारों से गूंजा आसमान, रोड शो में दिखा लघु भारत का नजारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी:** वाराणसी संसदीय सीट से लगातार तीसरी बार नामांकन करने शहर में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार शाम को मेगा रोडशो किया। भगवामय शहर में भाजपा की ओर से आयोजित रोडशो में शामिल होने के लिए सड़कों और गलियों से जनसैलाब उमड़ पड़ा। बीएचयू के सिंह द्वार लंका पर स्थित महामना मदन मोहन मालवीय के विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रधानमंत्री मोदी ने रोड शो की शुरुआत की। रोड शो में शामिल प्रधानमंत्री ने भगवा रंग का कुर्ता और सफेद रंग की सदरी पहन रखी थी। रोडशो के रथ पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी भी उत्साह से लोगों का अभिवादन कर रहे थे। लंका से प्रधानमंत्री का रथ लाखों के हुजूम के बीच आगे बढ़ा तो लोगों ने शाही अंदाज में विजेता नायक की तरह प्रधानमंत्री का शंखध्वनि, पुष्पवर्षा के बीच भव्य स्वागत किया। रोड शो में प्रधानमंत्री मोदी के प्रति लोगों की दीवानगी एक बार देखने को मिली। हर-हर महादेव, मोदी-मोदी के गगनभेदी नारों से आसमान गुंजायमान रहा। प्रधानमंत्री लोगों का अभिवादन हाथ जोड़ कर विनम्रता से स्वीकार करते रहे। यह देख भाजपा कार्यकर्ता ढोल नगाड़े बजाकर गगनभेदी मोदी-मोदी, नारेबाजी के बीच गुलाब की पंखुड़ियां प्रधानमंत्री पर बरसाते रहे। पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं और नागरिकों का उत्साह देखकर प्रधानमंत्री का काफिला भी धीरे-धीरे आगे बढ़ता रहा। बीएचयू प्रवेश द्वार से ही प्रधानमंत्री के रोड-शो में 500 युवा और 500 मातृशक्ति आगे-आगे चल रहीं थीं। बीएचयू सिंह द्वार से रविदास गेट, अस्सी, शिवाला, मदनपुरा, गोदौलिया होते विश्वनाथ धाम के प्रवेश द्वार संख्या-चार पर पहुंच कर प्रधानमंत्री ने रोड शो का समापन किया।



### भीड़ संभालने में पुलिस अफसरों को छूटा पसीना

प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत के लिए 11 बीट के अन्तर्गत 100 स्वागत प्वाइंट बनाए गए। स्वागत प्वाइंट पर मराठी, गुजराती, बंगाली, माहेश्वरी, मारवाड़ी, तमिल, पंजाबी आदि समाज के लोग अपनी परंपरागत वेशभूषा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पुष्पवर्षा कर स्वागत के लिए डटे रहे। इस दौरान विकास भी, विरासत भी, हमार काशी-हमार मोदी के पोस्टर भी लोग उत्साह से लहराते दिखे। प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में उमड़ी स्वतः स्फूर्त भीड़ के उत्साह के आगे व्यवस्था छोटी पड़ गई। प्रधानमंत्री का काफिला लंका से अस्सी की ओर बढ़ा तो भीड़ को संभालने में पुलिस अफसरों और जवानों के पसीने छूट गए।

### रोड शो में लघु भारत-उत्तर प्रदेश की संस्कृति की झलक दिखी



05 किलोमीटर के दायरे में हुए मेगा रोड शो में लघु भारत और उत्तर प्रदेश की संस्कृति की झलक दिखी। पूरे रास्ते शंखनाद, डमरुओं की निनाद और मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री का स्वागत लोग करते रहे। इसमें बच्चे और युवतियां भी पीछे नहीं रहीं। सड़क के दोनों छोर पर स्थित मकानों के बारजे और छत से महिलाएं प्रधानमंत्री के ऊपर पुष्पवर्षा करती रहीं। लोगों का अपनापन देख प्रधानमंत्री आह्लादित दिखे। रोड शो में ढोल-नगाड़े की थाप पर जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, लोकगीत गाते बनारस के कलाकार व वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए बटुक भी अभिनंदन के लिए डटे रहे। वीवी सुंदरम शास्त्री के नेतृत्व में सोनारपुरा, पांडेय हवेली मार्ग पर महिलाओं ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी। मार्ग में वेदमंत्रों के साथ दक्षिण भारत के शहनाई के रूप में शुमार नादश सरम तो बंगाली समाज की धुनकी और ढाक वाद्ययंत्र भी गूंजता रहा। डांडिया और गरबा की भी झलक दिखी। भारतरत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां के परिवार के सदस्यों ने मदनपुरा के पास शहनाई वादन से अलग माहौल बनाया।

### रोड शो में यूपी की सरकार-संगठन को बराबर अहमियत

**वाराणसी:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में नामांकन के पूर्व मेगारोड शो के दौरान सरकार और संगठन को अहमियत दी। यह देख भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित दिखे। प्रधानमंत्री ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को अपने साथ रख आम लोगों के साथ पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी बड़ा संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने रोड शो में बिना एक शब्द बोले काशी के नागरिकों के साथ भाजपा के कार्यकर्ताओं से सीधे जुड़ाव दिखाया। बीएचयू के सिंह द्वार से सोनारपुरा तक रोड शो में प्रधानमंत्री के साथ रथ पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहे। तो सोनारपुरा में प्रधानमंत्री ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को भी रथ पर जगह दी। रोड शो में काशी-तमिल संगमम समिति, काशी-तेलुगु समिति और कर्नाटक संघ के भाजपा से जुड़े कार्यकर्ताओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से प्रधानमंत्री का दिल जीत लिया। रोड शो में जुटी भीड़ ने लोकसभा चुनाव में क्या परिणाम आएगा, इसका भी साफ संकेत दे दिया।

## गलती से राजद-कांग्रेस को बटन दबा दिया तो वोट बेकार: मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**हाजीपुर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार कहा कि रामविलास पासवान सामाजिक न्याय के सच्चे साधक थे और हाजीपुर के प्रति उनका लगाव और समर्पण हमेशा याद रहेगा। हाजीपुर के लिए उनके सपनों को पूरा करने के लिए हम सब संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि विकसित बिहार एवं भारत बनाने के लिए आपको 20 मई को ज्यादा से ज्यादा मतदान कर रामविलास के पुराने रिकॉर्ड को तोड़कर चिराग पासवान को आप जिताएं।

**'मैं चिराग के लिए नहीं आया...'**

उन्होंने कहा कि रामविलास से ज्यादा वोट से जब चिराग पासवान को आप जिताएंगे तो यही रामविलास की आत्मा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मोदी ने कहा कि मैं चिराग के लिए इसलिए नहीं आया कि जिताना है बल्कि यह तो हाजीपुर की जनता के आशीर्वाद से जीतने वाला ही है। मैं यहां आया हूं रामविलास का कर्ज चुकाने।

**'मैं पब्लिक के बीच आमतौर पर बोलता नहीं हूं, जब चिराग...'**

पीएम मोदी ने ये भी कहा कि चिराग के प्रति मेरा प्यार इसलिए है मैं पब्लिक के बीच आमतौर पर बोलता नहीं हूं, चिराग जब पहली बार पार्लियामेंट गए तो मैं इतना ही जानता था रामविलास जी के बेटे हैं। चिराग पासवान ने पार्लियामेंट में काफी सीखने और समझने का प्रयास शुरू से किया है। चिराग इस बिहार के सच्चे प्रतिनिधि हैं, इसलिए आप जब चिराग को वोट देंगे वह सीधा-सीधा मोदी के खाते में जाएगा।

### आपका वोट मोदी की मजबूत सरकार बनाएगा

सभी मतदाता ज्यादा से ज्यादा वोटिंग करें। चुनाव एक महापर्व होता है। आपका एक-एक वोट लोकतंत्र का गहना बन जाता है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि 04 जून बहुत दूर नहीं है। उन्होंने कहा कि एनडीए को दिया हुआ आपका वोट केंद्र में मोदी की मजबूत सरकार बनाएगा। राजद-कांग्रेस का अगर किसी ने गलती से बटन दबा दिया तो उसका वोट बेकार जाना तय है। बिहार के लोग समझदार हैं वह बेकार जाने वाली चीज कभी नहीं करते हैं। मजबूत सरकार बनाने के लिए अपना वोट दीजिए।

## 56 इंच के सीने में बहस स्वीकार करने का साहस नहीं: जयराम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राहुल गांधी के साथ बहस का निमंत्रण स्वीकार करने की अभी तक हिम्मत नहीं जुटा सके हैं। 56 इंच का सीना सार्वजनिक बहस का निमंत्रण स्वीकार करने का साहस नहीं जुटा पाया है। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) मदन बी लोकुर, न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अजीत पी शाह और एन राम ने पिछले सप्ताह कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर लोकसभा चुनाव के प्रमुख मुद्दों पर बहस के लिए एक मंच पर आमंत्रित किया था। राहुल गांधी ने शनिवार को पीएम मोदी के साथ बहस का निमंत्रण स्वीकार कर लिया और यह भी कहा कि देश को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री इसमें भाग लेंगे। 'पीएम के साक्षात्कार सुनियोजित': जयराम ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री से बहस का निमंत्रण स्वीकार करते हुए राहुल गांधी द्वारा पत्र लिखे एक दिन बीत चुका है। तथाकथित 56 इंच के सीने ने अभी तक निमंत्रण स्वीकार करने की हिम्मत नहीं जुटाई।

## वीर सावरकर का कांग्रेस ने अपमान किया: शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** लोकसभा चुनाव जारी हैं। चौथे चरण के लिए मतदान हो रहे हैं। तीन चरणों के मतदान अभी भी बाकी है। दिल्ली में सत्ता काबिज करने के लिए सभी दल एक दूसरे पर जमकर आरोप लगा रहे हैं। एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। आरोप-प्रत्यारोप के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह महाराष्ट्र पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने न सिर्फ मुद्दे का समाधान किया बल्कि राम मंदिर के निर्माण में भी मदद की। राहुल गांधी को भी मंदिर के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया था, लेकिन राहुल गांधी नहीं गए, क्योंकि उन्हें अपना वोट बैंक खोने का डर था। भाजपा को ऐसा कोई डर नहीं है।

**वीर सावरकर का कांग्रेस ने अपमान किया:** महाराष्ट्र के धुले में एक रैली को संबोधित करते हुए, शाह ने दावा किया कि कांग्रेस ने सिर्फ तुष्टिकरण के लिए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 भी नहीं हटाया था। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का भी विरोध किया। उन्होंने कांग्रेस के रुख पर उद्धव ठाकरे की राय जानने की कोशिश की।

**विपक्ष को घेरा**

▶▶ राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का भी विरोध किया

## भाजपा नेताओं की हेट स्पीच के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर लोकसभा चुनाव के दौरान राजनेताओं खासकर भाजपा नेताओं की ओर से हेट स्पीच के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता के वकील संजय हेगड़े ने सोमवार को जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की, जिसके बाद जस्टिस खन्ना ने कहा कि आप मेल करिए हम देखते हैं। याचिका पूर्व आईएएस अधिकारी ईएएस सरमा और आईआईएम के पूर्व डीन त्रिलोचन शास्त्री ने दायर की है। भाजपा नेताओं की ओर से हेट स्पीच के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## सीबीएसई 10वीं कक्षा का परिणाम घोषित

**सफलता**

▶▶ सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 93.60 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सोमवार को 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में 93.60 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। सीबीएसई की ओर से जारी बयान के मुताबिक दसवीं कक्षा में छात्राओं का रिजल्ट छात्रों से बेहतर रहा है। परीक्षा में 93.60 फीसदी छात्र और 94.75 फीसदी छात्राएं उत्तीर्ण हुई है। छात्रों की तुलना में 2.04 फीसदी अधिक छात्राएं उत्तीर्ण हुई हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इन सभी छात्रों का रिजल्ट सीबीएसई बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिया है। सीबीएसई 10वीं कक्षा का परिणाम साल 2023 के मुकाबले 0.48 फीसदी बेहतर रहा है। पिछले साल 10वीं बोर्ड का पास प्रतिशत 93.12 फीसदी रहा था, जो इस साल बढ़कर 93.60 फीसदी रहा है। इस साल सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षाओं में 39 लाख छात्रों ने भाग लिया है।

## सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई मारपीट



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने पुलिस से शिकायत की है कि दिल्ली मुख्यमंत्री आवास में उनके साथ मारपीट की गई है। पुलिस ने मामले की पुष्टि की है। उत्तरी दिल्ली पुलिस उपायुक्त मनोज कुमार मीणा ने बताया कि सुबह 9:34 बजे सिविल लाइंस पुलिस थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें एक महिला ने कहा कि उसके साथ मुख्यमंत्री आवास में मारपीट की गई है। कुछ देर बाद सांसद मैडम (स्वाति मालीवाल) थाना सिविल लाइंस आईं, लेकिन बाद में शिकायत दर्ज की बात कहकर चली गईं। दिल्ली पुलिस ने रोजनामचा में स्वाति मालीवाल की शिकायत दर्ज की है, मैं अभी सीएम के घर पर हूं। उन्होंने अपने पीए वैभव कुमार से मुझे बुरी तरह पिटवाया है।

## पीओके भारत का हिस्सा है और रहेगा: जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक महोत्सव की शुरूआत हो गई है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए मतदान हो गया इस बीच, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत और यूके के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता पर बात की। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का रुख स्पष्ट है। एक दिन हम पीओके के अवैध कब्जे को खत्म करके और इसे वापस भारत में मिला देंगे। विदेश मंत्री ने मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हम अपनी मुद्रा यानी भारतीय रुपये में व्यापार करने पर जोर दे रहे हैं।'



**अगले कार्यकाल में अगर सब कुछ ठीक रहा तो...**भाजपा नेता जयशंकर ने कहा, 'भारत और ब्रिटेन वर्तमान में एक मुक्त व्यापार समझौते पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और उम्मीद है कि दोनों पक्ष ऐसी सहमति पर पहुंचेंगे जो दोनों के लिए काम करेगी। हमें विश्वास है कि हम इसे आगे ले जाने की कोशिश करेंगे। हम निश्चित रूप से इसे आगे ले जाने के बारे में बहुत गंभीर हैं। मेरी उम्मीद है कि अगले कार्यकाल में अगर सब कुछ ठीक रहा तो यह हमारी व्यापार प्राथमिकताओं में से एक होगा।'

**पीओके पर बोले विदेश मंत्री:** मोदी सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए जयशंकर ने कहा, 'मोदी सरकार का रुख स्पष्ट है। वहीं संसद का प्रस्ताव भी है कि पीओके भारत का हिस्सा है, यह हमेशा भारत का हिस्सा था और यह भारत का हिस्सा रहेगा। हमारा लक्ष्य है कि एक दिन हम पीओके को कब्जे से मुक्त करा लेंगे और इसे वापस भारत में मिला देंगे।'

**स्पष्ट**

▶▶ मोदी सरकार का रुख स्पष्ट है। एक दिन हम पीओके के अवैध कब्जे को खत्म करके और इसे भारत में मिला देंगे

## कनाडा से कुछ नहीं मिला, जिसकी जांच हो: जयशंकर



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में कनाडा की तरफ से की गई चौथी गिरफ्तारी पर केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत को इस मामले में कनाडा की तरफ से अभी तक कुछ ऐसा नहीं मिला, जिसपर एजेंसी जांच कर सके। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि अगर कनाडा के पास इस मामले को लेकर किसी भी हिंसा से संबंधित जानकारी है तो भारत इसकी जांच के लिए तैयार है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा, "हमें कनाडा की तरफ से कभी भी ऐसा कुछ नहीं मिला, जो हमारी एजेंसियों द्वारा जांचने के योग्य हो। पिछले कुछ दिनों में इस मामले में हुए बदलाव को लेकर मेरे पास जानकारी नहीं है।"

**झटका** सोरेन ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत का हवाला देते हुए लोकसभा चुनाव में खुद के लिए भी जमानत मांगी थी

# सुप्रीम कोर्ट से हेमंत सोरेन को राहत नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन शोधन घोटाले के मामले में ईडी की गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। दरअसल, सोरेन ने हाल ही में कोर्ट में याचिका दायर कर केजरीवाल की अंतरिम जमानत का हवाला देते हुए लोकसभा चुनाव में खुद के लिए भी जमानत मांगी थी। हालांकि, कोर्ट ने इस मामले में ईडी को जवाब दायर करने के लिए और समय दिया। बता दें, सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से 17 मई तक जवाब मांगा है।



**अरविंद केजरीवाल जैसा मामला:** न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने शुरू में मामले की सुनवाई 20 मई को सूचीबद्ध की थी लेकिन वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि तब तक चुनाव खत्म हो जाएगा और अगर मामले में लंबी तारीख दी गई तो वह (सोरेन) पक्षपात का शिकार होंगे, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई 17 मई के लिए निर्धारित कर दी। सिब्बल ने सोरेन का पक्ष रखते हुए पीठ को बताया, 'उनका मामला भी अरविंद केजरीवाल के आदेश के हूबहू है और उन्हें भी प्रचार अभियान के लिए जमानत की जरूरत है।' पीठ ने कहा कि इस सप्ताह बहुत ज्यादा काम है और बहुत से मामले सूचीबद्ध हैं। शीर्ष अदालत ने तारीख 20 मई से बदलने पर अनिच्छा जताई लेकिन सोरेन की ओर से पेश हुए सिब्बल और वरिष्ठ अधिवक्ता अरुणाभ चौधरी के अनुरोध पर सुनवाई की तारीख को बदलकर 17 मई कर दिया गया। पीठ ने कहा, 'हमें नहीं पता कि मामले पर सुनवाई हो पायेगी या नहीं लेकिन फिर भी हम इसे 17 मई के लिए सूचीबद्ध कर रहे हैं।'

**जवाब तलब**

▶▶ सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देनी वाली याचिका पर ईडी से 17 मई तक जवाब मांगा है

## मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने तीन नक्सलियों को किया ढेर

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** महाराष्ट्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में तीन नक्सलियों को ढेर कर दिया। घटना महाराष्ट्र के गढ़चिरौली की है। पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि नक्सलियों के पेरीमिली दलम के कुछ सदस्य विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भामरागढ़ तालुका के कटरांगट्टा गांव के पास जंगल में डेरा डाले हुए हैं।

**अंधाधुंध गोलीबारी का कमांडो ने दिया मुंहतोड़ जवाब:** जानकारी मिलने के बाद, गढ़चिरौली पुलिस की एक विशेष लड़ाकू शाखा सी-60 कमांडो की दो इकाइयों को तुरंत इलाके की तलाशी के लिए भेजा गया। टीमें तलाशी अभियान चला रही थीं, तभी नक्सलियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। सी-60 कमांडो ने उनका कड़ा जवाब दिया। बाद में वहां से एक पुरुष और दो महिला नक्सलियों के शव बरामद किए गए।



**शव बरामद**

▶▶ सी-60 कमांडो ने उनका कड़ा जवाब दिया। एक पुरुष और दो महिला नक्सलियों के शव बरामद किए गए

# सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम के अधिकारियों को लगाई फटकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में कचरे का कानून के तहत उचित तरीके से निपटान नहीं किया जा रहा है। कचरे का उचित निपटारा नहीं होने पर सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम के अधिकारियों को फटकार लगाई। साथ ही स्थिती पर खेद जताया। इससे पहले शीर्ष अदालत ने पाया था कि राजधानी में रोज निकलने वाले 11,000 टन ठोस कचरे में से 3,000 टन का कानून के तहत उचित तरीके से निपटान नहीं किया जाता है।



**कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए:** जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) समेत कई प्राधिकारों की ओर से पेश वकीलों से पूछा कि इसका समाधान क्या है। पीठ ने कहा कि कचरे का उचित निपटारा मामला दिल्ली के लिए काफी महत्वपूर्ण है और इसमें कोई राजनीति शामिल नहीं होनी चाहिए।

**22 अप्रैल को सामने आई थी चौंकाने वाली बात :** पीठ ने कहा कि मामले में सुनवाई समाप्त हो चुकी है। लेकिन फिर से सुनवाई होगी। इस मामले पर 22 अप्रैल को शीर्ष अदालत ने कहा था कि यह चौंकाने वाली बात है कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियम, 2016 को अस्तित्व में आए आठ साल बीत जाने के बाद भी दिल्ली में इसका पूरी तरह से पालन नहीं हो रहा है। कोर्ट ने कहा था कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की रिपोर्ट से साफ है कि दिल्ली से रोजाना औसतन 11,000 टन ठोस कचरा निकलता है, जिसमें से हर दिन सिर्फ 8,000 टन का ही निपटारा हो पाता है। कोर्ट ने कहा था कि इससे साफ है कि राजधानी में हर रोज 3,000 टन ठोस कचरे का कानून के तहत निपटान नहीं किया जाता है।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली छावनी बोर्ड को नोटिस जारी किया था।

# पीएम मोदी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग

**खारिज**

**प्रत्याशियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के निर्देश देने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन में पीएम मोदी और लोकसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के निर्देश देने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। इन पर नफरत भरे भाषण देने का आरोप लगाया है। याचिका में 21 अप्रैल को राजस्थान के बांसवाड़ा में दिए गए पीएम मोदी के भाषण का हवाला दिया गया। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने याचिका खारिज करते हुए कहा, मैं भारत के चुनाव आयोग को सूक्ष्म प्रबंधन नहीं कर सकता कि वे स्थिति से कैसे निपटते हैं। ईसीआई (भारतीय निर्वाचन आयोग) एक संवैधानिक निकाय है और यह नहीं माना जा सकता है कि वह कुछ नहीं करेगा। इस अदालत को कोई जवाब नहीं मिला है। याचिका में योग्यता है, तदनुसार याचिका खारिज की जाती है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील निजाम पाशा ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने कई अन्य नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की है, लेकिन पीएम मोदी के खिलाफ दायर किसी भी शिकायत पर कोई संज्ञान नहीं लिया। आयोग की ओर से पेश वकील सुरुचि सूरी ने कहा कि भाजपा ने हाल ही में एक संचार के माध्यम से अपने नोटिस का जवाब देने के लिए समय बढ़ाने की मांग की है।



राज वाटिका, करोल बाग में जन संपर्क के दौरान भाजपा नई दिल्ली लोकसभा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज महिला सम्मेलन दिल्ली प्रदेश में नारी शक्तियों के साथ संवाद किया।

# सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के पिता की सड़क हादसे में मौत

**दुखद**

**जिस शख्स की इसमें मौत हुई है, वह सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बॉडी बिल्डर के पिता थे**





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस के एक सिपाही ने सोमवार तड़के भीकाजी कामा प्लेस मेट्रो स्टेशन के पास एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। जिसमें उस शख्स की मौके पर ही मौत हो गई। इस मामले में सरोजिनी नगर थाना पुलिस ने सिपाही को गिरफ्तार कर लिया है। अब जानकारी सामने आई है कि जिस शख्स की इसमें मौत हुई है, वह सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बॉडी बिल्डर शिवानी गुप्ता के पिता थे। पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि तड़के करीब साढ़े तीन बजे सूचना मिली थी कि भीकाजी कामा प्लेस में एक वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत हो गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। वहां दिल्ली पुलिस का क्षतिग्रस्त वाहन खड़ा था और एक व्यक्ति का शव सड़क पर पड़ा था। मृतक की पहचान पूर्वी दिल्ली के त्रिलोकपुरी निवासी 58 वर्षीय बैजनाथ उर्फ राजेश गुप्ता के रूप में हुई। वह बॉडी बिल्डर शिवानी गुप्ता के पिता थे।

**सिपाही को निलंबित कर दिया गया:** पुलिस ने बताया कि आरोपी सिपाही ने शराब के नशे में थाना प्रभारी की गाड़ी मेट्रो के ग्रिल से ठोक दी थी। इसके बाद गाड़ी बिजली के खंभे से टकराई। खंबे पर लगे ग्रेनाइट के पत्थर टुकड़े-टुकड़े हो गए हैं। उसकी मेडिकल रिपोर्ट में सामने आने के बाद उसे निलंबित कर दिया गया है।

**पुलिस का सरकारी वाहन जब्त:** उन्होंने बताया कि राजेंद्र नगर थाने में तैनात सिपाही प्रदीप कुमार ने सरकारी वाहन से भीकाजी कामा प्लेस मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर दो के सामने से गुजर रहा था। इसी दौरान उनसे पैदल चल रहे राजेश गुप्ता को टक्कर मार दी। पुलिस ने आरोपित सिपाही के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# लड़कियों ने मारी बाजी, 10वीं में निष्ठी और 12वीं में रिद्धिमा

**गाजियाबाद:** सीबीएसई 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित हो गया। परिणाम देख छात्र-छात्राओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। आईसीएसई की तरह सीबीएसई में भी छात्राओं का दबदबा रहा। टॉप-3 में एक भी छात्र अपना स्थान नहीं बना सका। 10वीं में इंदिरापुरम के सनवैली इंटरनेशनल स्कूल की निष्ठी ने 99.6 और 12वीं में केडीबी स्कूल की रिद्धिमा और इंदिरापुरम के सेंट टेरेसा की छात्रा नितिमा मोगा ने भी 99.6 फीसदी अंक हासिल कर जिला टॉप किया। 10वीं में दूसरा स्थान गुरुकुल द स्कूल की छात्रा अनन्या तिवारी ने हासिल किया। उन्होंने 99.2 फीसदी, डीपीएसजी मेरठ रोड की जान्हवी गोयल, इसी स्कूल के स्मयन अग्रवाल, डीपीएसजी वसुंधरा की छात्रा अनन्या अग्रवाल ने 99 फीसदी अंक हासिल कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। 12 वीं में गुरूकुल द स्कूल की छात्रा अनुष्का उपाध्याय ने 99.4 अंकों के साथ दूसरा, इंदिरापुरम के सेंट टेरेसा स्कूल की छात्रा प्रांजलि खन्ना ने 99.2 फीसदी अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन के अलावा उनके अभिभावकों ने भी बधाई दी।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-02-T-2024-25-E3 दिल्ली मंडल में रनिंग रूम और स्टेशनों के लिए आपातकालीन बिजली आपूर्ति में सुधार के साथ विभिन्न विद्युत संपतियों, बिजली आपूर्ति नेटवर्क के उन्नयन के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु.204.81 लाख |
| कार्यालय का पता | वरि. मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु. 252400.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 10.06.2024, 12.00 बजे |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 10.06.2024, 12.00 बजे |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली |

1442/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता/निर्माण–I, उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य लिए **एक पैकेट सिस्टम** के अधीन खुली ई टेंडर आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थल | मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली के कार्यालय परिसर, अधिकारी विश्राम गृह, ऑडिट कार्यालय और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण की अन्य बिल्डिंग और उप मुख्य अभियंता/निर्माण–I, कार्यालय और अधिकारी विश्राम गृह, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली में अच्छी प्रकार से विकसित सजावटी पौधों सहित गमलों की आपूर्ति आंतरिक और बाहरी एवं रख रखाव 18 (अठारह) माह के लिए। |
| 2. | कार्यावधि | 18 (अठारह) माह |
| 3. | कार्य की अनुमानित लागत | रुपये 218.91 लाख (रुपये दो करोड़ अठारह लाख इक्यानबे हजार मात्र) |
| 4. | धरोहर राशि, जो जमा करानी है | रूपये 2,59,500/- (रुपये दो लाख उनसठ हज़ार पॉच सौ मात्र) |
| 5. | ई–टेंडर जमा करने व खुलने की तारीख व समय | निविदाएँ IREPS की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक **06.06.2024** को 11.30 बजे तक अपलोड की जा सकती है। निविदा दाता केवल ई. टेंडर में भाग ले सकते हैं। निविदाएँ दिनांक **06.06.2024** को 11.30 बजे खोली जाएंगी। |
| 6. | विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र | निविदा प्रपत्र IREPS की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक **14.05.2024 से 06.06.2024** तक उपलब्ध होगी। उपरोक्त निविदा के संबंध में अन्य सभी नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र मे दिये गए हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट पर भी देखी जा सकती है। |

संख्या: 220-Acs-1-1249-Horti-KG दिनांक: 13.05.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1436/24


## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसकी **उम्र** : 40 साल, **कद** : 5'8", **चेहरा:** गोल, **रंग** : सांवला, **शरीर:** दरमियाना, जिसने क्रीम रंग की चैकदार कमीज पहने हुए था, दिनांक 25.04.2024 को बेहोशी ही हालत में पाया गया, उसे एमएलसी नं. 2496/24 के तहत सत्यवादी राजा हरीशचन्द्र अस्पताल में भर्ती कराया गया, उसके बाद उसे एलएनजेपी अस्पताल, दिल्ली में रैफर किया गया, जहां ईलाज के दौरान दिनांक 03.05.2024 को डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संदर्भ में डीडी सं. 42–ए दिनांक 03.05.2024 थाना नरेला, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

**थानाध्यक्ष : थाना नरेला, दिल्ली**

**फोन नं.: 011-27787592, 27282350**

DP/5610/ON/24


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा आमंत्रित सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति:- | 30-ELECT-11-T-R1-24-25-E3 दिल्ली मंडल में लिफ्ट, एस्केलेटर, प्लेटफार्म लाइटिंग (30/70%) स्ट्रीट लाइट, सबस्टेशन आदि जैसी विद्युत सामान्य संपतियों की निगरानी और नियंत्रण के लिए आईओटी उपकरणों के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत :- | रु. 599.57 लाख |
| कार्यालय का पता :- | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि :- | रु. 449800.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय :- | 05.06.2024, 12.00 Hrs. |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय:- | 05.06.2024, 12.00 Hrs. |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड:- | www.ireps.gov.in / वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

1444/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-ELECT-20-T-2024-25-E3 बविद्युत कार्य के संबंध में (i) बड़ौदा हाउस में एनेक्सी–I भवन की मंजिलों के क्षतिग्रस्त महिला और पुरुष शौचालयों का नवीनीकरण। (ii) बड़ौदा हाउस में एनेक्सी–II भवन में खाता भवन का नवीनीकरण। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रू0 43.95 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रू0 87900.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 07.06.2024, 12.00 Hrs. |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 07.06.2024, 12.00 Hrs. |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in/ वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

1441/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अर्न्तगत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं:–

| क्र. स. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09243004 | सिंथेटिक इनेमल, इंटीरियर, फिनिशिंग, वाइट | 68081 लीटर | 04-06-24 |
| 02 | 09243015 | इनेमल सिंथेटिक, एक्सटेरियर, फिनिशिंग, गोल्डन येल्लो | 29350 लीटर | 06-06-24 |
| 03 | 09232330A | टॉप साइड बेयरर लाइनर | 10976 नग | 10-06-24 |
| 04 | 09242116 | नककल पिवट पिन | 32664 नग | 17-06-24 |
| 05 | 09242134 | शांक वियर प्लेट | 31286 नग | 15-07-24 |

निविदा शर्तें: 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं. 13/2024–2025 दिनांक 13/05/2024 1435/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**Format C-2**

**Declaration about criminal antecedents of candidiates set up by the party**

As per the judgement dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation and Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of the Political Party: **AAM AADMI PARTY** Name of the Election: **GENERAL ELECTION 2024 TO LOK SABHA** Name of State/UT: **HARYANA**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | | 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of Candidate | Name of Constituency | Pending Criminal Cases | | | Details about cases of conviction for Criminal Offences | |
| | | | Name of Court | Case No. & Status of the Case(s) | Section of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Punishment Imposed |
| 1. | **Shri Sushil Kumar Gupta** | **02-Kurukshetra** | **(i) Addl. Chief Metropolitan Magistrate (Ms. Tanya Bamniyal)** | **1) CT Case/16/2019** | **(i) Defamation (U/s 499,500,504 & 34 of IPC)** | **NIL** | **NIL** |


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा–ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# जेल में मेरे ऊपर 2-2 सीसीटीवी लगे थे: सीएम

## मुझे मेरी धर्मपत्नी से मिलने से रोक दिया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से मुझे ऐसे मिलवाया, जैसे हम अपराधी हों: अरविंद केजरीवाल

**बेइज्जत किया**

**मुझे जेल के अंदर अपमानित करके, बेइज्जत करके और मेरी दवा रोककर तोड़ने का प्रयास किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपने सभी निगम पार्षदों के साथ बैठक की और इसके उन्होंने उन्हें संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन्होंने मुझे जेल के अंदर अपमानित करके, बेइज्जत करके और मेरी दवा रोककर तोड़ने का प्रयास किया। इन्होंने मेरी इंसुलिन रोक दी, लेकिन जब आपने आवाज उठाई, तब जाकर इन्होंने मुझे इंसुलिन दी। उन्होंने कहा कि इन्होंने मुझे मेरी धर्मपत्नी से मिलने से रोक दिया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से मुझे ऐसे मिलवाया, जैसे हम अपराधी हों। उन्होंने कहा कि मेरे सेल में दो-दो सीसीटीवी लगाकर रखे थे, जिसे 13 अफसर लगातार देखते थे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी भी मुझे देख रहे थे।

**अब तो 250 सीटें मिलने पर उठ रहे सवाल: केजरीवाल**
उन्होंने कहा कि गीता में भगवान कृष्ण ने कहा है कि धरती पर जब-जब पाप बढ़ेगा तब-तब मैं प्रकट होऊंगा। भगवान एक तो श्रीराम और श्रीकृष्ण के रूप में प्रकट होते हैं और दूसरा कर्मों के हिसाब से प्रकट होते हैं। आज से तीन महीने पहले तक बीजेपी की 400 सीट को लेकर बात होती थी, लेकिन आज हालात बदल चुके हैं और अब इनके 250 पार जाने पर सवाल उठ रहे हैं।

**20 दिन बीजेपी को हराने के लिए: केजरीवाल**
उन्होंने कहा कि मुझे जब गिरफ्तार किया गया था, तब मैं मानसिक तौर पर तैयार था कि अब मुझे 6 महीने जेल में रहना पड़ेगा। लेकिन ऊपर वाले ने अपनी कृपा दिखाई और आज मैं आप सबके बीच में हूं। अभी एक रोड शो में एक महिला भीड़ में से बोली कि आपको भगवान ने भेजा है, 20 दिन में बीजेपी को हराने के लिए। उन्होंने कहा कि बीजेपी वालों ने मुझे यह सोचकर जेल भेजा था कि इससे आम आदमी पार्टी के विधायकों, पार्षदों और कार्यकर्ताओं को तोड़ देंगे। दिल्ली और एमसीडी में सरकार गिरा देंगे। इसकी मंशा नाकाम हो गई और इससे हमारी पार्टी और भी संगठित और मजबूत हो गई। आप केवल एक पार्टी ही नहीं बल्कि एक परिवार और विचार है, जिसे तोड़ना असम्भव है।

## राठी वीडियो मामले में केजरीवाल को राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ध्रुव राठी का एक वीडियो रीट्वीट करने के मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शिकायतकर्ता के साथ विवाद सुलझाने के लिए समय दिया है। सोमवार को इस मामले में हुई सुनवाई को लेकर न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि पहले से दी गई अंतरिम रोक अगले आदेश तक जारी रहेगी।

**11 मार्च के बाद शिकायतकर्ता से कोई संपर्क नहीं:** केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा कि 11 मार्च को आखिरी सुनवाई के बाद दोनों पक्ष समझौते पर चर्चा के लिए एक-दूसरे से संपर्क नहीं कर सके। दरअसल, केजरीवाल ने मई 2018 में आपराधिक मानहानि मामले में उन्हें जारी किए गए समन को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी है। शिकायतकर्ता के वकील विकास सांकृत्यायन ने कहा कि पिछली सुनवाई के बाद किसी ने उनसे संपर्क नहीं किया। पीठ ने वकील से कहा कि अब केजरीवाल का पक्ष शिकायतकर्ता से संपर्क करेगा और मामले की अगली सुनवाई 12 अगस्त से शुरू होने वाले सप्ताह में तय कर दी गई है।

## केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की मांग वाली याचिका खारिज



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश में कोई भी हस्तक्षेप करने से भी इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता दिल्ली हाई कोर्ट में पक्षकार भी नहीं था। इस मामले पर दिल्ली के उप-राज्यपाल को फैसला करना है। याचिका कांत भाटी ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि संविधान की धारा 239एए(4) के प्रावधानों के मुताबिक उप-राज्यपाल को सलाह देने वाले मंत्रिपरिषद का मुखिया मुख्यमंत्री ही होता है। अरविंद केजरीवाल के जेल में रहने के बाद उप-राज्यपाल को सलाह देना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। ऐसे में अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने का आदेश जारी किया जाए। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है। इससे पहले10 अप्रैल को दिल्ली हाई कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक संदीप कुमार की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया था। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिका पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए दिल्ली के पूर्व विधायक संदीप कुमार पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश दिया था।

## एसएचओ की गाड़ी ने बुजुर्ग को कुचला, मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी में सोमवार को एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहां दिल्ली पुलिस के एसएचओ की गाड़ी मेट्रो स्टेशन के ग्रिल में जा टकराई, जिस दौरान चपेट में आने से 58 वर्षीय बैजनाथ की मौत हो गई। घटना तड़के करीब तीन बजे की है। इस बारे में दिल्ली पुलिस को कॉल मिली थी कि भीकाजी कामा मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 2 पर एक एक्सीडेंट हुआ है, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सफदरजंग अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, घटना के समय गाड़ी कॉन्स्टेबल प्रदीप चला रहा था, जो राजेंद्र नगर पुलिस स्टेशन में कार्यरत है। घटना किन हालात में घटी और क्या कॉन्स्टेबल नशे में था, इस बात की पुष्टि नहीं हुई है। साथ ही यह भी सामने आया है कि घटना के समय गाड़ी में एसएचओ मौजूद नहीं थे। उधर, घटना पर बैजनाथ की बेटी शिवानी गुप्ता ने सवालिया निशान खड़े किए हैं। उसने आरोप लगाया है कि घटना के कई घंटे बाद भी दिल्ली पुलिस ने उन्हें सही जानकारी नहीं दी।

## स्वाति के साथ हुई मारपीट की घटना की भाजपा ने की निंदा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और राज्य सभा सदस्य स्वाति मालिवाल के साथ हुई मारपीट की घटना की भारतीय जनता पार्टी ने निंदा की है। सोमवार को प्रेसवार्ता में नई दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार बांसुरी स्वराज ने कहा कि आज एक शर्मनाक जानकारी मिली कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उकसावे में आकर उनके ओएसडी ने उनकी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार किया है। उन्होंने दिल्ली पुलिस को भी फोन किया और शिकायत की। यह



घटना दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में हुई। भाजपा इस घटना की कड़ी निंदा करती है। बांसुरी स्वराज ने कहा कि हम अरविंद केजरीवाल से जवाब चाहते हैं कि यह उनकी

**जांच की मांग**

**एक कार्यकर्ता जो डीसीडब्ल्यू प्रमुख भी थी, अगर वह आपके रहते सुरक्षित नहीं है तो आप कैसे सुरक्षित रहेंगे**

जिम्मेदारी है कि पार्टी की एक कार्यकर्ता जो डीसीडब्ल्यू प्रमुख भी थी, अगर वह आपके रहते सुरक्षित नहीं है तो आप कैसे सुरक्षित रहेंगे। दिल्ली की महिलाओं की रक्षा करनी चाहिए। उधर, इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह बहुत स्पष्ट है कि 'नारी शक्ति' आम आदमी पार्टी में सुरक्षित नहीं है। यदि दिल्ली महिला आयोग की पूर्व प्रमुख और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल मुख्यमंत्री आवास में सुरक्षित नहीं हैं, तो सवाल यह है कि उनके रहते हुए परिवार या पार्टी, पीए या किसी और द्वारा कैसे पीटा गया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में परिवार के कुछ और लोग राजनीति में शामिल होते दिख रहे हैं, तो क्या 2 जून को अरविंद केजरीवाल के वापस जेल जाने पर यह तनाव बढ़ता रहेगा। यह साफ है कि आम आदमी पार्टी में सब कुछ ठीक नहीं है।

## शराब घोटाला : ईडी की छठी पूरक चार्जशीट पर 14 मई को सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली शराब घोटाला मामले में ईडी की ओर से दाखिल छठी पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर राऊज एवेन्यू कोर्ट 14 मई को सुनवाई करेगा। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने ये आदेश दिया। ईडी ने 10 मई को छठी पूरक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें बीआरएस नेता के. कविता, चनप्रीत सिंह, दामोदर शर्मा, प्रिंस कुमार और अरविंद सिंह को आरोपित बनाया गया है। ईडी ने के. कविता के खिलाफ मनी लांड्रिंग कानून की धारा 45 और 44(1) के तहत आरोपित बनाया है। ईडी ने अब तक कुल सात चार्जशीट दाखिल की हैं। इस मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार होने वाले लोगों में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, बीआरएस नेता के. कविता हैं। ईडी के मुताबिक इस मामले में साउथ ग्रुप ने सौ करोड़ रुपये की रिश्वत दी, जिसमें से 45 करोड़ रुपये आम आदमी पार्टी ने 2022 के गोवा विधानसभा चुनावों के लिए इस्तेमाल किये थे।

## दिल्ली हिंसा : दिल्ली पुलिस की लिखित दलीलें दाखिल

**फैसला**

**जज समीर बाजपेई ने दिल्ली हिंसा मामले के आरोपित उमर खालिद की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट के एडिशनल सेशंस जज समीर बाजपेई ने दिल्ली हिंसा मामले के आरोपित उमर खालिद की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने 28 मई को फैसला सुनाने का आदेश दिया। आज दिल्ली पुलिस की ओर से लिखित दलीलें दाखिल की गईं। इसके पहले 10 मई को उमर खालिद की ओर से वकील त्रिदीप पेस ने 45 पेजों की लिखित दलीलें दाखिल की थीं। सुनवाई के दौरान उमर खालिद की ओर से त्रिदिप पेस ने कहा था कि दिल्ली पुलिस चार्जशीट में उमर खालिद के नाम का प्रयोग इस तरह से कर रही है, जैसे कोई मंत्र हो। पेस ने कहा था कि चार्जशीट में बार-बार नाम लेने और झूठ बोलने से कोई तथ्य सच साबित नहीं हो जाएगा। उन्होंने कहा था कि उमर खालिद के खिलाफ मीडिया ट्रायल भी चलाया गया। पेस ने कहा था कि जमानत पर फैसला लेते समय कोर्ट को हर गवाह और दस्तावेज का परीक्षण करना होगा। उन्होंने भीमा कोरेगांव मामले में वर्नोन गोंजाल्वेस और शोमा सेन के मामले का जिक्र करते हुए उमर खालिद की जमानत की मांग की। पेस ने 10 अप्रैल को सुनवाई के दौरान कहा था कि आरोपितों से मिलने का मतलब आतंकी गतिविधि नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर उमर खालिद के पिता इंटरव्यू देते हैं तो इसका मतलब ये नहीं कि उसे जमानत नहीं दी जा सकती है। सुनवाई के दौरान पेस ने कहा था कि इस बात का कोई साक्ष्य नहीं है कि आतंकी गतिविधि को अंजाम दिया गया। उमर खालिद के खिलाफ यूएपीए की धारा 15 नहीं लगाई जा सकती है। पेस ने अभियोजन पक्ष की इस दलील को खारिज कर दिया कि उमर खालिद ने गुप्त बैठकें की। उन्होंने कहा था कि अभियोजन पक्ष ये कह रहा है कि उमर खालिद, ताहिर हुसैन और खालिद सैफी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के दफ्तर में मिले। अभियोजन के इस कथन का आधार केवल गवाह का बयान और सीडीआर है। उन्होंने पूछा कि क्या जमानत नहीं देने के लिए सीडीआर पर भरोसा किया जा सकता है। सीडीआर के मुताबिक भी सभी आरोपित दिए गए समय और तिथि पर एक साथ नहीं थे। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर अमित प्रसाद ने कहा था कि उमर खालिद की जमानत याचिका दिल्ली हाई कोर्ट खारिज कर चुका है। उन्होंने कहा था कि हाई कोर्ट ने सेशंस कोर्ट के जमानत खारिज करने के फैसले पर पूरी सहमति जताई थी। उन्होंने कहा था कि जमानत पर विचार करते समय सभी तथ्यों पर विचार किया जाना चाहिए। अमित प्रसाद ने कहा था कि उमर खालिद की ओर से जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान ये नहीं कहा जा सकता है कि जांच में कई गड़बड़ियां हैं।

## दिल्लीवालों से की 'जेल का जवाब वोट से' देने की अपील

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी ने सोमवार को लक्ष्मी नगर और मोती नगर फुट ओवर ब्रिज पर जेल का जवाब वोट से कैंपेन के तहत ह्यूमन बैनर कार्यक्रम किया। इसके जरिए आप ने लोगों से ज्यादा से ज्यादा वोट करने की अपील की। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे ने भी हिस्सा लिया। ओवर ब्रिज पर खड़े कार्यकर्ताओं के हाथ में एक विशाल बैनर था, जिस पर जेल का जवाब वोट से देने की अपील की गई थी। साथ ही, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली की महिलाओं को एक हजार रुपये प्रतिमाह देने की घोषणा का भी जिक्र था। विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि दिल्ली की जनता वोट की ताकत से अपने बेटे केजरीवाल को वापस जेल जाने से रोक सकती है। दिल्ली और देश को तय करना है कि भाजपा की राजनीति का जवाब अपने वोट से देना है या नहीं। दिलीप पांडे ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को किसी भी तरह से चुनाव प्रचार से बाहर रखने के लिए, बेबुनियाद आरोप लगाकर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे कैद कर दिया गया। लेकिन देश की न्यापालिका ने सत्यमेव जयते को अक्षुण्य रखा। इसका नतीजा ये हुआ कि 21 दिन के लिए ही सही लेकिन अरविंद केजरीवाल ने जेल की सलाखों के बाहर आकर शानदार बिगुल फूंक दिया है।

## सिपाही ने सरकारी वाहन से व्यक्ति को मारी टक्कर, मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने एक सिपाही ने सरकारी वाहन से सोमवार तड़के भीकाजी कामा प्लेस मेट्रो स्टेशन के पास एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। हादसे में व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस मामले में सरोजिनी नगर थाना पुलिस ने सिपाही को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि तड़के करीब साढ़े तीन बजे सूचना मिली थी कि भीकाजी कामा प्लेस में एक वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत हो गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। वहां दिल्ली पुलिस का क्षतिग्रस्त वाहन खड़ा था और एक व्यक्ति का शव सड़क पर पड़ा था। मृतक की पहचान पूर्वी दिल्ली के त्रिलोकपुरी निवासी 58 वर्षीय बैजनाथ उर्फ राजेश गुप्ता के रूप में हुई है।




## 24 साल से डॉक्टर के घर कर रही थी नौकरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** जंगपुरा एक्सटेंशन में 10 मई को डॉक्टर योगेश चंद्र पाल की हत्या कर लूट करने की योजना उनके यहां 24 साल से नौकरी करने वाली बसंती ने तैयार की थी। उसने ही हरिद्वार व नेपाल के पांच बदमाशों के साथ घटना को अंजाम दिया था। घटना के समय तीन बदमाश डॉक्टर की हत्या व लूट करने में शामिल रहे। वारदात से पहले पांच दिन तक बदमाशों ने डॉक्टर की रेकी थी और उसके बाद वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने मास्टर माइंड महिला सहित तीन बदमाशों को हरिद्वार से गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया है। पुलिस अन्य बदमाशों का पता लगा रही हैं।

दक्षिण-पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि आरोपितों की पहचान आकाश जोशी, बसंती, हिमांशु जोशी के रूप में हुई। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि जंगपुरा एक्सटेंशन में डॉक्टर योगेश चंद्र पाल के यहां महिला बंसती 24 साल से नौकरी कर रही थी। उसको डॉक्टर के बारे में सब पता था



**क्या है पूरा मामला ?**
आरोपित महिला ने हरिद्वार में रहने वाले एक बदमाश विश्वरूप को सूचना दी कि डॉक्टर के पास काफी पैसा व ज्वैलरी है और वह सुबह से शाम तक अकेला रहता है। इसके बाद विश्वरूप ने हरिद्वार के बिल्ला घाट पर रहने वाले एक पंडित हिमांशु जोशी, उनके भाई आकाश जोशी को अपने साथ लिया। साथ ही नेपाल के रहने वाले भीम व वर्षा को दिल्ली बुलाया। यह सभी सराय काले खां स्थित एक होटल में पांच मई को पहुंच गए। वहां बसंती ने इन सभी को अपने साथ लेकर डॉक्टर के घर की लोकेशन दी। डॉक्टर के घर 10 मई को तीन बदमाश गए और

**खुलासा**

**हरिद्वार और नेपाल से बदमाश बुलाकर उतार दिया मौत के घाट, पांच दिन तक की थी रेकी**

उन्होंने डॉक्टर की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद डॉक्टर के शव को रसोई में बंद कर दिया। इसके बाद तीन बदमाश एक बैग में पैसे व ज्वैलरी लेकर फरार हो गए।

**सीसीटीवी फुटेज से हुई थी बदमाशों की पहचान:** पुलिस उपायुक्त ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान करने के बाद उन्हें हरिद्वार से गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों से 55 हजार रुपये, लाखों की ज्वैलरी बरामद की गई है।

नई दिल्ली, 14 मई 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

# विकास की गति तय करने का चुनाव: नायब सैनी

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रणजीत सिंह के समर्थन में नारनौंद में की विजय संकल्प रैली, कांग्रेस के 60 वर्षों के मुकाबले मोदी सरकार ने 10 वर्षों में किए ऐतिहासिक कार्य : नायब सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/हिसार:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ये देश का चुनाव है, ये हिंदुस्तान का भविष्य तय करने का चुनाव है, ये चुनाव देश का नेतृत्व चुनने का चुनाव है। कौन है, जिसके हाथों में हम देश की बागडोर दें, इसका निर्णय करने का चुनाव है। चुनाव देश की दशा व दिशा तय करने व विकास की गति तय करने का चुनाव है। जनता को देखना है कि कांग्रेस ने पिछले 60 वर्षों में क्या कुछ किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मात्र 10 वर्ष में इतने कार्य किए कि कांग्रेस के 60 वर्षों में किए गए कार्य भी छोटे पड़ गए। नायब सिंह सैनी सोमवार को नारनौंद अनाज मंडी में हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह के समर्थन में विजय सकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार व मौजूदा भाजपा सरकार के कामों में जमीन-आसमान का अंतर है। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर कार्य करते हुए देश की हर माता-बहन तक गैस का सिलेंडर पहुंचाया गया, हर घर नल व हर नल में स्वच्छ जल का प्रबंध किया गया। इसी तरह 50 करोड़ जन-धन के खाते खोलकर हर गरीब आदमी को बैंक में जाने का अधिकार प्रधानमंत्री मोदी ने दिया।

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबी के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ी है। हर गरीब व जरूरतमंद के लिए आयुष्मान योजना लागू की ताकि जरूरत पड़ने पर वह मुफ्त में अपना इलाज करवा सके। चार करोड़ माताओं व बहनों को मकान बनाकर दिए और प्रधानमंत्री का संकल्प है कि देश में एक भी जरूरतमंद बिना छत के नहीं रहेगा।

कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के युवराज ने अब चुटकियों में गरीबी हटाने का नारा दिया है, लेकिन उन्होंने अपने परिवार की तरफ नहीं देखा। उनकी दादी ने 1977 में गरीबी हटाने का नारा दिया था लेकिन जब तक वे प्रधानमंत्री रही, तब तक गरीबी नहीं हटी। उसके बाद राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने, उन्होंने कहा कि वे विकास के लिए एक रुपया भेजते हैं तो गांव तक 15 पैसे ही पहुंचते हैं। अब कांग्रेस के युवराज ने कौन सा अलादीन का चिराग ले रखा है कि वे चुटकियों में गरीबी हटा देंगे।

सीएम सैनी ने कहा कि जनता उस वक्त को भूली नहीं है, जब कश्मीर में कश्मीरी पंडितों पर अत्याचार हुए, उन्हें घर बार छोड़कर टैंटों में रहना पड़ा और पलायन भी करना पड़ा। केरल में कांग्रेस की सरकार है, लेकिन वहां हाल ही में सचिवालय के पास गउ माता को बेरहमी से मार दिया गया। उन्होंने कहा कि अलगाववादी नेता यासीन मलिक दिल्ली में कांग्रेस को वोट देने का पोस्टर लगवाता है।

अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए सीएम सैनी ने कहा किएक समय था जब अरविंद केजरीवाल व सोनिया गांधी एक दूसरे को पानी पी पीकर कोसते थे और आज समझौता किए हुए हैं। यह समझौता देश के लिए नहीं बल्कि भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस उम्मीदवार पर निशाना साधते हुए कहा कि कलायत वालों ने एक बार उसे चुनाव जितवा दिया, वहां कोई काम नहीं किया। लोग समझ गए कि यह केवल बात करता है, काम नहीं करता। उन लोगों ने वहां पर उसे अगली बार चुनाव हरवा दिया तो यह हिसार में आ गया। अब हिसार की जनता तय करे कि उसका बोरिया बिस्तर समेटकर कहां भेजना है। अपना एक-एक वोट चौ. रणजीत सिंह को देकर उन्हें सफल बनाएं ताकि हम हिसार से कमल का फूल ले जाकर नरेन्द्र मोदी को भेंट कर सकें।

**वोट की अपील**

**प्रधानमंत्री मोदी ने मात्र 10 वर्ष में इतने कार्य किए कि कांग्रेस के 60 वर्षों में किए गए कार्य भी छोटे पड़ गए**

### गुंडागर्दी करने वाले कांग्रेस उम्मीदवार का बोरिया बिस्तर बांध दो: रणजीत

भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विदेशों में भी हमारे देश की साख बढ़ी है। कांग्रेस के शासन में जब विदेश मंत्री विदेश गए तो उनके कपड़े उतरवाकर चैकिंग की गई, काफी शोर मचा लेकिन कांग्रेस कुछ नहीं कर पाई। दूसरी तरफ अब जब मोदी जी विदेश जाते हैं तो दूसरे देशों के राजनयिक उनका स्वागत करने आते हैं। ऐसे में यह चुनाव केवल मेरा नहीं है, बल्कि नरेन्द्र मोदी व राहुल गांधी के बीच का चुनाव है। हमें तय करना है कि हमें प्रधानमंत्री कैसा चाहिए। उन्होंने जनसभा में उपस्थित जनता से अपील की कि 25 मई को अधिक से अधिक मतदान करें, हर वोटर वोट डालने जाएं ताकि हम मतदान का प्रतिशत बढ़ा सकें। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के अनुसार हरियाणर तेजी से आगे बढ़ने वाला प्रदेश है और ऐसा केवल भाजपा सरकार की नीतियों से संभव हो पाया है। कांग्रेस प्रत्याशी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि चौ. देवीलाल देश के उप प्रधानमंत्री पद तक पहुंच गए लेकिन महम कांड के समय ग्रीन ब्रिगेड के नाम पर हुई गुंडागर्दी के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। उस ग्रीन ब्रिगेड का मुखिया कोई और नहीं बल्कि यही जयप्रकाश था। जनता इसके बहकावे में न आए और देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए भाजपा को चुनें। विजय संकल्प रैली को मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, विधायक विनोद भयाणा, पूर्व सांसद डॉ. डीपी वत्स ने भी संबोधित किया और भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

**रैली में उपस्थित रहे**

जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने जिले में पहुंचे पर मुख्यमंत्री नायब सैनी व अन्य नेताओं का स्वागत किया। रैली में पार्टी के प्रदेश महासचिव सुरेन्द्र पूनिया, जिला प्रभारी जवाहर सैनी, लोकसभा प्रभारी एवं चेयरमैन अमरपाल राणा, लोकसभा संयोजक रवि सैनी, चेयरमैन सोनू सिहाग, चेयरमैन नरेश जांगड़ा, जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर रतेरिया व जयबीर माजरा, जिला महामंत्री अशोक सैनी, महाबीर शर्मा, अजय सिंधु, ओपी मालिया, अनिल शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी, नेता, कार्यकर्ता व भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### लोकसभा चुनाव पर 200 से ज्यादा देशों की नजर: कैप्टन अभिमन्यु

**हरियाणा** के पूर्व वित्त मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि दूसरे देशों की नजर विश्व की सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के चुनाव पर टिकी है। कि देश के लोग देश की सुरक्षा करने वाले नरेंद्र मोदी को चुनते हैं या देश को गुलामी की ओर धकेलने वाले लोगों को चुनते हैं। उन्होंने कहा कि वह एक महीना असम में लगाकर आए हैं और वहां 14 में से कम से कम 12 सीट बीजेपी जीत रही है जबकि पिछली बार भाजपा को केवल 9 सीट मिली थी।

# कांग्रेस बापू-बेटा की पार्टी: मनोहर लाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/कलानौर:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि नरेंद्र मोदी के 10 साल कांग्रेस के 60 साल पर भारी पड़ रहे हैं। इन 10 सालों में नरेंद्र मोदी ने देश के सभी वर्गों के लिए बराबर काम किया है। किसान हो या मजदूर, युवा हो या महिला मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों की प्रगति और उनके हितों में ठोस कदम उठाए हैं। पूर्व सीएम सोमवार को कलानौर में भाजपा उम्मीदवार अरविंद शर्मा के समर्थन में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।

पूर्व सीएम ने कहा कि इन 10 सालों में देश की अर्थव्यवस्था में जबरदस्त सुधार हुआ है। कांग्रेस के राज में जहां देश विश्व में अर्थव्यवस्था के लिए लिहाज से 11वें स्थान पर था, आज पांचवें स्थान पर है और आने वाले 2 सालों में देश विश्व की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल होगा।

भाजपा के स्टार प्रचारक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा ने जिस प्रकार से गरीबों के लिए लड़ाई लड़ने का काम किया है और गरीब आदमी अपने आप को खुश महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों की खुशी कांग्रेस से सहन नहीं हो रही है और वह हैरान है कि पिछले 50 सालों में कांग्रेस जो काम नहीं कर पाई भाजपा ने 10 साल में कर दिया। मनोहर लाल ने कहा कि अब चुनाव के समय में कांग्रेस के लोग लोगों के बीच में जाकर झूठ बोलकर वोट लेने का काम करेंगे, लेकिन लोगों को कांग्रेस के झूठ में नहीं आना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्य सेवक के रूप में उन्होंने साढे नौ साल तक प्रदेश की सेवा की है और इस दौरान उन्होंने बिना खर्ची बिना पर्ची नौकरी देने का काम किया है। जबकि कांग्रेस के राज में खुलेआम नौकरियों की बोलियां लगा करती थी। आज प्रदेश का शायद ही कोई ऐसा गांव होगा जहां पर 50 से कम व्यक्ति नौकरी लगे हों।

**हमला बोला**

**कांग्रेस राज में खुलेआम नौकरियों की बोलियां लगती थी: पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल**

# अंबाला लोकसभा क्षेत्र का विकास कराना मेरी प्राथमिकता होगी: बंतो



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला:** मोदी सरकार की नीतियों के कारण अंबाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया को लोगों का भारी समर्थन मिल रहा है। चुनाव प्रचार अभियान के दौरान जगह-जगह बंतो कटारिया का स्वागत हो रहा है। जनता मोदी और नायब सरकार के कार्यों से इतनी खुश है कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए तत्पर हैं। सोमवार को बंतो कटारिया कालका विधानसभा के गांव महमूदपुर, टोबा, दिनारपुर, सबगा, पसियाला, बुडियो, होली, गगनपुर, मुलाना और बिहटा पहुंची और लोगों से देश और प्रदेश की तरक्की के लिए वोट मांगे।

इस दौरान लोगों ने बंतो कटारिया का फूल मालाओं से स्वागत किया और वादा किया कि 25 मई को प्रचंड बहुमत से जीताकर बंतो कटारिया को संसद भेजेंगे। गांवों में लोगों को संबोधित करते हुए बंतो कटारिया ने कहा कि भाजपा विकास करने में विश्वास रखती है और कांग्रेस भ्रष्टाचार करने में विश्वास रखती है। श्रीमती कटारिया ने कहा कि कांग्रेस परिवार की पार्टी और परिवार के लोगों को ही आगे बढ़ाती आई है।

# मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार पर लगाया अंकुश: कंवरपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर:** हरियाणा भाजपा के स्टार प्रचारक व कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने सोमवार को जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क किया और अम्बाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया के समर्थन में वोट मांगे। इस मौके पर कृषि मंत्री ने कहा कि भाजपा मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी पर अंकुश लगाने का काम किया है। पिछले 10 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत और हरियाणा प्रदेश ने अभूतपूर्व तरक्की की है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे आगामी 25 मई को कमल के निशान पर बटन दबाएं तथा भाजपा की बंतो कटारिया को भारी बहुमत से विजयी बनाएं ताकि देश को विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर बनाया जा सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में बिना खर्ची व बिना पर्ची के मैरिट योग्यता के आधार पर नौकरियां दी है।

**वोट मांगे**

**भाजपा मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी पर अंकुश लगाने का काम किया है**



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय लोकसभा चुनाव के अवसर पर हैदराबाद में मतदान करने उपरांत। साथ में हैं लेडी गवर्नर बंडारू बसंथा और उनकी बेटी बी. विजया लक्ष्मी।

# सेमीकंडक्टर मिशन: छात्रों को प्रशिक्षण देना शुरू किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चण्डीगढ़:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के इलेक्ट्रॉनिक विज्ञान विभाग ने पिछले साल भारत सरकार द्वारा घोषित राष्ट्रीय सेमीकंडक्टर मिशन में योगदान देना शुरू कर दिया है। राष्ट्रीय सेमीकंडक्टर मिशन के तहत, भारतीय सरकार देश को सेमीकंडक्टर चिप के विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना बना रही है। दुनिया की शीर्ष बहुराष्ट्रीय कंपनियों जैसे इंटेल, सैमसंग आदि द्वारा सेमीकंडक्टर चिप्स के डिजाइन के लिए उपयोग किए जाने वाले अत्यधिक परिष्कृत सॉफ्टवेयर टूल पर छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक विज्ञान विभाग में एक सप्ताह की कार्यशाला शुरू की गई।

उल्लेखनीय है कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, सरकार द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का इलेक्ट्रॉनिक विज्ञान विभाग राष्ट्रीय सेमीकंडक्टर मिशन का हिस्सा बन गया है। भारत सरकार ने एक शोध परियोजना के तहत सेमीकंडक्टर चिप्स विकसित करने का कार्य दिया है।

**ट्रेनिंग**

**भारतीय सरकार देश को सेमीकंडक्टर चिप के विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना बना रही है**

# कैथल जिले की सरपंच एसो. ने डॉ. सुशील को दिया समर्थन



**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल:** आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष और इंडिया गठबंधन के तहत कुरुक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने सोमवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान कैथल जिले की पंचायत एसोसिएशन ने डॉ. सुशील गुप्ता और इंडिया गठबंधन को समर्थन दिया। इस दौरान गुरताज सिंह, सत्यदेव, दयानंद, स्वर्ण सिंधु, करमजीत सिंह, जगतार सिंह, सूबे सिंह, तरसेम सिंह, बलवान सिंह, जितेंद्र सिंह, लखविंदर सिंह, सुखविंदर गोयत, सूबे सिंह, मनदीप, राजबीर, सुरेश, राजा, बलजीत कसान, सुखविंदर सिंह, अमरीक सिंह और बलविंदर मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने अपने अधिकारों की वापसी और बीजेपी की सरपंचों के ऊपर तानाशाही के विरुद्ध नीतियों इंडिया गठबंधन को समर्थन दिया। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि कैथल जिले के 250 से ज्यादा सरपंचों ने इंडिया गठबंधन को समर्थन दिया है। बीजेपी ने प्रदेश के सभी सरपंचों के विकास कार्य रोकने का काम किया है। बीजेपी सरकार सरपंचों के ऊपर क्लर्कों और सरकारी अधिकारियों के माध्यम से राज करना चाहती है। ये बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गांव में एक भी विकास कार्य नहीं हुआ है। यही कारण है कि गांव में बीजेपी का एक भी पोस्टर बैनर नहीं है। उन्होंने कहा कि बीजेपी का हर गांव में जबरदस्त विरोध है। सरपंचों ने ये सोचकर चुनाव लड़ा कि गांव का विकास करवाएंगे, लेकिन बीजेपी ने सरपंचों का सारा समय बर्बाद कर दिया। सरपंच पिछले दो तीन सालों से अपने हकों की लड़ाई लड़ रहे हैं, ये बीजेपी से खैरात नहीं मांग रहे हैं। बीजेपी भ्रष्टाचार के लिए गांव के विकास के पैसों पर कुंडली मार के बैठी है। उन्होंने कहा कि गांव के सरपंच चाहते हैं कि बजट का पैसा गांव के विकास में खर्च हो। जबकि बीजेपी के अपनी तानाशाही नीतियों से गांवों में एक भी विकास कार्य नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही सरपंचों के अधिकार सबसे पहले वापस दिए जाएंगे, ताकि गांव के विकास कार्य हो सकें। उन्होंने नवीन जिंदल पर निशाना साधते हुए कहा कि वे कथावाचकों के सहारे चुनाव जीतना चाहते हैं।

**समर्थन**

**बीजेपी की तानाशाही नीतियों ने गांव का विकास नहीं होने दिया: डॉ. सुशील गुप्ता**

# जिन कांग्रेस नेताओं को पाक से प्रेम है, वे वहीं चले जाएं: बालकनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**झज्जर:** राजस्थान के विधायक बाबा बालकनाथ ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस के जिन नेताओं को पाकिस्तान पसंद है और वे पाकिस्तान की प्रशंसा कर रहे हैं, उन्हें पाकिस्तान ही चले जाना चाहिए। ऐसे लोगों की भारत में कतई जगह नहीं होनी चाहिए। बाबा बालकनाथ सोमवार को गांव खेड़ी खुम्मार में रोहतक से भाजपा उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा के समर्थन में आयोजित चुनाव सभा को संबोधित कर रहे थे। भाजपा नेता बालकनाथ ने झज्जर जिले के कई गांवों में भाजपा उम्मीदवार के समर्थन में कइ चुनाव सभाएं की। ग्रामीणों ने चुनाव में बाबा बालकनाथ की हर बात का अंतरात्मा से सम्मान रखने का वचन देते हुए कहा कि वे भाजपा उम्मीदवार को भारी बहुमत से जिताएंगे। बाबा बालकनाथ ने कहा कि ऐसे लोगों का भारत देश में बने राशनकार्ड से नाम हटाकर उन्हें विरासत के रूप में पाकिस्तान को सौंप देना चाहिए और यह बताना चाहिए कि यह पाकिस्तान की विरासत थी, इसलिए इन्हें पाकिस्तान को सौंप दिया गया। बाबा बालकनाथ ने सभा के बाद यहां पत्रकारों से भी बातचीत की।

**पलटवार**

**जिन नेताओं को पाक पसंद है और वे पाकिस्तान की प्रशंसा कर रहे हैं, उन्हें पाकिस्तान ही चले जाना चाहिए**

# इनेलो के नेताओं ने कई गांव में जनसंपर्क कर मांगे वोट



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा: पूर्व विधायक डॉ. सीताराम** के नेतृत्व में सोमवार को इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के पदाधिकारियों ने कई गांवों में जनसंपर्क कर पार्टी के उम्मीदवार संदीप लोट के समर्थन में वोट मांगे। इस दौरान गांव दादू के कई लोगों ने विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर इनेलो में शामिल होने की घोषणा की कालांवाली के हलकाध्यक्ष जसविंद्र बिंदु ने बताया कि जनसंपर्क अभियान के दौरान दादू गांव के मंदर सिंह, मेवा सिंह, सुखदेव सिंह, मोहन सिंह, अजायब सिंह व बलकरण सिंह आदि इनेलो में शामिल हो गए। पूर्व विधायक डॉ. सीताराम ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी की कल्याणकारी नीतियों को जन-जन में प्रचारित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला व ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने सदैव हरियाणा व हरियाणा के विकास को तरजीह दी है, इसलिए सिरसा संसदीय क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए इनेलो ही एकमात्र सही राजनीतिक दल है। इस मौके पर इनेलो में शामिल होने वाले लोगों ने एक स्वर में इनेलो नेताओं व पदाधिकारियों को आश्वस्त किया।

# बीजेपी नेताओं को देख जनता ने घरों के दरवाजे किए बंद: अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया**
**कलायत/कैथल:** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में कलायत विधानसभा के गांव बात्ता, मटौर, तारागढ़ और सेरधा का दौरा किया। इस दौरान गांव बाता से पिछले 20 सालों से नवीन जिंदल की समर्थक रही गीता राणा और पूर्व सरपंच पवन ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता को समर्थन दिया। अनुराग ढांडा ने कहा कि इस बार जनता को भाजपा का घमंड तोड़ना है। इस बार पूरे देश की जनता एकजुट हो गई है। संविधान में जनता की वोट को इतनी ताकत है कि वो किसी को भी कुर्सी से उठाकर जमीन पर पटक सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर बीजेपी नेताओं ने घोटाले करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि संविधान ने हमें पांच साल में एक बार वोट डालने का अधिकार दिया है। पांच साल में एक बार ऐसा समय आता है जब नेता आपके पीछे घूमते हैं नहीं तो पूरे पांच साल जनता नेताओं के पीछे घूमती है। किसान को एमएसपी चाहिए, युवाओं को रोजगार चाहिए और यदि हमारा कोई बच्चा विदेश में फंस गया तो उसको निकालने के लिए सरकार के नेताओं के पास जाना पड़ता है। इसके अलावा महिलाओं के मान सम्मान की रक्षा नहीं हो पा रही तो नेताओं के पास जाना पड़ता है। जब सरपंचों को भी अपने अधिकार के लिए चंडीगढ़ नेताओं के दरवाजे तक जाना पड़ा था। पांच साल में केवल एक मौका ऐसा आता है जब ये नेता मतदाता के पास आते हैं। इसलिए अब नेता आपके पास आएंगे और हाथ जोड़कर कहेंगे कि वोट हमें देना। लेकिन अब आपके पास मौका है कि जितनी बार आपको उन नेताओं के पास जाना पड़ा और जैसा व्यवहार आपके साथ किया अब उसका हिसाब एक ही झटके में कर लेना। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संविधान में सबको एक समान वोट का अधिकार है। 5 साल बाद बड़े से बड़े नेताओं को भी आपके पास झोली फैला कर आना पड़ता है। इसलिए जिसने आपके साथ जैसा व्यवहार किया हो आपके ऊपर लाठियां बरसाई हों या परेशान किया हो, अब उसके साथ वैसा की व्यवहार करना चाहिए। आज हमारे गांव और घर पर आ रहे है इनका भी वही अपमान होना चाहिए जो इन्होंने हमारे साथ किया। ये पूरे देश में तानाशाही से काम कर रहे हैं। संविधान ने हमें देश में कहीं भी और किसी भी कोने में आने जाने अधिकार दिया है। लेकिन जब हरियाणा पंजाब के किसान और मजदूर दिल्ली जाना चाहते थे तो इस सरकार ने उनके रास्तों में कीलें ठोक दी। जिन मंत्रियों को हमने चुन कर भेजा किसान दिल्ली में उनके घर पर जाना चाहते थे, लेकिन इन्होंने कहा आप हमारे घर नहीं आ सकते।

**घेरा**

**बीजेपी ने अग्निवीर योजना लाकर हमारे बच्चों से फौज की नौकरी छीनी : अनुराग ढांडा**



## न्यूज फ्लैश

### 15 साल से फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**सोनीपत जिले की** क्राईम युनिट सैक्टर 3 सोनीपत की पुलिस टीम नें पन्द्रह सालो से फरार व पाँच हजार रुपये के ईनामी व लूट की घटना में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ईशसर उर्फ ईजराईल हलम निवासी कारन्धा जिला अलवर राजस्थान का रहने वाला है। पुलिस पीआरओ विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 1 जनवरी 2008 को जगबीर पुत्र सरुप सिहं निवासी शिमली ने थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि 31 दिसंबर 2007 को मैं अपने ट्रक में अपनी रिशतेदारी में गाँव रामपुर कुण्डल जा रहा था।

### कक्षा 12वीं में तन्नू सहरावत व 10वीं में इति जैन रहे हिमगिरी पब्लिक स्कूल के टॉपर

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**हिमगिरी पब्लिक स्कूल बिहौली** रोड समालखा में आज पूरा दिन खुशी का माहौल रहा । गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा । जैसे ही बच्चों को सी बी एस ई बोर्ड द्वारा कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होने की सूचना मिली , बच्चों का स्कूल प्रांगण में आना शुरू हो गया । बच्चे लम्बे समय से अपना परीक्षा परिणाम जानने के लिए उतावले थे । कक्षा 12वीं में कुल 71बच्चों ने परीक्षा दी जिसमें तन्नू सहरावत व 91.2% के साथ प्रथम स्थान, सौम्या 86.2% के साथ द्वितीय व इशु 80%तृतीय स्थान पर रहा , 20 बच्चे मेरिट में रहे तथा 35 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की । विज्ञान संकाय में तन्नू सहरावत ने 91.2 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया । माही ने 84.2 अंक लेकर द्वितीय स्थान व गरिमा ने 77.6 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया । वाणिज्य संकाय में इशु ने 80 अंक लेकर प्रथम स्थान, आरती ने 78.2 अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा नैन्शी ने 72.4 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया । वही कला संकाय में सौम्या ने 86.2 अंक लेकर प्रथम स्थान तन्नू ने 84.4 अंक लेकर द्वितीय स्थान व पारुल ने 81 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया । कक्षा दसवीं में 82 बच्चे बोर्ड की परीक्षा में बैठे जिसमे इति जैन ने 92.8% के साथ प्रथम स्थान, लक्ष्य दुहन ने 90.4% के साथ द्वितीय स्थान तथा कोमल शर्मा ने 89.2% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया । 15 बच्चे मेरिट में रहे तथा 30बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए । प्रधानाचार्य प्रमोद राठी ने बच्चों को उनका परीक्षा परिणाम बताते हुए उनको बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । प्रधानाचार्य ने परीक्षा परिणाम को बच्चों की मेहनत, मेहनती अध्यापकों का उचित मार्गदर्शन व अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया । इस अवसर पर सभी अध्यापकगण मौजूद रहे ।

### ड्यूरेक्स ने नए अभियान को शुरू करने की घोषणा की

**नोएडा।** दुनिया के नंबर वन कंडोम ब्रांड, ड्यूरेक्स ने #ExplorersWanted अभियान को शुरू करने की घोषणा की है, जिसमें ड्यूरेक्स ल्यूब्स की एक रेंज को दिखाया गया है। रहस्यमय अंगों के आसपास चाहत को जगाकर जोड़ों के बीच अंतरंगता की एक नई भावना को जगाने के लिए डिजाइन किए गए इस नए विज्ञापन अभियान का मकसद वास्तव में आकर्षण के उन स्थानों के बारे में बताना है, जो उनके साथी के शरीर की आकृति में मौजूद हैं। कनिका कालरा, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, साउथ एशिया- हेल्थ एंड न्यूट्रिशियन, रेकिट, ने कहा, हमारे कंज्यूमर इनसाइटस से यह संकेत मिलता है कि 74 प्रतिशत भारतीय अपनी सेक्स लाइफ की एक जैसी दिनचर्या से थक चुके हैं और अपनी सेक्स लाइफ को बेहतर बनाने के लिए लगातार कुछ नया करने की तलाश में रहते हैं। हम समझते हैं कि, बेडरूम में एक जैसी दिनचर्या एक गंभीर मुद्दा है। ड्यूरेक्स को इस तरह की विचारोत्तेजक बातचीत को आगे लाने और उन्हें एक अनूठा रूप देने के लिए जाना जाता है।

# मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया को लेकर प्रशासन चलायेगा जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**




**उपायुक्त वीरेन्द्र** कुमार दहिया ने जिला सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में गर्मी के मौसम में मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के बचाव को लेकर समीक्षा बैठक कर जरूरी दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में फैलने वाली बीमारियो को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। सभी प्रकार की जरूरी तैयारियां की जा रही है ताकि इन बीमारियों से बचाव किया जा सके। उपायुक्त ने बताया कि गर्मी के मौसम में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया व कई तरह की बीमारियों के फैलने की संभावना बढ़ जाती है। इसको लेकर हमें व्यापक स्तर पर कार्यवाही करने की आवश्यकता है। विभिन्न विभागों के सहयोग से मलेरिया के सम्भावित स्थानों पर फोगिंग भी की जाएगी। उपायुक्त ने स्वास्थ्य और अन्य विभागों के अधिकारियों को दिशानिर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागों में एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें व शुक्रवार को कार्यालय में मच्छरों के पनपने वाले स्थानों की साफ-सफाई करें, जैसे कि कूलरों में पानी को बदले। उन्होंने कहा कि मलेरिया व डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी को लेकर शिक्षा विभाग स्कूलों में प्रार्थना के दौरान बच्चों को इस बीमारी के फैलने के प्रति जागरूक करें। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि प्रत्येक रविवार को ग्रामीण स्तर पर अपने घर पर सूखा दिवस मनाएं। पानी के बर्तन, कूलर, फूलदान, हौदी आदि को खाली करें तथा सूखाकर ही पानी भरें। पानी के बर्तनों व टंकियों इत्यादि को पूरी तरह ढककर रखें। छत पर पड़े मटके, टायर, बोतल तथा अन्य टूटे-फूटे बर्तनों को हटा दें ताकि इनमें बरसात का पानी जमा ना हो क्योंकि मच्छर जमा पानी में पैदा होता है। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों से बचाव को लेकर अपने आसपास पानी न भरा रहने दें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें। बुखार आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर खून की मुफ्त जांच करवाए। सीएमओ डॉ. जयंत आहूजा ने बैठक में डेंगू बुखार के लक्षणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अचानक तेज बुखार होना। छाती व ऊपर के हिस्से में दानों का निकलना, सिर के आगे वाले हिस्से में जोर का दर्द, भूख ना लगना, जोड़ों में दर्द इत्यादि कई लक्षण डेंगू के हैं।

## स्व. राजकिशन ने लोगों की सोच बदलने का बखूबी काम किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौरः गांव**



**अगवानपुर** के मैन पार्क में रविवार को लोक गायक राजकिशन अगवानपुरिया वेलफेयर एसोसिएशन की ओर लोक गायक राजकिशन अगवानपुरिया की 30वीं पुण्यतिथि पर विशाल रागिनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच मंजीत कुमार ने की। जबकि बतौर मुख्यातिथि देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शिरकत की। उन्होंने स्व. राजकिशन अगवानपुरिया की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और कहा कि स्व. राजकिशन ने अपनी रागनियों से हरियाणवी संस्कृति को जीवित रखने में अहम भूमिका निभाई। उनकी रागनियों में सामाजिक ताना-बाना से लेकर लोगों के लिए एक नई सीख होती थी।

उन्होंने अपनी दमदार रागनियों के बलबूते लोगों की सोच को बदलने का काम बखूबी किया। कादियान ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम करना बेहतर प्रयास है, इससे स्व. राजकिशन हमेशा हमारे बीच जिंदा रहेंगे और युवा पीढ़ी को उनके बारे में जानने को मिलेगा।

## कुरुक्षेत्रा क्रिकेट एकेडमी-2 ने केसीए-12 को दी शिकस्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** के मोहननगर स्थित खेल मैदान में रविवार को कुरुक्षेत्रा क्रिकेट एकेडमी-2 व कुरुक्षेत्र क्रिकेट एकेडमी-12 के बीच खेले गए 25 ओवर के मैच में आजाद नगर के नरकातारी रोड स्थित कुरुक्षेत्रा क्रिकेट एकेडमी-2 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए केसीए-12 को 68 रनों से शिकस्त दी। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी केसीए-2 के शुरूआती विकेट तीन बड़ी जल्दी गिरे लेकिन मनीष ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 54 गेदों में 49 रन बनाए जिसमें 3 चौके व 4 छक्के शामिल रहे। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी केसीए-12 की पूरी टीम 15 ओवर में 59 रन पर ऑलआउट हो गई। केसीए-2 के खिलाड़ी आयुष ने एक ही ओवर में तीन विकेट, विहान, मानिक व मनिष ने दो-दो विकेट झटके। इस अवसर पर विजेता टीम के कोच तरूण शर्मा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए हमें कड़ी मेहनत एवं प्रयास करना चाहिए।

## परशुराम जन्मोत्सव पर 203 ने किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया**




**सोनीपतः दादा देव वैकुंठ** धाम ताजपुर तिहाड़ खुर्द में भारतीय सेना के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जोकि भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में लगाया गया । शिविर का शुभारंभ आर्मी टीम का नेतृत्व कर रहे हवलदार गिरी ने शहीद द्वार पर अमर शहीद कैप्टन कप्तान सिंह दहिया व अमर शहीद नरेश सिंह की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया । जहाँ पर कैप्टन कप्तान सिंह दहिया की धर्मपत्नी ने अपने परिवार के साथ मिलकर आर्मी जवानों का स्वागत किया जिसके बाद संस्था के सदस्यों ने आर्मी जवानों का फूलमालाएं डाल कर स्वागत किया । संस्था का यह 160 वाँ रक्तदान शिविर था जिसमे हमेशा की तरह रक्तदाताओं का जोश सातवे आसमान पर दिखा । शिविर का आयोजन इको यूथ क्लब , दादा देव वैकुंठ धाम सेवा समिति व माँ भारती रक्तवाहिनी के सहयोग से करवाया गया जिसमें 203 रक्तदाताओ ने आर्मी के लिए रक्तदान किया । *शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पहुँची पूर्व आईजी आई पी एस सुमन मंजरी* ने सभी रक्तदाताओ का हौसला बढ़ाया । सुमन मंजरी ने कहा कि भगवान परशुराम सौर्य व शक्ति के प्रतीक है जो भगवान विश्णु के छठे अवतार है जिन्होंने अधर्म का विनाश कर धर्म की स्थापना की उसी प्रकार माँ भारती रक्तवाहिनी व इको यूथ क्लब के सदस्यों ने देश सेवा का यह कार्य किया जो किसी आर्मी जवान व उसके पारिवारिक सदस्य का जीवन बचाया जाएगा । शिविर में पहुँचे अनेको सामाजिक कार्यकताओं ने पहुच कर रक्तदाताओ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । शिविर में तीनों संस्थाओ के लगभग 50 सदस्यों ने

**रक्तदान महादान**

**अमर शहीद कैप्टन कप्तान सिंह दहिया व अमर शहीद नरेश सिंह की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया**

इस रक्तदान शिविर को संभाला जिस वजह से 203 ४ल्ल३ रक्तदान करवा पाए । शिविर में 11 महिलाओं ने भी रक्तदान किया । साथ ही 8 दिव्यांगों ने आर्मी के लिए रक्तदान किया जिन्होंने पहुचते है आर्मी रक्तदान शिविर में जैसे जान फूंक दी ।

दिव्यांगों ने आम जन को सन्देश दिया कि आप को कई महीनों में सेना के लिए रक्तदान करने का अवसर मिलता है हमे उसे चूकना नही है कम से कम सेना के लिए हम कुछ खून तो दान कर ही सकते है ।

## जुष्टि चोपड़ा 96 फीसदी अंक पाकर बनी ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल की टॉपर

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपतः ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल** (जी-3) के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दसवीं व बारहवीं की परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल की है। सोमवार को रिजल्ट देख कर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे, सभी ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया। बारहवीं की कॉमर्स संकाय में छात्रा जुष्टि चोपड़ा ने 96 फीसदी अंक पाकर स्कूल में पहला स्थान पाया। उसने एकाउंटेंसी में पूरे 100 अंक हासिल किए, जबकि इकोनॉमिक्स में उसे 99 अंक मिले । बारहवीं कला संकाय में अंशुल ने 88 फीसदी अंक हासिल कर अपने विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया, जबकि विशाखा 86 फीसदी अंक लेकर दूसरे व विन्नी 84 फीसदी अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। विज्ञान संकाय में प्रतीक 87.8 फीसदी अंक के साथ स्कूल में पहले स्थान पर रहे, जबकि आर्यन ने 80.4 अंक हासिल कर दूसरा स्थान पाया । दसवीं में छात्रा रिया ने 95.6 फीसदी अंक हासिल कर स्कूल में पहला स्थान पाया, जबकि दीप्ति पाठक 95.4 फीसदी अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही । छात्र निखिल सैनी ने 93 फीसदी अंक पाकर तीसरा, सुजल व अदिति ने 92-92 फीसदी अंक लेकर संयुक्त रूप से चौथा व निशांत ने 91 फीसदी अंक पाकर स्कूल में पांचवां स्थान पाया। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सुधीर जैन ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय की प्राचार्या व टीचिंग स्टाफ को दिया, जिनकी देख-रेख में छात्र- छात्राओं ने यह सफलता हासिल किया। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने बताया कि बारहवीं में विन्नी ने पॉलिटिकल साइंस में 96 व इकोनॉमिक्स में 94 हासिल किये । दसवीं की टॉपर रिया ने कंप्यूटर एप्लीकेशन में 98, सोशल साइंस व गणित में 95 -95 व साइंस में 94 अंक हासिल किए, जबकि दीप्ति पाठक ने कंप्यूटर एप्लीकेशन में 99, सोशल साइंस में 98, गणित में 96 व साइंस में 94 अंक हासिल किए। निखिल सैनी ने कंप्यूटर एप्लीकेशन में 97 व गणित में 95 अंक पाया , जबकि सुजल को गणित में 99 व कंप्यूटर एप्लीकेशन में 97 अंक मिले। निशांत ने कंप्यूटर एप्लीकेशन में 95 व सोशल साइंस में 96 पाया, वहीं अदिति ने कंप्यूटर एप्लीकेशन, गणित व साइंस तीनों विषय में 95 अंक हासिल किए ।

## भगवान परशुराम ने हमेशा ही अन्याय की लड़ाई लड़ी है : योगेश



**गन्नौर। शिव ब्राह्मण** धर्मशाला गांधीनगर में परशुराम जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि समाजसेवी योगेश कौशिक , नरेश कौशिक अशोक शर्मा ने शिरकत की। धर्मशाला में पहुंचने पर धर्मशाला के प्रधान पंडित जय भगवान शर्मा , पंडित नरेश शर्मा , पंडित चंद्रपाल वत्स ने अतिथियों का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। इसके उपरांत समाजसेवी योगेश कौशिक ने दो नए कमरों का उद्घाटन किया। अशोक शर्मा ने अपनी रागिनी के माध्यम से परशुराम जी भगवान का गुणगान किया। समाजसेवी योगेश कौशिक ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम ने हमेशा ही अन्याय की लड़ाई लड़ी है। अन्य की लड़ाई में परशुराम शास्त्रों के साथ शस्त्रों का भी इस्तेमाल करते थे। भगवान परशुराम का बचपन का नाम राम था और भगवान शिव ने उन्हें अन्य शक्तियों से लड़ने के लिए फरसा भेंट किया था। तभी से उनका नाम परशुराम पड़ गया । भगवान परशुराम का जन्म अधर्मी,पापी और क्रूर राजाओं का अंत करने के लिये हुआ था. वे हमेशा अन्याय व अत्याचार के खिलाफ लड़ते रहे। भगवान परशुराम जयंती की हार्दिक बधाई देते हुए योगेश कौशिक ने कहा कि भगवान परशुराम की कृपा से आप सभी के जीवन में यश एवं सम्मान की वृद्धि हो, लोक कल्याण का संकल्प फलीभूत हो, यही प्रार्थना है।

## 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 298359 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**

**रबी फसल खरीद** अभियान 2024 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 298359 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 297194 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। डीएफएससी द्वारा 37281 मीट्रिक टन गेहूं, हैफेड द्वारा 114924 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 111525 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 4761 का उठान किया जा चुका है। सरकार की ओर से इस सीजन के लिए गेंहू की खरीद निर्धारित मूल्य 2275 रुपए प्रति किवंटल पर की जा रही है। डीएफएससी आदित्य कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिवस रविवार सांय इस कुल आवक में से अहर में 9587 मीट्रिक टन गेंहू, बबैल केन्द्र पर 5229 मीट्रिक टन, बाबरपुर खरीद केन्द्र पर 15844 मीट्रिक टन, बापौली खरीद केन्द्र पर 31202 मीट्रिक टन, छिछड़ाना केन्द्र पर 13105 मीट्रिक टन, इसराना खरीद केन्द्र पर 30225 मीट्रिक टन, मडलौडा खरीद केन्द्र पर 64742 मीट्रिक टन, नौल्था खरीद केन्द्र पर 2051 मीट्रिक टन, पानीपत खरीद केन्द्र पर 34844 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। इसी प्रकार समालखा मण्डी में 83580 मीट्रिक टन गेंहू, सनौली में 5290 मीट्रिक टन, उरलाना में 2660 मीट्रिक टन की आवक हुई है और सम्बंधित खरीद एजेंसियों द्वारा गेहूं की नियमित रूप से खरीददारी की गई है।

## हर बूथ भाजपा का अभेद्य किला बना: कविता जैन

**टीम एक्शन इंडिया**



**सोनीपतः शहर की विभिन्न** कॉलोनियों में महा जनसम्पर्क अभियान के तहत मतदाताओं से घर-घर जाकर सम्पर्क करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन ने कहा कि हर बूथ भाजपा का अभेद्य किला बनाकर कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ोली की जीत सुनिश्चित करेंगे और मतदाताओं ने मत डालने से पहले ही नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले लिया है । सेक्टर 15, विशाल नगर, ऋषि नगर, बत्रा कॉलोनी, कल्याण नगर, ब्रह्म नगर में मतदाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि देश को तीसरी बड़ी अर्थवयवस्था बनाने, भारत को विश्व गुरु बनाने, विकसित देशों कि श्रेणी में भारत शामिल हो इसके लिए छोटी मोटी शिकायतों को छोड़कर वोट डालते समय राष्ट्रवाद को धयान में रखना होगा, उन्होंने आगे कहा कि मतदाता बिना सोचे समझे जब वोट डालता है तो फिर पांच साल पछताने के आलावा कोई चारा नहीं बचता । मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने राज मोहल्ला, बड़ा बगड़, दहिया कॉलोनी सम्पर्क करते हुए कहा कि 55 वर्ष के कांग्रेस कार्यकाल में सिवाए लूटने के कोई काम नहीं किया जबकि 10 वर्ष में नरेंद्र मोदी ने हर देशवासी का सीना चौड़ा कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेसी वोट मांगने आये तो पूछना कि उनका प्रधानमंत्री कौन बनेगा तो कोई जवाब नहीं देंगे, क्योंकि 26 दलों का गठबंधन देश को मजबूत करने के लिए नहीं बल्कि कुर्सी हथिया कर फिर से घोटाले करने की नीयत से ज्यादा है।

## डी ए बी स्कूल समालखा का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**







**सीबीएसई बोर्ड** नई दिल्ली का 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे । डी ए बी स्कूल समालखा में आने जाने से अभिभावको एवं छात्रों का ताता लगा रहा। अध्यापकों अभिभावकों और छात्रों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी। स्कूल प्राचार्या भव्या शर्मा ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओ को फूल माला पहनाकर पुरस्कृत किया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। दसवीं कक्षा के छात्र प्रथम मीढा ने 97.20% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया राज वीरेंद्र ने 95.40% अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा ऋषिका ने 93.40 अंक प्राप्त कर कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम ने गणित और सामाजिक विज्ञान में 100% अंक प्राप्त किए। दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा में शुभम नागपाल ने 96.20% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा सोनाक्षी ने 93% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं मुनेश ने 92.40 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया । 12वीं कक्षा में ही दीपांशु मुनेश और साक्षी ने पेंटिंग में 100% अंक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त 12वीं कक्षा की छात्रा तन्वी ने 90.2 प्रतिशत महिमा ने 90.2 % प्राची ने 90% तथा अतिका ने 90% अंक प्राप्त किए। 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

## ज्ञान विज्ञान समिति पानीपत जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह)**



**हरियाणा ज्ञान** विज्ञान समिति पानीपत जिला कार्यकारिणी की बैठक शीतल की अध्यक्षता में शहीद वीरेंद्र स्मारक भवन में हुई । इसमें हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के सचिव वेदपाल ने भगत सिंह के शहीदी दिवस पर हुए कार्यक्रमों व चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या के कार्यक्रमों की रिपोर्ट व समीक्षा प्रस्तुत की , तथा भविष्य में किए जाने वाले कामों को चिन्हित किया। जिसमें मुख्य रूप से आठ गांवों में पुस्तकालय व लर्निंग सेंटर चलाने की योजना बनी। इन लर्निंग सेंटरों पर समाज में वैज्ञानिक चेतना व साफ सुथरी संस्कृति पैदा करने के लिए सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे ,जिसमें गीत , रागनियों की प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी । इसके साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को विवेक सम्मत मतदान करने के लिए जन - जागरूकता का अभियान समालखा कस्बे तथा विभिन्न गांव में पर्चो के माध्यम से किया जाएगा । इस बैठक में हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य प्रधान डॉ०प्रमोद गोरी ने कहा कि आधुनिक भारत की संकल्पना का जो सपना भीमराव अंबेडकर व हमारे क्रांतिकारियों ने संजोया था।

# संपादकीय

## मोदी का आत्मविश्वास

**तीसरी** बार भारत का प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने से श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी को जनता जनार्दन के अलावा कोई दूसरा नहीं रोक सकता। अठारहवीं लोकसभा के लिए अभी मतदान के चार चरण ही पूरे हुए हैं किन्तु मोदी जी का आत्मविश्वास देखते हुए विपक्ष को सावधान हो जाना चाहिए ,क्योंकि मोदी जी ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिनों का एजेंडा बना कर रख लिया है। किसी भी राजनेता को मोदी की ही तरह काम करना चाहिए ,ये मै मोदी जी की रीति-नीति का प्रबल विरोधी होते भी कह रहा हूँ।

पूरी भाजपा अपने चुनाव घोषणा पत्र को भूल चुकी है और तीसरी बार भी चुनाव भावनात्मक,भ्रामक तथा झूठ के आधार पर लड़ रही है। चौथे चरण की पूर्व संध्या पर भी भाजपा की पूरी टीम और माननीय मोदी जी ने हिन्दुओं के तुष्टिकरण के लिए मुसलमानों का हौवा खड़ा किया है। भाजपा के पक्ष में कोई हवा नहीं है फिर भी मोदी जी अपने सपने में रंग भरने पर आमादा हैं। निश्चित ही उनके हाथ कोई जादू की छड़ी लग गयी है जो जनमत को यकायक उनके पक्ष में खड़ा कर देगी। इंदिरा गांधी भी 1977 के आम चुनाव में उस तरह विपक्ष के निशाने पर नहीं थीं जिस तरह की आज मोदी जी विपक्ष के निशाने पर हैं। लेकिन मोदी जी किशोर कुंजर की तरह झूमते हुए चल रहे हैं। उन्हें आम चुनाव गले में पड़ी माला जैसा लग रहा है।

विपक्ष का आत्मविश्वास अपनी जगह है ,लेकिन विपक्ष की और से सत्तापक्ष की तरफ से उछाले गए 'अबकी 400 पार ' जैसा कोई नारा नहीं उछाला गया है । लगता है कि विपक्ष केवल और केवल मोदी को रोकने के लिए कोशिश कर रहा है ,भाजपा को रोकने के लिए नहीं ,अन्यथा विपक्ष भी चार सौ पार जैसा कोई नारा उछालता ? भाजपा की सरकार ने अपने दस साल की उपलब्धियों को बलाए ताक रख दिया है। भाजपा और मोदी केवल और केवल हिन्दू-मुसलमान के आधार पर चुनाव लड़ रहे हैं और बेशर्मी के साथ हिन्दू मुसलमान कर रहे हैं। चुनाव के चलते भी भाजपा लगातार अपने भय को छिपाने के लिए दल-बदल के अभियान को जारी रखे हुए है। भाजपा के दूसरे बड़े नेता केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह खुद दल-बदल अभियान की कमान सम्हाले हुए हैं।

मतदान का चौथा चरण बेहद महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसी चरण के मतदान के बाद तय हो जाएगा की सत्ता की सीता किसका वरण करेगी ?वरमाला बूढ़े हो चले जिद्दी नरेंद्र दामोदर दास मोदी के गले में या साठा सो पाठा होने जा रहे राहुल गांधी के गले में। दोनों में भेद ये है कि मोदी स्वयंभू प्रधानमंत्री बन चुके हैं लेकिन राहुल गांधी ने ऐसी कोई घोषणा नहीं की है। आईएनडीआईए लोकतान्त्रिक तरीके से अपना नेता चुनेगा । भाजपा की तरह वहां कोई भी अपने हाथ से अपने गले में माला डालकर अपने आपको नेता घोषित नहीं कर सकता। भाजपा ने तो मतदान के सभी चरण पूरे होने से पहले ही ,यानि जनादेश आने के पहले ही माननीय मोदी जी को अपना नेता मान लिया है। भाजपा के तमाम प्रत्याशियों को शायद टिकिट ही इसी शर्त पर दिए गए हैं कि वे मोदी जी के लिए ही अपना हाथ खड़ा करेंगे।

मै माननीय मोदी जी के आत्मविश्वास की बात कर रहा था । आपको बता दूँ कि 24 में से 36 घंटे काम करने वाले मोदी फिलहाल चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं, लेकिन उन्होंने अपनी सरकार के 100 दिन के एजेंडे को लागू करने के लिए अपने शीर्ष सचिवों की 10 समितियां नियुक्त की है।

# हिंदुओं की घटती जनसंख्या, खतरे का संकेत है !

मृत्युंजय दीक्षित

> “कांग्रेस, सपा, बसपा सहित इंडी गठबंधन आजकल जो संविधान बचाओ संविधान बचाओ का हल्ला कर रहा है वह असल में मुस्लिम तुष्टिकरण की विकृत राजनीति ही है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी बांग्लादेशी घुसठियों व रोहिंग्याओं की सुरक्षा कवच बन गई हैं ।मुस्लिम वोट बैंक के कारण विपक्ष इस ताजा रिपोर्ट को भी झूठा व ध्यान भटकाने वाला मुद्दा बता रहा है। गाया और जनसँख्या नियोजन के नाम पर हिन्दुओं की जबरदस्ती नसबंदी की गई। परिवार नियोजन कार्यक्रम को हिन्दुओं पर थोप दिया गया और मुसलमानों को उससे दूर रखा गया। हम दो, हमारे दो के नारे के तहत हिन्दुओं को ही टारगेट किया गया और विदेशों से धन लेकर इसके लिए कार्यक्रम चलाए गए जिसका कुप्रभाव अब दिखाई पड़ रहा है”

**लोकसभा** चुनावों के चौथे चरण के पूर्व प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की, भारत में जनसँख्या वितरण पर आयी एक रिपोर्ट ने राजनैतिक वातावरण को मानों आग पर रख दिया है, जनसँख्या वितरण पर राजनैतिक बयानबाजी तेज हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में 1950 से 2015 के बीच कुल जनसँख्या में हिंदुओं की जनसँख्या 7.82 प्रतिशत घट गई है जबकि मुस्लिम आबादी 43.15 प्रतिशत बढ़ गई है। हिन्दुओं के लिए ये अत्यंत चिंताजनक है। रिपोर्ट के अनुसार हिंदू जनसँख्या के तीव्रता से घटने का सिलसिला पड़ोसी इस्लामिक देशों पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश में तो चल ही रहा है, पूर्व के एकमात्र हिंदू राष्ट्र नेपाल में भी हिन्दुओं की जनसँख्या उसी तीव्रता के साथ कम हो रही हे जो अत्यंत चिंताजनक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के अधिकतर मुस्लिम बाहुल्य देशों में भी मुस्लिम हिस्सेदारी में बढ़ोत्तरी हुई हैव हीं हिंदू, ईसाई और अन्य धर्म बहुल देशों में बहुसंख्यक हिससेदारी में कमी आई है। परिषद ने दुनिया के 167 देशों में 1950 से 2015 के बीच आए जनसांख्यिकीय बदलाव का अध्ययन किया है। इन देशों में बहुसंख्यक उन्हें माना गया है जिनकी आबादी 75 प्रतिशत से अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार इन देशों में 65 वर्षों में बहुसंख्यकों की हिस्सेदारी में 22 प्रतिशत की कमी आई है लेकिन यह मुस्लिम बहुसंख्यक देशों पर लागू नहीं होता। मुस्लिम बहुल 38 देशों में भी मुस्लिम आबादी बढ़ी है। पड़ोसी राष्ट्र म्यांमार में बहुसंख्यक बौद्ध आबादी भी 78.53 प्रतिशत से घटकर 70.80 प्रतिशत रह गई है। श्रीलंका में बौद्ध आबादी बढ़ी है जहां बौद्धों की आबादी 64.28 प्रतिशत से बढ़कर 67.65 प्रतिशत हो गई है। भूटान में भी बौद्धों की हिस्सेदारी में वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद की यह रिपोर्ट हिन्दुओं के लिए बहुत ही चौकाने वाली तथा चिंताजनक तथा दुखद है। स्वतंत्रता के बाद हिंदुओं की घटती आबादी के लिए ,आखिर कौन जिम्मेदार है? निश्चय ही इसके लिए कांग्रेस व उसके गर्भ से निकलने वाले प्रधानमंत्रियों का शासनकाल व उनकी एकपक्षीय मुस्लिम तुष्टिकरण की नीतियों को ही सवाधिक दोषी माना जाएगा। विकृत राजनैतिक कारणों से भारत में बांग्लादेशी घुसपैठियों की बाढ़ आ गई है, सुदूर पूर्व से लेकर उत्तर के कठिन क्षेत्रों तक बड़ी संख्या में अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या बस्तियां हैं। तुष्टिकरण की घृणित राजनीति के कारण भारत के पूर्वोत्तर सहित नौ राज्यों में हिन्दू



अल्पसंख्यक हो गये हैं जबकि एक दर्जन से अधिक जिले ऐसे हैं जहाँ हिन्दू अल्पसंख्यक हो गये हैं। बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदू आबादी तो मात्र 30 प्रतिशत ही रह गई है और केरल का हाल तो सर्वविदित है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में भी हिंदुओं की घटती आबादी के लिए भी कांग्रेस शासनकाल की लचर नीतियां ही जिम्मेदार हैं क्योंकि जब इन देशों में हिन्दू व अन्य अल्पसंख्यक समाज के लोगों पर अत्याचार हो रहे थे और उन पर जघन्य अपराध करके उनका धर्मान्तरण किया जा रहा था तब भारत में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार में मुस्लिम तुष्टिकरण के कारण अपना मुंह बंद कर लेती थीं । कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन दलों का कहना है कि जनमानस के असली मुददों से ध्यान भटकाने के लिए यह झूठी रिपोर्ट जारी की गई है। इन लोगों का यह भी कहना है कि भाजपा के हाथ से यह चुनाव फिसलता जा रहा है जिसके कारण यह रिपोर्ट जारी की गई है । वास्तविकता यह है कोई भी सचेत और सतर्क व्यक्ति स्वयं अनुभव कर सकता है कि हिन्दू आबादी कम हो रही है और मुस्लिम आबादी तीव्रता के साथ बढ़ रही है। सच तो यह है कि ये रिपार्ट लोकसभा चुनावों में के मध्य विपक्ष और उसकी सहयोगी विदेशी ताकतों द्वारा चलाये जा रहे उस झूठे विमर्श को ध्वस्त कर रही है जिसमें जोर देकर कहा जा रहा था कि भारत में मुसलमान खतरे मे हैं और भारत में मुसलमानों पर अत्याचार हो रहा है। अभी हाल ही में अमेरिका से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत में अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव हो रहा है इस रिपोर्ट ने उस झूठ की धज्जियाँ उड़ा दी हैं ।आजकल लोकसभा चुनावों को लेकर हर संसदीय क्षेत्र की विभिन्न कोणों से रिपोर्टिंग की जा रही है जिनमें यह भी बताया जा रहा है कि कहां पर कितने मुस्लिम मतदाता हैं अगर इन रिपोर्ट्स को ही आधार मान लिया जाये तो स्थिति कुछ हद तक स्पष्ट हो रही है कि जमीनी सच्चाई कितनी बदल चुकी है और हिन्दू जनसंख्या को लेकर स्थितियां कितनी भयावह हो गई हैं। अधिकांश संसदीय सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 14 प्रतिशत से ऊपर जा चुकी है। कुछ इलाके जैसे बिहार का किशनगंज तो पूरी तरह से मुस्लिम बहुल हो चुके हैं। मुस्लिम आबादी के तीव्रता से बढ़ने पर कांग्रेस, सपा, बसपा सहित भारत के अन्य क्षेत्रीय व परिवारवादी दलों का वोट बैंक भी बढ़ता है यही कारण है कि वे हिन्दू समाज से सम्बंधित सभी मुद्दों की अवहेलना करते हैं और मुस्लिम माफियाओं को सर पे बैठाते हैं । थोक मुस्लिम वोट के लिए राम को काल्पनिक बताना, ज्ञानवापी में मिले शिवलिंग को फव्वारा बताना, कांवड़ियों को गुंडा कहना, सनातन की तुलना डेंगू से करना इनके लिए सामान्य बात है । थोक मुस्लिम वोट पाने के लिए उत्तर प्रदेश से लेकर महाराष्ट्र तक मतदान जैसे पवित्र कार्य के लिए वोट जिहाद का नारा दिया जा रहा है।मस्जिदों से मुसलमानों को बताया जा रहा है कि उन्हें किस सीट पर किस विरोधी दल के उम्मीदवार को जिताना है।

कांग्रेस, सपा, बसपा सहित इंडी गठबंधन आजकल जो संविधान बचाओ संविधान बचाओ का हल्ला कर रहा है वह असल में मुस्लिम तुष्टिकरण की विकृत राजनीति ही है।पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी बांग्लादेशी घुसठियों व रोहिंग्याओं की सुरक्षा कवच बन गई हैं ।मुस्लिम वोट बैंक के कारण विपक्ष इस ताजा रिपोर्ट को भी झूठा व ध्यान भटकाने वाला मुद्दा बता रहा है। गाया और जनसँख्या नियोजन के नाम पर हिन्दुओं की जबरदस्ती नसबंदी की गई। परिवार नियोजन कार्यक्रम को हिन्दुओं पर थोप दिया गया और मुसलमानों को उससे दूर रखा गया। हम दो, हमारे दो के नारे के तहत हिन्दुओं को ही टारगेट किया गया और विदेशों से धन लेकर इसके लिए कार्यक्रम चलाए गए जिसका कुप्रभाव अब दिखाई पड़ रहा है। बढ़ती आबादी केवल धार्मिक आधार पर ही चिंता का विषय नहीं है अपितु प्राकृतिक, भौगोलिक और सामाजिक संतुलन के लिए भी चिंताजनक है। जनसंख्या वृद्धि के कारण ही बेरोजागारी की समस्या में भी तेजी से वृद्धि हो रही है जिसके कारण आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही है। कांग्रेस, सपा, बसपा व अन्य इंडी गठबंधन में शामिल सभी भाजपा विरोधी दलों को भले ही घटती हुई हिन्दू आबादी की चिंता न हो किंतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल सहित तमाम हिंदू संगठन इसको लेकर चिंतित हैं । स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिन्दुओं की घटती आबादी पर अपनी चिंता व्यक्त करता रहा है और सरकार से धर्मांतरण की रोकथाम के लिए कड़े कानून, जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की बात करता रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी कार्यकारिणी में भी कई बार प्रस्ताव पारित कर चुका है जिसमें उसने सरकारों और देश वासियों से जानना चाहा है कि अगले 30 - 40 वर्षों में भारत कितने लोगों का भार सह सकता है। वर्तमान समय में हमारी जनसंख्या नीति कैसी हो हम इसे कैसे लागू करें। घुसपैठियों के कारण बढ़ रहे सामाजिक व सांस्कृतिक परिवर्तनों से समाज को कैसे बचाया जाये। संघ सभी सरकारों से जनसंख्या नियंत्रण कानून व समान नागरिक संहिता कानून लागू करने की मांग करता रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी लाल किले से अपने संबोधन में जनसंख्या नियंत्रण कानून की एक बार बात कर चुके हैं।

भारत के कट्टरपंथी मुसलमान, देश का विभाजन करा लेने के बाद भी उसी मानसिकता से चल रहे हैं जोव औरंगजेब के समय में थी और कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन के दल इन्हीं मुसलमानों के विचारों का अनुपालन कर रहे हैं। कांग्रेस चुनाव में प्रतिबंधित पीएफआई का सहयोग लेती है और मुस्लिम लीग की छाप वाला घोषणापत्र बनाती है।

# कविता

### गजल

समय को यूँ नहीं बर्बाद करना।
किसी को भी नहीं नाशाद करना।

मुझे हर फिक्र से आजाद करना।
मेरा दिल भी सनम कुछ शाद करना।

कभी भी याद आये जब हमारी,
हमेशा मुस्कुरा कर याद करना।

खुदा ने गर नवाजा है तुम्हे तो,
गरीबों की सदा इमदाद करना।

जमाने की भलाई माँगना तुम,
खुदा से जब कभी फरियाद करना।

जमाने को दिखाना बाद उसके,
नयी जब चीज कुछ ईजाद करना।

हमीद कानपुरी

## मोदी के लिए अपरिहार्य कैसे बने अमित शाह

आर.के. सिन्हा

**अमित शाह** राजधानी में अपने साउथ ब्लॉक के दफ्तर में जब काम करते होंगे, तब उनके जेहन में भी देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार पटेल का ख्याल अवश्य आता होगा। लौह पुरुष सरदार पटेल नें भी इसी साउथ ब्लॉक में बने गृह मंत्री कार्यालय से ही से देश की आंतरिक सुरक्षा को एक नई दिशा दी थी। वे भी बोलने में कम और काम करने में अधिक यकीन करते थे। अमित शाह का एक गुण यह भी है कि वे किसी अनावश्यक विवाद को खत्म करने में देर नहीं करते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शायद सोचा होगा कि वे अमित शाह को देश का भावी प्रधानमंत्री बताकर एक विवाद खड़ा कर देंगे।

पर उनकी यह मंशा सफल नहीं हुई, क्योंकि अमित शाह ने साफ कर दिया कि नरेन्द्र मोदी ही 2029 तक देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे। अमित शाह ने पहले भाजपा के संगठन में रहते हुए और फिर केन्द्रीय गृह मंत्री के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। भाजपा अध्यक्ष रहते हुए उनके संगठनात्मक कौशल को सबने देखा, लेकिन जो लोग उन्हें गुजरात के दिनों से जानते थे, वे बहुत हैरान नहीं हुए। फिर, 2019 में, वह केंद्रीय गृह मंत्री बने, और इसके साथ ही शुरू हुआ कई बड़े फैसलों को लेने का दौर। पिछले पांच वर्षों में, अमित शाह ने आंतरिक सुरक्षा को नया रूप दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देखरेख में भारतीय दंड विधान ( आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता ( सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम को बदला गया। अमित शाह मानते हैं कि कोई भी कानून 50 साल के बाद पुराना हो जाता है। 1860 से 2023 तक आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ था । आपको याद होगा जब जब भारत अपना 75वां स्वाधीनता दिवस मना रहा था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से पांच संकल्प किए थे। नए आपराधिक कानून उनमें से एक को पूरा करते हैं। सरकार ने नए कानूनों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम नाम दिया है। गृह मंत्री के रूप में अमित, शाह को प्रधानमंत्री का विश्वास और पूरा भरोसा प्राप्त है। वास्तव में, जब कोई राजनीतिक या सरकारी मुद्दा प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष लाया जाता है, तो कहा जाता है कि वह उस व्यक्ति से अमित शाह से भी सलाह लेने के लिए कहते हैं।

2019 में, गृह मंत्री बनने के तीन महीने बाद, अमित शाह संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के सरकारी कदम में सबसे आगे थे। इसके लिए कुशल राजनीतिक सूझबूझ की आवश्यकता थी। उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का पूरा समर्थन हासिल था। चार साल बाद, सुप्रीम कोर्ट ने फैसले की वैधता को बरकरार रखा, जो कि भाजपा ने भारत के अंतिम एकीकरण में सबसे बड़ी बाधा के रूप में देखा था।

# विचार

## स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार

संजीव

भारतीय ऋषियों ने अथर्व वेद में माताओं को माता भूमिह पुत्र अहं पृथ्व्या अर्थात भूमि मेरी माता है और हम इस धरा के पुत्र हैं, कहकर प्रतिष्ठित किया है,तभी से विश्व में नारी महिमा का उद्घोष हो गया था। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि 'मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा'। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है। तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था।विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार, बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट्र को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है।

सही मायनों में महिलाएं ही संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की संरक्षिका होती है। वे पीढ़ी दर पीढ़ी इसका संचालन आरक्षण करती आ रही है। पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महती रही है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## राष्ट्रीय सुरक्षा पर बेतुकी बयानबाजी

डॉ.ओ.पी. त्रिपाठी

**राष्ट्रीय** सुरक्षा से बड़ा कोई मुद्दा हो ही नहीं सकता। इस मुद्दे के सामने बाकी सारे मुद्दे गौण हो जाते हैं। असल में राष्ट्र है तो हमारा भी अस्तित्व है। राष्ट्र के बिना हमारी क्या बिसात और अहमियत। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे अति गंभीर, महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दे पर जब कोई भी बेतुकी टिप्पणी या बयानबाजी की जाती है तो देशवासियों को अंदर तक चोट पहुंचती है। लोगों में इस बात का दर्द होता है कि वो कौन लोग हैं, जो इस तरह की बेतुकी बयानबाजी राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे गंभीर मुद्दे पर करते हैं। उनकी आस्था, विष्वास और वफादारी किसके लिए है। कम से कम अपने देश की लिए तो नहीं है। जिस देश की मिट्टी मे वो पैदा हुए, जिसके जल और जीवन से उनका जीवन चल रहा है वो उसकी प्रति वफादार न होकर देश के दुश्मनों के साथ खड़े दिखाई देते हैं। ऐसे तमाम प्रकरण है जब अपनी राजनीति चमकाने और सरकार पर हमला करने की नीयत से विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे करोड़ों लोगों के जीवन से जुड़े प्रश्न पर बेतुकी बयानबाजी करता है। जिसकी कड़े शब्दों में निंदा और भर्त्सना करनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर के पुंछ इलाके में बीती 4 मई को आतंकियों ने वायुसेना के काफिले पर हमला किया था, जिसमें एक जवान ने शहादत दी और चार घायल अब भी उपचाराधीन हैं। इस हमले को पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने भाजपा की ह्यचुनावी स्टंटबाजीह्ण करार दिया। इससे बड़ी नालायकी और संवेदनहीनता क्या हो सकती है? यह राष्ट्रीय सुरक्षा और सेनाओं के सम्मान की अनिवार्यता का भी उल्लंघन है कि एक सरहदी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने ऐसा बयान दिया है।पुंछ के घने, गहरे, जंगलात इलाकों में सेना और सुरक्षा बलों का ऑपरेशन अब भी जारी है, आतंकियों के दो स्केच जारी कर 20 लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है और आश्चर्य है कि इस कवायद को स्टंटबाजी करार दिया गया है। कांग्रेस नेताओं को सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट हवाई आक्रमण भी फर्जी और स्टंट लगे थे। वे लगातार सरकार से सवाल पूछते रहे और व्याख्याएं करते रहे कि आतंकी अड्डे नेस्तनाबूद नहीं हुए, बल्कि हमलों की चपेट में कुछ पक्षी आ गए थे।

## लोगों को ज्ञान देने के लिए उन्हें अज्ञानी बनाना जरूरी

डॉ. सुरेश कुमार

"**आप** रहने ही दीजिए। आपसे नहीं हो पाएगा। भैया जी आज के जमाने में लोगों को ज्ञान देने के लिए उन्हें अज्ञानी बनाना जरूरी है। केवल वाट्सप ग्रुप बनाकर एडमिन बने रहने से सिर्फ घांस छील पाओगे। ऐसा करते रहोगे तो समझो हो गया, कारवाँ गुजर जाएगा और आप गुबार में ही फसें रहोगे। टुकड़ों में यहाँ-वहाँ से बटोरने से कुछ नहीं होता। यह फेंकू ज्ञान है। असली ज्ञान से भी ज्यादा कीमती। असली ज्ञान की तथ्यता स्त्रोतों, संदर्भों, इंटरनेट से सिद्ध हो जायेंगे। लेकिन फेंकू ज्ञान को जलेबीदार उलझाऊ बातों से सिद्ध करना पड़ता है। समझे बरखुरदार! मैं और मेरे जैसे अनेक बंधु ताजमहल, ज्ञानवापी, कुतुब मीनार, जामा मस्जिद, लाल किला देखकर लौट भी आये और अब खुदाई करने वालों सहित सब को अपना ज्ञान रोजाना परोस रहे हैं और आप यहीं व्यंग्य जैसी बेकार चीज लिख रहे हैं। आपने कल देखा नहीं कि ऊधर खोजी लोग ज्ञानवापी पहुँचे कि नहीं इधर ज्ञान की सहस्त्रधारा चहुँ ओर बह निकलीं थीं।" बिअंग भैया जैसे व्यंग्यकार के भीतर से व्यंग्य का कीड़ा निकालने की कसम खाए फेंकूराम ने कहा- "हम वॉट्सऐपियों ने ही बताया कि ज्ञानवापी के तहखाने में शिवलिंग दैदीप्यमान की तरह चमक रहा है। एक से बढ़कर एक छवियाँ क्रॉप करके धड़ल्ले से पोस्ट कर डाले। सामने वाले की गैलरिया चुटकियों में फुल कर डाले। वह ससुरा इसी में उलझा रहेगा कि तस्वीरें देखें या गैलरी साफ करे। किसी की जगह पर कोई दूसरा कुछ बनाएगा तो खोजबीन होगी ही। आगे तेजोमहल का भी यही हाल होने वाला है। सारा इतिहास हम अपने व्हाट्सप में धरकर चलते हैं। ज्ञानवापी से शिवलिंग की ली गयी पहली तस्वीर को खोजियों को प्राप्त करने, देखने और जारी करने के पहले ही हम व्हाट्सपवीरों ने उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया था। सारी दुनिया जैसा करती है, वैसा आप भी किया करो बिअंग भाई। जानते नहीं, हाथी के दाँत दिखाने के कुछ और तथा खाने के कुछ और होते हैं। भीड़ तंत्र का हिस्सा बनो भीड़ तंत्र का। गधा भी अपने को कभी गधा नहीं बोलता, वह चुप रहने के बजाय मौका मिलते ही अपने को घोड़ा साबित करने पर तुल जाता है चाहे उसका ढेंचू-ढेंचू पसंद किया जाये या न किया जाए।

## न्यूज फ्लैश

### संत विवेकानंद विद्यापीठ पुरखास का परीक्षा परिणाम सराहनीय



**गन्नौर। पुरखास स्थित** संत विवेकानंद विद्यापीठ का कक्षा दसवीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के 29 बच्चों में से 16 बच्चों ने मेरिट प्राप्त की। छात्रा किरण 98 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, निखिल 97 .4 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय और गरिमा 96 .2 प्रतिशत अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। प्राचार्य राजकुमार गुलिया व निदेशक पूनम गुलिया ने सभी होनहार बच्चों को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को मिठाई खिला कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### प्रयास इंटरनेशनल स्कूल का एकलव्य 96 प्रतिशत अंक लेकर विज्ञान संकाय में प्रथम



**गन्नौर। सीबीएसई** द्वारा घोषित 10वीं व 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में स्कूलों का परिणाम शानदार रहा। प्रयास इंटरनेशनल स्कूल का 12वीं कक्षा में विज्ञान संकाय में एकलव्य जैन 96 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहा। कला संकाय में नेहा 92 प्रतिशत व वाणिज्य संकाय में प्रियांशी प्रथम स्थान पर ही। वहीं कक्षा 10वीं में ईशु ने 96 .6 व अंजली ने 96 .2 व यशिका त्यागी ने 95 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल निदेशक संजय जैन व अमित बत्रा ने सभी छात्रों को बधाई दी।

### आरपीएस के दीपांकित ने पाए 97 .4 प्रतिशत, परिणाम शत- प्रतिशत



**गन्नौर। रौनक पब्लिक** स्कूल का 10वीं व 12वीं कक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा में दीपांकित 97 .4 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, लक्ष्य 96 .6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व मिशल 96 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 10वीं में सत्यम दूबे 95 .4 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, वाणी 95 .2 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व गाथा जैन और सान्वी 95 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्राचार्या रजनी शर्मा ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी।

### श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान, भक्ति, वैराग्य का संगम : सुधाकर



**गन्नौर। बसंत विहार** में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह यज्ञ के दूसरे दिन सोमवार को हरिद्वार से आए कथा वाचक श्री सुधाकर महाराज में कुंती स्तुति, भीष्म स्तुति व श्रीशुकदेव प्राकटम का वर्णन किया। उन्होंने वर्णन करते हुए बताया कि कुंती ने भगवान से वरदान में दुख और विपत्ति की मांग की। कुंती ने बताया कि सुख में लोग भगवान को भूल जाते हैं और दुखों में विपदा के समय प्रभु का सदैव स्मरण करते हैं। उन्होंने भीष्म स्तुति व सुकदेव जी से परीक्षित का प्रश्न सहित अन्य प्रसंगों की विस्तारपूर्वक व्याख्या की। इस प्रसंग में राजा परीक्षित को षि बालक के द्वारा सात दिन में मरने का श्राप दिया गया।

इस श्राप से मुक्ति के लिए सुकदेव जी का आगमन होता है। इसी प्रश्न के समाधान में श्रीमदभागवत गीता तैयार हुई है। जिसमें 18 हजार श्लोक, 335 अध्याय, 12 स्कंध समाहित है। कथा में ज्ञान, भक्ति, वैराग्य का संगम है। संपूर्ण श्राप से मुक्ति दिलाने वाली ही भागवत कथा है। कार्यक्रम की व्यवस्था मंडल के प्रधान संजय गौत्तम, संरक्षक प्रवीन सिंघल, सचिव राजेश चौहान, कोषाध्यक्ष राजीव राय, उपाध्यक्ष प्रवेश मदान सहित अन्य सदस्य संभाल रहे हैं।

# शहीदों के सपनों का भारत बनाने का काम कर रहे पीएम मोदी : भजनलाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। राजस्थान के** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश में आजादी की लड़ाई में मां भारती के कितने वीर सपूतों ने अपने जीवन को समर्पित किया। आजादी के लिए बड़ा त्याग कर देश को आजादी दिलवाई। जो उन शहीदों वीरों के सपने थे, वे जैसा भारत चाहते थे। आजादी के बाद एक ऐसी पार्टी आई जिसने उनके सपनों को खत्म करने का काम किया,लेकिन 2014 के बाद देश की जनता ने परिवर्तन देखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शहीदों के सपनों को साकार करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल ने भी प्रधानमंत्री मोदी के पदचिन्हों पर चलते हुए हरियाणा को आगे बढ़ाने का काम किया है। मनोहर लाल ने हरियाणा एक.हरियाणवीं एक का नारा देकर



काम किया है। आज मनोहर लाल द्वारा लागू की गई योजनाओं की तारीफ पूरे देश में होती है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को असंध में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के लिए वोट की अपील की। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि 2014 से पहले आए दिन बड़े बड़े भ्रष्टाचार सामने आते थे।

2014 के बाद कोई भ्रष्टाचार सामने नहीं आया है। 2014 से पहले देश में आतंकी हमले होते थे। हमारे देश को निशाना बनाया जाता था। 2014 के बाद देश में आतंकवाद कहीं भी नजर नहीं आया। अब कोई हमारे देश की तरफ आंख उठाने की हिम्मत नहीं करता। कुछ लोग देश में तुष्टिकरण के आधार पर देश को दबाना चाहते थे। कांग्रेस कई दशकों से गरीबी हटाओ का नारा देती रही और वे आज भी गरीबी हटाने का नारा दे रहे हैं। 70 साल से यही नारा देते आ रहे हैं। लेकिन ये लोग गरीबी हटा नहीं पाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का गरीबों से कोई नाता नहीं है। देश में यदि किसी ने गरीबों के बारे में सोचा और गरीबों के लिए काम किया तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब कल्याण योजनाएं चलाकर देश के गरीबों का भला किया। देश के विकास के लिए काम किया। सीमा सुरक्षा के लिए काम किया। दुनिया में बढ़ता भारत का गौरव बढ़ाने का काम किया। कांग्रेस आज तक देश को जाति के आधार पर बांटते आई है और अब रंग भेद से बांटने का काम कर रही है।

## नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं : असीम गोयल



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। परिवहन मंत्री** विधायक असीम गोयल ने भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल पंहुचने पर कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत पूरे विश्व में ऊंचाईयों को छू रहा है। आज से दस साल पहले भारत को दयनीय दृष्टि से देखा जाता था। मगर अब भारत नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। असीम गोयल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने हमेशा देश हित में हमेशा कठोर फैसले लिए हैं, जिसका ताजा उदाहरण है धारा 370 को हटाना। इसके अलावा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हिन्दुओं की आस्था का प्रतीक राम मंदिर का निर्माण हुआ, जो कि पहले राम मंदिर को लोग केवल नारा कहते थे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी हर काम को संकल्प के रूप में लेते हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी का चार सौ पार का नारा भी केवल नारा नहीं, यह मोदी का संकल्प है और यह अवश्य पूरा होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा हरियाणा प्रदेश की सभी दस की दस लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त करने के साथ-साथ करनाल विधानसभा उप चुनाव में रिकॉर्डतोड़ मतों से विजय प्राप्त करेगी तथा देश व हरियाणा में फिर से विकास की गंगा बहेगी।

## सोनालीका ने अप्रैल में की 11,656 ट्रैक्टरों की बिक्री

**चंडीगगढ़:** अग्रणीय ट्रैक्टर कंपनी सोनालीका ट्रैक्टर्स ने वित्त वर्ष 2025 की बेहतरीन शुरूआत के साथ अप्रैल माह में कुल 11,656 ट्रैक्टर ब्रिकी दर्ज की। इस बिक्री के साथ कंपनी ने अप्रैल में मार्केट शेयर में भी बढ़ोतरी दर्ज की है। होशियारपुर स्थित सोनालीका के विश्व नंबर एक ट्रैक्टर प्लांट में तैयार किया गया हर इनोवेटिव ट्रैक्टर किसानों के लिए उत्पादकता और लाभ प्रदान करने के मामले में उत्कृष्ट रहा है। कंपनी ने पहले से ही पांच साल की वारंटी और अपनी वेबसाइट पर ट्रैक्टर कीमतें प्रदर्शित कर दी है जो सोनालीका को किसानों द्वारा एक विश्वसनीय पार्टनर के रुप अपनाने के लिये मददगार रहा है।

## मोदी को 140 करोड़ देशवासियों की चिंता : रेनू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। निवर्तमान मेयर** रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि 2024 का यह लोकसभा चुनाव देश के भविष्य, राष्ट्र और बच्चों के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 सालों में किस तरह से देश और शहर में परिवर्तन हुआ है। आजादी के इतने सालों के बाद भी देश की संस्कृति और सभ्यता के प्रति प्रधानमंत्री ने जागरूकता की अलख जगाई। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मनोहर लाल ने कमान संभाली थी, तब से आज हमारा देश और प्रदेश लगातार ऊंचाइयां छू रहा है। रेनूबाला गुप्ता सोमवार को करनाल में आयोजित कई कार्यक्रमों



में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और करनाल विधानसभा से उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए वोट की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विश्वास दिलाया कि वे मनोहर लाल और नायब सिंह सैनी को भारी मतों से विजयी बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेकों योजनाएं हर वर्ग के लिए चलाकर सबका भला करने का काम किया है। पीएम मोदी ने 20.20 घंटे जाकर राष्ट्र की सेवा के लिए काम किया। उन्होंने कश्मीर से धारा 370 को खत्म किया। सैनिकों के सम्मान में सर्जिकल स्ट्राइक हुई। आज देश चौकन्ना हो चुका है और हमारे देश की तरफ कोई आंख उठाकर नहीं देख सकता। पीएम मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों की चिंता करते हुए काम किया है। यूक्रेन युद्ध के बीच भारतीय विद्यार्थियों को आंच तक नहीं आने दी और उन्हें सुरक्षित निकाल कर लाया गया। भारत जल्द नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी आर्थिक शक्ति बनेगा। उन्होंने कहा कि करनाल लोकसभा से मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में नायब सिंह सैनी को प्रचंड मतों से विजयी बनाएं, ताकि मनोहर लाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर देश और करनाल लोकसभा की जनता की सेवा करें।

## चाइल्ड केयर स्कूल में दसवीं कक्षा के परिणाम में छात्रों ने मारी बाजी



**गन्नौर। चाइल्ड केयर** स्कूल हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के निदेशक अजय यादव ने बताया कि स्कूल की छात्रा हिमांशी और सारिका ने 97 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल के 10 बच्चों हिमांशी ,सारिका, अमन, शिखा, स्वाति तन्नु, नैंसी, पायल, तमन्ना, आर्यन, जानवी ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्या पूजा यादव ने बताया कि इसके अलावा 30 छात्रों ने मैरिट ली और अन्य छात्र प्रथम श्रेणी में पास हुए। स्कूल के मेधावी छात्रों को निदेशक अजय यादव व शिक्षकों ने गोल्ड मेडल पहनाकर उन्हे सम्मानित किया गया व छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल के मेधावी छात्रों ने बताया कि हमे अपने निर्धारित लक्ष्य को पाने के लिए मेहनत करनी होती है, फल अपने आप मिल जाता है, सफलता का कोई शॉर्टकट नही होता। हमारे प्रिंसिपल ने सिखाया है नकल पर कभी भी आश्रित न रहो और पूरे वर्ष मेहनत करों।

## चाईल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में हुई माताओं की प्रतियोगिताएं

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: चाइल्ड केयर इंटरनेशनल** स्कूल शेखपुरा में मदर्स डे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित करके प्रधानाचार्य अक्षिदा आहूजा व खिजरपुर अहीर से पांचवी कक्षा की छात्रा निधि तथा दूसरी कक्षा के छात्र शिवांक की दादी व अन्य अभिभावकों ने की। विद्यालय के निदेशक अजय यादव, सी.ई.ओ. रमेश वशिष्ठ ,प्रधानाचार्य अक्षिता आहूजा ने छात्राओं की की माताओं का स्वागत किया गया।





विद्यार्थियों ने माता ने कविता ,नृत्य, भाषण, नाटक आदि अनेक प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम अनेक प्रकार के खेल, नृत्य ,भाषण आदि सभी के समक्ष प्रस्तुत किए। म्यूजिकल चेयर राउंड में (कैलाना) से सुजाता, पांचवी कक्षा के मयंक और सातवीं कक्षा की पलक की मां ने प्रथम स्थान, मिस ड्रेस टू इंप्रेस प्रतियोगिता में पांचवी कक्षा की छात्रा गरिमा की मां पारुल प्रथम रही , मिस हाई हील्स प्रतियोगिता में छात्रा पूर्वी की माता अनु प्रथम रही, मिस डांसिंग क्वीन प्रतियोगिता में रेखा (भावर) से प्रथम रही।

मिस परफेक्शनिस्ट प्रतियोगिता में प्रियंका (खिजरपुर अहीर)से प्रथम रही, मिस ब्यूटी विद ब्रेन प्रतियोगिता में आरी (गुमड)से प्रथम रही। मिस मेलोडियस प्रतियोगिता में छात्र वीर की माता किरण (खिजरपुर अहीर) से प्रथम स्थान पर रही। सभी विद्यार्थियों ने अपनी अपनी मदर को टोकन आफ लव देकर उनका सम्मान किया गया। निदेशक अजय यादव ने मदर्स डे के बारे में व मां की महिमा के बारे में बताया। प्रधानाचार्य अक्षिता आहूजा ने सभी माताओं का कार्यक्रम में पहुंचने पर आभार जताया।

## बी आर ग्लोबल का दसवीं व बाहरवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: सीबीएसई द्वारा कक्षा** बारहवीं और दसवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम में खेड़ी रोड स्थित बी आर ग्लोबल विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्या पूजा पहल ने बताया कि कला वर्ग में श्रुति ने 94.2 प्रतिशत अंक, आर्यन ने 92.2 प्रतिशत अंक तथा तन्नू ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। साइंस वर्ग से अंशुल ने 92.5,नीशू ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कॉमर्स वर्ग से शिखा ने 92.2 प्रतिशत अंक



प्राप्त किए। कक्षा बारहवीं के 22 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों का भी वार्षिक परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा। विद्यालय की होनहार छात्रा रिया ने 93.8 प्रतिशत, स्वाति ने 92 प्रतिशत और शिवम ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा दसवीं के 15 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए प्रधानाचार्या पूजा पहल, निदेशक राकेश यादव तथा शिक्षकों ने विद्यार्थियों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर हार्दिक देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

## 100 से ज्यादा गांवों में विशेष प्रचार वाहन करेगा मतदाताओं को जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। अंडर ट्रेनिंग** आईएएस योगेश सैनी ने कहा कि करनाल लोकसभा आम चुनाव 2024 में 100 फीसदी मतदान करवाने के लक्ष्य को पूरा करने में जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की अहम भूमिका रहेगी। इस विभाग द्वारा विशेष साज-सज्जा के साथ तैयार किया गया प्रचार वाहन जिले के 100 से ज्यादा गांवों में पंहुचेगा। इस वाहन के माध्यम से मतदाताओं को 25 मई के दिन वोट डालने के प्रति जागरूक किया जाएगा। अंडरट्रेनिंग आईएएस योगेश सैनी लघु सचिवालय से जिला सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले अंडरट्रेनिंग आईएएस



योगेश सैनी, डीआईपीआरओ डॉ. नरेंद्र सिंह, एआईपीआरओ रघुबीर सिंह ने विशेष प्रचार वाहन को हरी झंडी देकर रवाना किया। योगेश सैनी ने कहा कि उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह के आदेशानुसार करनाल जिले में स्वीप गतिविधियों का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ही जिला सूचना एवं जन संपर्क विभाग का विशेष वाहन करनाल जिले की विधानसभा इंद्री, घरौंडा, असंध, नीलोखेड़ी व करनाल के बड़े गांवों में पंहुचेगा। इस वाहन पर जन संपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा तैयार किया गया गीत लोगों को 25 मई के दिन वोट डालने का संदेश देगा। इस गीत के माध्यम से एक-एक वोट की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया गया है। उन्होंने कहा कि 13 मई को रम्बा, खेड़ी मान सिंह, समौरा, गढ़ी जाटान, बीबीपुर जाटान, जनेसरों, नौरता, इंद्री, मटक माजरी, 14 मई को कोहंड, गुढा, शेखपुरा, मलिकपुर, फुरलक, उपली, रसीन, हसनपुर, बस्ताड़ा, 15 मई को चिड़ाव, जुंडला, कतलेहड़ी, बांसा, मन्चूरी, अलावला, जलमाना, उपलाना, चौरकारसा, डाचर, गोंदर, निसिंग, 16 मई को तरावड़ी, नीलोखेड़ी, अंजनथली, कमालपुर, ब्राह्मण माजरा, जाम्बा, निगदू, 17 मई को सैदपुरा, डबरी, रतनगढ़, पुण्डरक, जरीफाबाद, काछवा, 18 मई को कुंजपुरा, बड़ा गांव, घीड़, चौरा चौरपुरा, ब्याना, बदरपुर, कलसौरा, गढ़ी बीरबल, 20 मई को कुटैल, मुबारकाबाद, कालरम, चौरा, माजरा, कैरवाली, अमृतपुर, गंजोगढ़ी, रांवर, फूसगढ़, सुबरी, माजरा, 21 मई को बल्ला, मानपुरा, सालवन, रिसालवा, दुपेडी, फफड़ाना, असंध, जयसिंहपुरा, 22 मई को बुटाना, मनकमाजरा, रामपुर, रायपुर, बराना, बरानी, अरजेहड़ी, सीकरी, संधीर, काला माजरा, 23 मई को मॉडल टाउन, सदर बाजार, बांसो गेट, जुंडला गेट, जाटो गेट शिव कॉलोनी, रामनगर तथा 24 मई को हरिसिंह पुरा, अलीपुरा, कैमला, कैरवाली, डींगर माजरा, घरौंडा, गगसीना, खेड़ी मूनक, मूनक, एंचला में पंहुचेगा।

## पीएम मोदी की गारंटी पर मतदाताओं की मुहर : रवि कुंडली

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। रिपब्लिकन पार्टी** ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष रवि कुंडली ने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी पर मतदाताओं की मुहर लग चुकी है। मतदाताओं ने अपनी मंशा साफ कर दी है कि वह लोकसभा चुनाव में भाजपा को दिल खोलकर समर्थन करेंगे। जनता के मिल रहे समर्थन से स्पष्ट हो चुका है कि एनडीए 400 पार का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लेगा। देश में एक बार फिर प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनेगी। रवि कुंडली सोमवार को सेक्टर-9 स्थित कर्ण कमल कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सामाजिक न्याय



एवं अधिकारिता राज्यमंत्री और आरपीआई (आठवले) के अध्यक्ष रामदास आठवले 21 मई को करनाल पहुंचेंगे और करनाल लोकसभा से मनोहर लाल और उप चुनाव में विधानसभा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी सहित सभी 11 उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अमरनाथ सौदा भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश की जनता को पारदर्शी भ्रष्टाचारमुक्त शासन देने के लिए कटिबद्ध हैं और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का ध्यान इसी पर है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पदचिन्हों पर चलते हुए काम किए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है, जिसका लाभ आने वाले कई सालों तक किसानों से लेकर बेरोजगारों तक को मिलेगा। रवि कुंडली ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि जब तक देश के प्रत्येक गरीब व्यक्ति के पास गैस कनेक्शन, बैंक खाता, पक्का घर और आयुष्मान भारत कार्ड नहीं हो जाता, तब तक सरकार आराम से नहीं बैठेगी। इसी रास्ते पर काम करते हुए पिछले 10 सालों में करोड़ों लोग गरीबी से बाहर आए हैं। इस रास्ते पर काम करके भारत गरीबी मिटा देगा और एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा।

## एम डी स्कूल के 56 बच्चों में से 38 बच्चों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक लाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: एम.डी. सीनियर सेकेंडरी** स्कूल सरढाना के छात्रों ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। प्रधानाचार्य जोगेन्द्र मलिक ने बताया कि स्कूल के 56 बच्चों में से 38 बच्चों ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक लेकर अपने विद्यालय का नाम रौशन किया और बाकी 18 बच्चे भी प्रथम श्रेणी से पास हुए। छात्र रितिक ने 493 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अंशिता ने 484 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, रितिका ने 483 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान





हासिल किया। इसके अलावा खुशी 480, वंश 479, रिचा 477 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय और माता-पिता का नाम रोशन किया। प्राचार्य जोगेंद्र मलिक ने छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## न्यूज फ्लैश

### जगदीश चंद्र वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढोल में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा कल कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें पूरे प्रदेश में 95 .22% विद्यार्थी पास हुए। जबकि विद्यालय में 72 विद्यार्थियों ने परीक्षा में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई थी । जिसमें से 71 बच्चे पूर्ण रूप से पास हुए हैं। विद्यालय का परिणाम 98 .6% रहा है। विद्यार्थियों ने 21 मेरिट प्राप्त की है, 40 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की है और 10 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा पास की है।

आज विद्यालय में गांव की पंचायत व विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गांव की सरपंच रूमा देवी पत्नी बलिंदर सिंह सांगवान ने मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को फूलों की माला पहनाकर अपना आशीर्वाद दिया। सरपंच रूमा देवी ने अपने संबोधन में बताया कि कैसे प्राइवेट विद्यालयों के मुकाबले में सरकारी विद्यालय मेहनत के बल पर आगे बढ़ रहे हैं। सरपंच मैडम ने विद्यालय की सभी अध्यापक साथियों को उनकी मेहनत व लगन से किए गए कार्य के लिए धन्यवाद दिया और विद्यार्थियों को हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा आर्य जी ने अच्छे परीक्षा परिणाम आने के उपलक्ष में विद्यालय में सभी विद्यार्थियों को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा करवाया। श्रीमती सीमा आर्य जी ने अपने संबोधन में बताया की पिछले वर्ष विद्यालय के सभी अध्यापक साथियों ने जो मेहनत की है उसका परिणाम हमें मिल रहा है । कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 100% रहा था और कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम भी बहुत शानदार रहा है। प्रधानाचार्य जी ने आश्वासन दिया कि आगामी वर्षों में भी विद्यालय इसी तरह अपनी मेहनत के बल पर उचित परिणाम व उपलब्धियां गांव के समक्ष प्रस्तुत करता रहेगा। विद्यालय में प्रथम स्थान जिज्ञासा पुत्री संदीप 477/500 (95 .4%)द्वितीय स्थान मनप्रीत देवी पुत्री शेखर चंद 463/500 (92 .6%), विशाल पुत्र गुरमीत 463/500 (92 .6%), तृतीय स्थान सिमरन पुत्री जसविंदर 446/500 (89 .2%) ने प्राप्त किया है। सभी विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्य व प्रधान, गांव के सभी पंच, विद्यार्थियों के माता-पिता, विद्यालय से सभी स्टाफ सदस्य, गांव के मुख्य समाजसेवी साथी मौजूद रहे।

### ब्राह्मण उत्थान परिषद ने भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया



**सोनीपत** भगवान परशुराम जन्मोत्सव ब्राह्मण उत्थान परिषद के द्वारा 36 बिरादरी के भाईचारे के साथ बहुत ही धूमधाम से मनाया गया । ब्राह्मण उत्थान परिषद के अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने भगवान परशुराम चौक से शोभायात्रा को रवाना किया जो शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई कम्युनिटी सेंटर सेक्टर 15 पहुंची वहां पर बाहर से आए हुए अतिथियों का मान सम्मान किया गया। इस मौके पर दादा हरिराम दीक्षित,भाई नवीन जय हिंद, ने शोभायात्रा में शामिल होकर भाइयों का मान सम्मान बढ़ाया, शोभायात्रा में मोनू रावण सालोनिया टीम,राधे पंडित तिलपत टीम, गांव खानपुर से पंडित जय भगवान शर्मा, योगेश और सोनीपत जिले से हर गांव से बढ़-चढ़कर भाई शोभायात्रा में शामिल हुए। ब्राह्मण उत्थान परिषद टीम पिछले डेढ़ महीने से इस आयोजन की तैयारी में लगे हुए थे उनकी मेहनत आज रंग लाई । इस मौके पर प्रदीप, प्रदीप अत्री, इंद्र शर्मा, कपिल , जमदग्नि, एडवोकेट रविंद्र शर्मा, हिमांशु शर्मा, हर्ष शर्मा, राजेश शर्मा, परशुराम मौजूद रहे।

# हरिपुर स्कूल के छात्रों ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में मारी बजी

## दोनों कक्षाओं का बोर्ड बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत : बलजीत

**मेरिट**

**12वीं और 10वीं में मेरिट आए विद्यार्थियों के लिए "सम्मान समारोह "आयोजित किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर मे 12वीं और 10वीं में मेरिट आए विद्यार्थियों के लिए "सम्मान समारोह "आयोजित किया गया । जैसा कि सभी को विदित है की दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 12 मई को घोषित हो चुका है और इस बार भी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर के छात्रों ने बाजी मारी है ।विद्यालय का दसवीं का परीक्षा परिणाम 100% रहा ।विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र ओजस पुत्र श्री राजीव कुमार ने 480 /500 (96%) अंक प्राप्त किए हैं जो हम सबके लिए गौरव का विषय है वही छात्रा पायल व आशना द्वारा 88% खुशी व स्पार्क सौदे के द्वारा 87% अंक प्राप्त किए गए ।विद्यालय के लगभग 21 विद्यार्थियों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त करके मेरिट में स्थान बनाया है वहीं 37 विद्यार्थी 60 % से ऊपर रहे। इसके अतिरिक्त 12 विद्यार्थियों ने 50 %से 60% के बीच में अंक प्राप्त किया हैं।इसके अतिरिक्त विद्यालय का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी अति उत्तम रहा ।जहां विज्ञान संकाय में हर्ष कौशिक पुत्र श्री विजय कौशिक ने 95% अंक प्राप्त करके विद्यालय और खंड शाहाबाद का नाम रोशन किया वही भूपेंद्र सिंह 91% अंक प्राप्त करके द्वितीय स्थान व मुस्कान 89% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान पर रही । कला संकाय में जतिन मलिक ने 88% अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया वहीं युवराज 86% अंक प्राप्त कर-के द्वितीय स्थान पर व विजय 85%अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के 31 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में अपनी जगह बनाई।इन सभी विद्यार्थियों को आज विद्यालय प्रांगण में फूल मालाओं के साथ सम्मानित किया गया वह गांव हरिपुर में एक भव्य रैली का आयोजन किया गया जहां ग्राम वासियों को विद्यालय के शत प्रतिशत परिणाम से अवगत कराया गया ।इस समय विद्यालय का माहौल खुशी ,उमंग व उत्साह से भरा हुआ था ।विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों ने ढोल के नगाड़े पर नृत्य करके अपनी खुशी जाहिर की और एक नये रोमांच का एहसास करवाया ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री बलजीत सिंह जास्ट जी ने सभी विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी और अपने आशीष वचनों से सबके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों को अथक परिश्रम करने की प्रेरणा दी और कहा कि जो विद्यार्थी वर्ष के शुरूआत से परिश्रम करना प्रारंभ कर देते है।

## सार्थक साहित्य मंच की काव्य गोष्ठी हुई आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** सार्थक साहित्य मंच, कुरुक्षेत्र की मई मास की काव्य गोष्ठी श्री रतन चंद सरदाना जी की अध्यक्षता में और अन्नपूर्णा की मेजबानी में गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,कुरुक्षेत्र में आयोजित की गई । इस का कुशल मंच संचालन डॉ.बलवान जी ने किया। मातृ दिवस ,परशुराम जयंती और चुनावी मौसम पर व अन्य विषयों पर रचनाकारों ने अपनी रचना सुनाकर वातावरण कभी भावुक कर दिया तो कभी हंसी के ठहाके गूँज उठे । इस काव्यगोष्ठी में निम्नलिखित रचनाकारों ने सहभागिता की डॉ.शकुंतला शर्मा, श्री कस्तूरी लाल शाद, श्री रतन चंद सरदाना ,अन्नपूर्णा शर्मा, डॉ.ममता सूद ,डॉ. बलवान सिंह ,शिव किरमच, राधा अग्रवाल, अनीता रामपाल , सुधीर ढांडा, सूबे सिंह सुजान,कैथल से डॉ. प्रदुमन भल्ला, पानीपत से कमलेश कुमार ,पालीवाल और मध्य प्रदेश से आए शैलेश तिवारी जी ।डॉ. शकुंतला शर्मा ने कहा कि मां किरदार नहीं होती ,मां एक समंदर

**रचना**

**चुनावी मौसम पर व अन्य विषयों पर रचनाकारों ने अपनी रचना सुनाकर वातावरण कभी भावुक कर दिया**

होती है ,दुनिया की हर एक नेहमत मां के अंदर होती है ।कस्तूरीलाल शाद ने कहा कि खुश होते जा के जीव सभी,जब माँ के दर्शन करते हैं।आशीष में इसकी गरिमा है,प्रभु भी इसका दम भरते हैं।रतन चंद सरदाना ने कहा कि प्रभात की इस बेला में,

तुम थाल सजाकर ,कहां चली हो तुम नारी?

आओ तुम्हारे ।डॉ.ममता सूद ने कहा कि मतदान करो, मतदान करो ,अपनी वोट का सम्मान करो ,अधिकार दिया संविधान ने उसका तुम सम्मान करो ।

गोष्ठी में उपस्थित अन्य कवियों ने भी-अपनी अपनी कविताएं प्रस्तुत की।

# स्वच्छ और स्वस्थ परिवार के लिए माताओं की अहम भूमिका: ब्रह्माकुमारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** ब्रह्माकुमारी अंबाला कैंट द्वारा मातृ दिवस पर "स्वच्छ और स्वस्थ परिवार के लिए माताओं की भूमिका" नामक कार्यक्रम के तहत पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया जिसमें हमारे पैनलिस्ट रहे - डॉ कमलेश दत्ता (वरिष्ठ गायनेकोलॉजिस्ट, इंडियन एसोसिएशन की पूर्व अध्यक्ष), सुषमा सिंह (प्रान्तीय महिला संयोजिका अम्बाला भारत विकास परिषद विवेक शाखा), राजयोगिनी बीके आशा दीदी (निर्देशिका, अम्बाला सब जोन),



बीके शोभा दीदी, बीके शैली दीदी ने माताओं की जिंदगी में आने वाले समस्याओं रूपी प्रश्नों का सटीक समाधान बताया। साथ ही राजयोग की सुंदर अनुभूति भी कराई।

कुमारी सना, भूमि, दिव्या ने मातृ दिवस से संबंधित सुंदर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। आरती मारकंडे ने मातृ दिवस को समर्पित मधुर गीत सुनाया। कुमारी सान्वी ने मातृ दिवस का महत्व बताते हुए अपना वक्तव्य रखा। सभा में उपस्थित सभी माताओं को मनोरंजक गतिविधियां कराई। अंत में आए हुए विशेष मेहमानों को परमात्मा स्मृति की सौगात दी गई।

# हाल क्या है दिलों का न पूछो सनम....पर मदमस्त हुए संगीतप्रेमी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** गुदगुदी जंक्शन समूह,कुरुक्षेत्र की जिला अम्बाला कार्यकारिणी द्वारा बादशाही बाग कालोनी में रविवार सायं टी विद गुदगुदी "सुर संध्या" कार्यक्रम आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ.संजय गौतम ने बताया कि इस कार्यक्रम की मेजबानी जिला अम्बाला प्रभारी करमजीत सिंह ने की जिसमें संगीतप्रेमी शामिल हुए। संस्थापक अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। तत्पश्चात सभी सदस्यों का परिचय और कुशलक्षेम वार्ता हुई। कार्यक्रम में 11 गायकों ने अपनी



मधुर आवाज में फिल्मी गीतों से समां बांधा जिसमें अम्बाला कैंट से इंद्र शर्मा ने छुपाना भी नहीं आता....व मैं शायर तो नहीं....,डेराबस्सी(पंजाब) से कुलदीप मेहता ने पुकारता चला हूं मैं.... व ऐसे न मुझे तुम देखो...,कुरुक्षेत्र से जसबीर सिंह सहोता ने एक अजनबी हसीना से यूं

**आयोजित**

**गुदगुदी जंक्शन समूह,अम्बाला कार्यकारिणी द्वारा "सुर संध्या" आयोजित**

मुलाकात हो गई... व बदन पे सितारे लपेटे हुए....,दीपांशी शर्मा ने क्या जानूं सजन होती है क्या गम की शाम... व मेरे मोला करम हो करम...,रविंदर कौर ने दिल तो है दिल दिल का एतबार क्या कीजे...,नीलम ने सुन साहिबा सुन प्यार की धुन...,सुकृति ने हमें और जीने की चाहत न होती...,कबीर भोला ने मैं कोई ऐसा गीत गाऊँ....व दिलबर मेरे कब तक मुझे ऐसे ही तड़पाओगे....,सुनील वत्स ने हाल क्या है दिलों का न पूछो सनम...,करमजीत सिंह ने मेरे महबूब कयामत होगी....और जसकीरत सिंह ने हमदम मेरे मान भी जाओ...आदि गीतों से खूब रंग जमाया। साथ ही गीतों के अंतराल में शायरी भी खूब हुई जिसका सभी श्रोताओं ने लुत्फ उठाया। कार्यक्रम का समापन ओम जय जगदीश हरे....आरती के साथ किया गया। अगला कार्यक्रम कुरुक्षेत्र में म्यूजिकल अंताक्षरी और अम्बाला कैंट में महफि ल-ए-शायरी प्रस्तावित है। कार्यक्रम में विनोद भोला,जगतार सिंह,सम्राट सिंह,जसप्रीत सिंह, गगनदीप,हरमीत सिंह,ज्योति,हरप्रीत कौर और संजीत कौर सहित अन्य मौजूद रहे।

## अशोक मंगालीवाला ने समाज हित के कार्यो के लिए किया प्रेरित

**हिसार** : वरिष्ठ कांग्रेस नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने हिसार में आयोजित विभिन्न बैठकों में हिस्सा लेकर लोगों को अपनी विचारधारा से अवगत करवाया। उन्होंने बैठक में आह्वान किया कि हर इंसान सामाजिक कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत व पारिवारिक कार्यों के साथ-साथ समाज कल्याण के कार्यों के लिए भी समय निकालना चाहिए। यदि समाज सुदृढ़ व सशक्त होगा तो हमारा परिवार भी बेहतर स्थित में होगा। बैठकों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा अपने दादा स्वतंत्रता सेनानी जुगलकिशोर के दिखाए मार्ग पर चलते हुए स्वच्छ व जनहित की राजनीति की है।

# सिटी हार्ट स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद** : सिटी हार्ट हाई स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। स्कूल के प्रबंधक सतीश आहुजा ने बताया कि स्कूल की छात्रा गौरी ने 97 .2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, अतिश ने 95 .8 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व प्रिंस ने 95 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि 21 छात्रों शारमीन ने 94 .2 प्रतिशत, देवांश ने 92 .8 प्रतिशत, आंचल ने 92 .4 प्रतिशत, दीक्षा ने 90 .8 प्रतिशत, रमा ने 90 .8 प्रतिशत, मनीष ने 90 . 8 प्रतिशत अंक लेकर मैरिट में स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा गुरप्रीत ने 89 .4 प्रतिशत, आकाश ने 87 .4 प्रतिशत, कृषिका



ने 86 .8 प्रतिशत, हरगुन ने 86 .8 प्रतिशत, गरिमा ने 85 प्रतिशत, कनिका ने 84 प्रतिशत, मनी ने 83 .6 प्रतिशत, प्रभात ने 83 .2 प्रतिशत, अंश ने 83 .2 प्रतिशत, अंजलि ने 83 प्रतिशत, गरिमा आनंद ने 82 . 4 प्रतिशत, मोहित चोपड़ा ने 81.6 प्रतिशत, इशिता ने 81.4 प्रतिशत, गीतांजलि ने 80 .4 प्रतिशत, स्पर्श ने 79 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किए। प्रबंधक सतीश आहुजा व प्राचार्या चंचल आहुजा ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई दिए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## ओशो ध्यान सत्र में उमड़े साधक

**हिसार** : ओशो ध्यान उपवन में आयोजित किए गए ध्यान सत्र में काफी संख्या में साधकों ने हिस्सा लिया। इस सत्र में उन्हें ध्यान करने की सरल विधियों का अभ्यास करवाया गया। गीत-संगीत के समावेश के साथ अपने भीतर डूबने की अनुभूति से भी परिचय हुआ। इस दौरान ओशो ध्यान उपवन में आयोजित होने वाले पांच दिवसीय बच्चों के शिविर को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। शिविर के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि सिरसा रोड पर स्थित ओशो ध्यान उपवन में 2 जून से 6 जून तक बच्चों के सर्वांगीण विकास से संबंधित शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बहुत से बच्चे प्रतिभाशाली होते हैं।

# जीवीएम पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित दसवीं व बाहरवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें जौरासी रोड स्थित जीवीएम पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार होने पर अध्यापकों व छात्रों में खुशी का माहौल खासकर छात्राएं खुशी से झूम उठीं। स्कूल प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ने परीक्षा परिणाम शानदार होने पर स्कूल का नाम रोशन करने वाले बच्चों का फूलमालाओं से स्वागत करते हुए स्कूल स्टाफ व अभिभावकों को बधाई दी। प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ने बताया कि स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा शुभ्रा ने 477 अंक 95.4 प्रतिशत अंक



लेकर टॉप किया, छात्र रोहित ने (438अंक) 87.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय व छात्रा प्राची ने (433अंक) 86.6 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त ऋषभ 85.2 प्रतिशत, आस्था 85 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे स्कूल का नाम रोशन किया है।

प्राचार्य जितेंद्र उत्तम व उप-प्राचार्य रमेश वत्स ने बताया कि दसवीं कक्षा में 15 बच्चों ने बोर्ड परीक्षा दी जिसमें 6 विद्यार्थियों ने मैरिट सूची में नाम दर्ज कर विद्यालय व

**जश्न**

**परीक्षा परिणाम शानदार होने पर अध्यापकों व छात्रों में खुशी का माहौल खासकर छात्राएं खुशी से झूम उठीं**

माता-पिता का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि के लिए अध्यापक व बच्चे बधाई के पात्र हैं। उनके अथक प्रयासों से यह सब सार्थक हुआ। जीवीएम स्कूल की यही पहचान उत्तम शिक्षा उत्तम ज्ञान । इस मौके पर विवेक शर्मा, राहुल, रवि शास्त्री, रविंद्र, अनिष,सोहनलाल आदि अध्यापक मौजूद रहे।

# एलएनटी कॉलेज का नाम हमेशा अच्छे कॉलेज में गिना गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह)**

एलएनटी कॉलेज ऑफ एजूकेशन मछरौली पानीपत में जिनके नाम से कॉलेज का नाम भी रखा गया है लक्ष्मी नारायण तायल जो एक प्रसिद्ध उद्योगपति भी थे और समाज सेवा में भी उन्होंने अपना नाम अमर कर दिया उनकी आज पुण्यतिथि के अवसर पर एलएनटी कॉलेज आफ एजुकेशन के प्रांगण में कॉलेज की चेयरपर्सन मीनाक्षी गुप्ता ने सभी स्टाफ सदस्यों के साथ एक सभा आयोजित की गई उनके बारे में बताया गया सभी ने पुष्प अर्पित किये उनको एलएनटी कॉलेज का नाम हमेशा अच्छे कॉलेज में पीना गया है अच्छे रिजल्ट के लिए पहचान गया है यह सभी लक्ष्मी नारायण तायल एजुकेशन की



आशीर्वाद का ही फल है उनके पुण्य कर्मों के द्वारा संचित वृक्ष भविष्य में एक बड़ा रूप धारण करने वाला है उनका आशीर्वाद हमेशा एलएनटी परिवार पर बना रहेगा प्राचार्य डॉक्टर लोकेश शर्मा ने लक्ष्मी नारायण तायल के बारे में उनके कार्यों के बारे में समाज सेवा के बारे में उनके उद्योगपति के बारे में डिटेल में वर्णन करते हुए सभी को बताया कॉलेज की चेयरपर्सन मीनाक्षी गुप्ता ने लक्ष्मी नारायण तायल के बारे में उनके सादा जीवन उच्च विचार के बारे में उसके बारे में सबको बताया मैनेजर राकेश धीमान ने बताया कि एलएनटी फैमिली के हम मेंबर है इसमें हमें गर्व है हम बड़े गर्व से यह महसूस करते हैं बताते हैं कि हम

**प्रेरित**

**सादा जीवन उच्च विचार के बारे में उसके बारे में सबको बताया, एलएनटी फैमिली के हम मेंबर है**

एलएनटी परिवार में काम करते हैं और इसका नाम सदा ऊंचा रहेगा सभी ने एलएनटी कॉलेज एजुकेशन के स्टाफ मेंबर्स ने पुष्पांजलि अर्पित करके पुण्यतिथि का कार्य संपन्न हुआ इसमें डॉ राजेश भारद्वाज प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर दर्शन धीमान, वाइस प्रिंसिपल डॉक्टर बलजीत सिंह सत्यनारायण प्रदीप कुमार गोविंद सोनिया बंसल वह अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# रक्तदान महादान: पार्षद सुरेंद्र मदान

**स्वेच्छा**

**रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती हम सभी को रख दान अवश्य करना चाहिए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** रेड क्रॉस सोसाइटी सोनीपत एवं सिविल हस्पताल सोनीपत के सहयोग से सेक्टर 12 स्थित डॉक्टर खुराना डेंटल आयुर्वैदिक एंड हेयर क्लिनिक के मेडिकेशन हॉल में आज आरोग्य भारती हरियाणा जिला सोनीपत एवं आर्ट ऑफ लिविंग सोनीपत के सौजन्य से आयोजित रक्तदान शिविर में पार्षद सुरेंद्र मदान ने शिरकत कर




रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। पार्षद सुरेंद्र मदर ने कहा कि रक्तदान ही महादान है। रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती हम सभी को रख दान अवश्य करना चाहिए । इस दौरान शिविर के आयोजकों एवं सहयोगकताओं का हार्दिक आभार भी प्रकट किया।

# रक्तदान से बड़ा पुण्य का कार्य और कोई नहीं हो सकता : नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। श्री कृष्ण कृपा** धाम सेक्टर नौ में गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में रक्तदान शिविर लगाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिरकत की। मुख्यमंत्री ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जो नेक कार्य उन्होंने रक्तदान करके किया है, उससे बड़ा पुण्य का कार्य और कोई नहीं हो सकता। रक्तदान करके हम कई जिंदगियां बचा सकते हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने धाम में बने मंदिर में भगवान श्री राधा कृष्ण के दर्शन किए। अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने देश दुनिया में पवित्र ग्रंथ गीता का प्रचार किया है। स्वामी ज्ञानानंद जी की



**प्रेरित किया**

**हमें मनोहर लाल को भारी मतों से जितवाकर लोकसभा भेजना है : सीएम नायब सैनी**

सद्प्रेरणा से दुनिया के लोग गीता के अनुसार अपना जीवन जी रहे हैं। यह भारतवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि गीता का ज्ञान प्राप्त करने के लिए विश्वभर से लाखों लोग भारत आते हैं। कनेडा और इंगलैंड की एसेंबली में पवित्र ग्रंथ गीता को विराजमान किया गया है। नायब सिंह सैनी ने पूर्व सीएम एवं करनाल लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल के लिए मतदान की अपील की।

उन्होंने कहा कि हमें मनोहर लाल को भारी मतों से जितवाकर लोकसभा भेजना है। मुख्यमंत्री रहते मनोहर लाल ने हरियाणा की तस्वीर बदलने का काम किया। विकास कार्यों की तरफ देखा जाए तो हरियाणा देश में नंबर वन राज्य नजर आएगा। इस अवसर पर पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता, बृज गुप्ता, जगमोहन आनंद, संजय बठला व पारूल बाली आदि मौजूद रहे।

# आदर्श पब्लिक विद्यालय, देहरा में मातृ दिवस से मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**गांव देहरा के आदर्श** पब्लिक वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय, देहरा में मातृ दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपनी कविताओं के द्वारा मां के महत्व को समझाया। तीसरी कक्षा से अवनी और निहल ने "कितनी अच्छी है मां" गाने पर डांस किया। दसवीं कक्षा से सरबजीत ने पंजाबी सांग पर डांस किया। इस पूरे कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों और अध्यापकों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति के माध्यम से उपस्तिथि दर्ज करवाई। अध्यापिका निर्मला ने मातृ दिवस की शुरूआत "कब, कहां और कैसे हुई" को बहुत ही अच्छे तरीके से बताया। उन्होंने यह भी कहा की कोई भी बेटा या बेटी कभी भी मां का कर्ज.




नही उतार सकता। उन्होंने आज के परिवेश में मां बाप के प्रति बच्चों में लगाव होने को भी मंच पर उजागर किया। विद्यालय प्रबंधक सतीश कुमार ने भी अपने बचपन के अनुभव सांझा करते हुए बच्चों को मां की ममता और प्यार के बारे में बताया। हेडमास्टर सुनील कौशिक ने भी मां के जीवन का संघर्ष बताते हुए बच्चों को अपनी मां का सदैव सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। इस पूरे कार्यक्रम में बारहवीं कक्षा की साक्षी, सोनाक्षी, सोनाक्षी और प्रेमांजलि ने मंच का संचालन किया। अंत में बीते दिन आए दसवीं कक्षा के बेहतरीन परीक्षा परिणाम की खुशी में सोनिया, भारती, जतिन, हीना, एकता, यक्ष, शिवम्, संजना सहित सभी बच्चों को सम्मानित किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### सीबीएसई के दसवीं के नतीजे में अपोलो के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**समालखा ( कुलदीप सिंह) सीबीएसई के** दसवीं के नतीजे में अपोलो के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा सीबीएसई की दसवीं का रिजल्ट सोमवार को घोषित हुआ जिसमेंअपोलो इंटरनेशनल स्कूल, पट्टी कल्याणा के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहरा दिया ।विद्यालय का दसवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम सुनकर विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्कूल प्रशासन के चेहरे पर खुशी साफ देखी जा सकती थी। छात्रा जिया ने गणित में 100 में से 100 अंकों के साथ 97 .4 प्रतिशत स्कोर लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्रा श्रुति और अवनी क्रमश 96 .8 और 96 .6 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रही। छात्र दिव्यम जैन, रोमिका ,अनुष्का ,वंशिका ,वर्णित ,लक्षिता, नमन अरोड़ा, के कृतिक, मयंक भारद्वाज, स्नेहा और पार्थ गोयल ने 90% से ज्यादा अंक लेकर अपना और विद्यालय का नाम रोशन किया । परीक्षा परिणाम आते ही विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल हो गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि स्टाफ ,अभिभावक और बच्चों की मेहनत से विद्यालय का परीक्षा परिणाम शानदार और शत प्रतिशत रहा। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि अपोलो इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एकअहम छाप के साथ दिन प्रतिदिन नए आयाम स्थापित कर रहा है। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर अलका टंडन ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और भविष्य में भी विद्यालय की तरफ से पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सफल विद्यार्थियों के अभिभावक, एडमिन प्रमुख विकास अरोड़ा जूनियर कोऑर्डिनेटर ममता नारंग समेत सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### बाइक सवार युवकों ने श्रमिक का छीना मोबाइल

**गन्नौर: बड़ी के पास** बाइक सवार युवकों ने ड्यूटी से घर लौट रहे प्रवासी श्रमिक का मोबाइल फोन छीन लिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में गांव लक्ष्मी नारायणपुर, जिला वैशाली, बिहार हाल बड़ी गांव में किराये पर रहने वाले महेश कुमार ने बताया कि वह 12 मई की रात कंपनी से बड़ी गांव जा रहा था। रास्ते में एक बाइक उसके पास आकर रुकी। बाइक पर दो युवक सवार थे। उन्होंने उसका मोबाइल फोन छीन लिया। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुकान की छत तोड़ कर सामान किया चोरी, सीसीटीवी में कैद

**गन्नौर। गन्नौर चौक पर** रविवार को चोर दुकान की छत तोड़ कर सामान चोरी कर ले गया। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। दुकानदार ने चोरी की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में गढ़ी केसरी निवासी धर्मेंद्र ने बताया कि गन्नौर चौक पर मोबाइल कम्युनिकेशन की दुकान है। रविवार की रात को अपनी दुकान बंद कर घर चला गया। अगली सुबह जब वह दुकान पहुंचा तो देखा दुकान की छत टूटी हुई थी। और दुकान का सामान बिखरा हुआ था। दुकान से मोबाइल का सामान, सिगरेट की डब्बी, रेड बुल की पेटी चोरी कर ले गए। जिससे उसे 15 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए। आरोपित की पहचान टेहा गांव के सचिन के रूप में हुई है। बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपित के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### यूनीक पब्लिक स्कूल पुगथला के छात्रों ने मारी बाजी

**गन्नौर। पुगथला रोड** स्थित यूनीक पब्लिक स्कूल का 10वीं व 12वीं कक्षा का परिणाम भी शानदार रहा। स्कूल के सभी विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। स्कूल प्राचार्य सुनील कौशिक ने बताया कि 12वीं कक्षा में वाणिज्य संकाय की मुस्कान 94 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, विज्ञान संकाय में भूमित 93 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व कला संकाय की अनिशा 93 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 10वीं में परी 95 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, शुभम 94 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय व कृष्णा और यशिका 93 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल चेयरमैन अजय भुक्कर ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी।

# कुष्ठ रोगियों से ना करें भेदभाव, इन्हें दे पूरा सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**डीसी डॉ वीरेंद्र कुमार** दहिया ने सोमवार को जिला सचिवालय में कुष्ट रोग खोज अभियान की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जिला को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने में कोई भी कोर कसर न छोड़े। जिले में उपलब्ध सभी संभावित संसाधनों का उपयोग कर एक दूसरे को सम्मान दें और कुष्ठ रोगियों के साथ बिल्कुल भी भेदभाव न करें और दूसरों को भी न करने दे। उन्होंने अपील की कि कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव ना करें। व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से कुष्ठ




रोग से प्रभावित व्यक्तियों के विरुद्ध खुलकर भेदभाव को समाप्त करने के लिए काम करें। इसके लिए 13 मई से 26 मई तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हम सबको इसके लिए विशेष तौर पर काम करना होगा ताकि कुष्ठ रोगियों को मुख्य धारा में लाया जाए। डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि कुष्ठ रोग कोई छूत की बीमारी नहीं है। यह रोग पूर्णतया ठीक हो सकता है। इसकी दवाई सभी स्वास्थ्य केंद्रों में निशुल्क मिलती है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में इसका इलाज निशुल्क किया जाता है। बैठक में नोडल अधिकारी डॉ. ललित वर्मा ने उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया को जानकारी देते हुए बताया कि इस बार इस अभियान के तहत पूरा पानीपत जिला कवर होगा। पिछले वित्त वर्ष में जिला की आधी जनसंख्या को कवर किया गया था। इसमें आशावर्कर के साथ एक पुरूष वर्कर की भी डयूटी लगाई गई है जो डोर टू डोर कवर करेंगे और कुष्टद्द रोगी का डाटा इक्कठा करेंगे। इस समय जिला में 64 कुष्टद्द रोगियों की पुष्टिद्द की गई है। इस बैठक के अलावा उपायुक्त ने धुम्रपान निषेध और निरोगी हरियाणा को लेकर भी बैठक ली और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। बैठक में डॉ. दिव्या, डॉ. कपिल, डॉ. रिंकू, जिला ड्रग कंट्रोलर विजय राजे भी उपस्थित रहे।

# गर्मी बढ़ने से फलों व सब्जियों का उत्पादन प्रभावित होता है: सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : वरिष्ठ कृषि** वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह ने कहा कि चाहे मौसम कोई भी हो किसानों को कृषि एवं मौसम विशेषज्ञों से परामर्श अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल तो हाई टेक का जमाना है। हर व्यक्ति के पास मोबाइल है। किसानों को मौसम एवं उन्नत खेती की जानकारी आसानी से मिल जाती है। डा. सिंह ने कहा कि मौसम परिवर्तनशील रहने के बाद आने वाले दिनों में तापमान अधिक बढ़ सकता है। तापमान बढ़ने पर फल-सब्जियों का उत्पादन घट सकता है। डा. सिंह का कहना है कि तापमान बढ़ने की वजह से फलों और



सब्जियों का उत्पादन 10-30 प्रतिशत तक घटने की संभावना रहती है। समय से पहले तापमान बढ़ने की वजह से फल और सब्जियों की पैदावार प्रभावित होने की आशंका बढ़ती है। ऐसे में बाजार कीमतों पर भी प्रभाव पड़ता है।

# सर्व सहमति से सूरज पाल मान चुने गए प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**जिसमेआल** इंडिया भारतीय मजदूर महासंघ के महामंत्री जय प्रकाश कौशिक की अध्यक्षता में ये कार्य हुआ। प्रदेश के अध्यक्ष सूरज पाल मान, उप प्रधान विकास वान्चु एवं जसविंद सिंह, महा मंत्री विकास बिश्नोई, सह सचिव कुलदीप अत्री एवम् अमित फुटेला, कोषाध्यक्ष संजय नैय्यर एवं सह कोषाध्यक्ष वरुण कुमार, संगठन सचिव हरीश अरोड़ा एवं सर्व सहमति से जय प्रकाश कौशिक लीगल सेक्रेटरी के पद पर चुने गए । इस अवसर पर पानीपत यूनिट के प्रधान हर सिमरन जोत सिंह, महासचिव प्रफुल्ल चंद्र झा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश शर्मा एवं रवि प्रकाश भी उपस्थित थे। हरीश अरोड़ा के सतत मार्ग दर्शन में प्रदेश संगठनात्मक कार्यों से लेकर हर मामलों में बुलंदियों को छू रहा है।



# अम्बाला चुनाव करवाने के लिए पूरी तरह से तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए हम पूरी तरह से तैयार हैं। इसको लेकर तैयारियां जोरो पर हैं। जिला की 520 लोकेशन पर स्थित 927 पोलिंग स्टेशन पर मतदान होना है। इसको लेकर स्टॉफ की ट्रेनिंग, ईवीएम की सुरक्षा, ईवीएम रेंडेमाइजेशन, ट्रांसपोर्ट प्लॉन, कम्यूनिकेशन प्लॉन आदि पर निरंतर काम चल रहा है। यह जानकारी उन्होंने भारतीय निर्वाचन आयोग के उप चुनाव आयुक्त हिरदेश कुमार के समक्ष वीडियो



कॉन्फ्रेसिंग के दौरान दी। उप चुनाव आयुक्त हिरदेश कुमार ने चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि चुनाव में ड्यूटी देने वाले स्टॉफ की ट्रेनिंग चल रही है। उन्हें ट्रेनिंग के दौरान ही फॉर्म 12 व 12 ए दिया जा रहा है। वहीं जिले में वल्नरेबल मैपिंग कर ली गई है। इसके साथ-साथ क्रिटिकल बूथ की भी पहचान कर ली गई है। 91 लोकेशन पर 212 पोलिंग बूथ ऐसे हैं, जो लॉ एंड आर्डर की स्थिति के मद्देनजर असाधारण हैं। इन बूथ पर पहले से ही सेक्टर आफिसर व पुलिस टीम निरंतर दौरा कर रही हैं। इन बूथ पर चुनाव के दौरान अतिरिक्त फोर्स भी तैनात होगी। उन्होंने बताया कि ईवीएम को ट्रिपल लेयर सुरक्षा के बीच स्ट्रॉग रूम में रखा जाएगा। इसका नक्शा फाइनल हो गया है। स्ट्रॉग रूम की बैरिकेडिंग का काम कर लिया गया है। दूसरे और तीसरे लेयर का काम चल रहा है, जो जल्द पूरा कर लिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि ट्रांसपोर्ट व कम्यूनिकेशन प्लॉन तैयार कर लिया गया है। चुनाव के दौरान 140 वाहनों की जरुरत पड़ेगी, जो 15 मई तक प्राप्त हो जाएंगे। सभी वाहनों में जीपीएस लगा होगा, जिनकी जीपीएस लोकेशन कंट्रोल रूम में देखी जा सकेगी।

# सीबीएसई रिजल्ट: ऋतिक राज बना जिला टॉपर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : गुरुकुल कुरुक्षेत्र** के छात्रों का 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा-परिणाम शानदार रहा। गुरुकुल का छात्र ऋतिक राज 99.6 प्रतिशत अंकों के साथ जिला टॉपर बना, वहीं संस्कृत में गुरुकुल के 50 छात्रों ने 100 में से 100 अंक हासिल कर नया कीर्तिमान बनाया है। इसी प्रकार 8 छात्रों ने गणित में शत-प्रतिशत अंक हासिल किया है। बारहवीं में भी 5 छात्रों को एन.सी.सी. में शत-प्रतिशत अंक मिले हैं। शानदार रिजल्ट पर गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक बिग्रेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे



प्रताप ने छात्रों को लड्डू खिलाकर बधाइयां दी। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक संजीव आर्य, परीक्षा नियंत्रक रमेश कुमार, लेखा अधिकारी अनिल कुमार भी मौजूद रहे। ब्रिगेडियर प्रवीण कुमार ने बताया कि जिला टॉपर ऋतिक राज ने गणित, संस्कृत, सोशल साइंस में 100 में से 100 अंक तथा साइंस और अंग्रेजी में 99 अंक हासिल किये हैं। 10वीं में गुरुकुल के 62 छात्रों ने 95 प्रतिशत तथा 71 छात्रों ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं, वहीं 216 छात्र मेरिट से उत्तीर्ण हुए हैं। 12वीं के रिजल्ट पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि 55 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये हैं। जबकि एन.सी.सी. में 5 और संस्कृत में 2 छात्रों ने शत-प्रतिशत अंकों के साथ गुरुकुल की ख्याति में वृद्धि की है। पेंटिंग में गुरुकुल के 04 छात्रों ने 99 अंक हासिल किये हैं। प्रधान राजकुमार गर्ग ने कहा कि गुरुकुल के छात्र सभी क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन करते हैं। 99.6 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला टॉप करने वाले ऋतिक राज को उन्होंने विशेष बधाई दी। उन्होंने कहा कि गुरुकुल के अनुशासन, दिनचर्या, अनुकूल वातावरण और अनुभवी एवं परिश्रमी अध्यापक, ये सभी मिलकर छात्रों में नये उत्साह का संचार करते है।

# ट्राली चोर को यूपी से गिरफ्तार कर लाई पानीपत पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**सीआईए टू पुलिस टीम ने** कुराड़ गांव में खेत से ट्राली चोरी करने वाले गिरोह के एक आरोपी को रविवार देर शाम यूपी के शामली के छछरपुर गांव से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान धर्मेंद्र निवासी छछरपुर शामली यूपी के रूप में हुई। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में अपने साथी आरोपी अमरदीप निवासी झिंझाना शामली यूपी के साथ मिलकर ट्राली चोरी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसने अपने साथी आरोपी अमरदीप के साथ मिलकर दिन में खेत में ट्राली की रेकी कर रात को ट्राली चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। गहनता से पूछताछ करने व चोरीशुदा ट्राली बरामद करने व वारदात में शामिल इसके साथी आरोपी के ठिकानों का पता लगा पकड़ने के लिए पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र को सोमवार को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 5 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि थाना सनौली में सुरेंद्र पुत्र सतपाल निवासी कुराड़ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 28 मार्च की देर शाम उसने खेत में गन्ने की फसल लोड करने के लिए ट्राली खड़ी की थी।

# नन्यौला में मंदिर का छज्जा गिरने से 2 युवतियों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: अंबाला में** मंदिर का छज्जा गिरने से पंजाब की 2 लड़कियों की मौत हो गई। तीसरी लड़की की हालत गंभीर है। घटना हरियाणा के परिवहन मंत्री असीम गोयल के पैतृक गांव नन्यौला की है। सूचना मिलने के बाद नन्यौला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू की। बताया गया है कि 2 महीने पहले ही मंदिर का छज्जा बनाया गया था। इस हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग एकत्रित हो गए और मलबा हटाने में जुट गए। तभी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और तीनों



लड़कियों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर्स ने मनीषा और परविंद्र को मृत घोषित कर दिया और सिमरन की गंभीर हालत को देखते हुए अंबाला शहर ट्रॉमा सेंटर रेफर किया। तीनों युवतियों के गांव में जब इस हादसे की सूचना पहुंची तो गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। युवतियां ब्यूटी पार्लर की ट्रेनिंग करने का सपना लेकर घर से निकली थी लेकिन बस का इंतजार करने के लिए मंदिर के छज्जे के नीचे बैठना उनकी मौत का कारण बन गया। युवतियां बस के इंतजार के लिए छज्जे के नीचे बैठी थी। अचानक छज्जा गिरने से तीनों युवतियां छज्जे के नीचे दब गई। जिसके कारण मनीषा और परविंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। नग्गल थाना प्रभारी ऋषिपाल ने बताया है कि अंबाला से सटे पंजाब के तासलपुर गांव की मनीषा, परविंदर कौर और सिमरन कौर एक कम्युनिटी सेंटर में ब्यूटी पार्लर का फॉर्म भरने के लिए नन्यौला गांव में आई थीं। अपना काम खत्म करने के बाद वे तीनों बस के इंतजार में मंदिर परिसर में खड़ी थीं। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे अचानक मंदिर का छज्जा गिर गया। इस हादसे में मनीषा और परविंदर कौर की मौत हो गई, जबकि सिमरन कौर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे तुरंत चौडमस्तपुर सीएचसी ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे अंबाला सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। सभी लड़कियों की उम्र 18 से 20 के आसपास है।

चौड़मस्तपुर सीएचसी के डॉक्टर ने बताया है कि सिमरन की हालत खतरे से बाहर है। सिमरन सदमे में थी। उसके मुंह समेत शरीर पर कई जगह चोट लगी है। मुंह से खून बह रहा था। सीएचसी में सिमरन को प्राथमिक उपचार दिया गया। उसके बाद अंबाला सिटी रेफर किया गया है, ताकि सिर समेत अन्य जांच हो सके। घायल का इलाज सिटी सिविल अस्पताल में किया जा रहा है।

# शाह 17 को करनाल के दशहरा ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता** मंत्री अमित शाह आगामी 17 मई को प्रातः 11 बजे करनाल के दशहरा ग्राउंड में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, करनाल भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित प्रदेश सरकार के सभी मंत्री, लोकसभा संयोजक विधायक हरविन्द्र कल्याण और करनाल भाजपा जिला अध्यक्ष जोगेंद्र राणा, पानीपत भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट के अलावा सभी वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे बैठक को शहरी विधायक




प्रमोद विज और वरिष्ठ नेता गजेन्द्र सलूजा ने भी संबोधित किया `यह जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भाजपा जिला कार्यालय में वरिष्ठ पदाधिकारियों की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए दी उन्होंने कहा कि इस विशाल रैली की तैयारियों को लेकर पानीपत जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों के पार्टी कार्यालयों में भी बैठक आयोजित करके सभी पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं।

# सिख समुदाय ने चंदोलिया का किया जोरदार स्वागत, मिला भारी समर्थन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: उत्तर पश्चिमी लोकसभा** संसदीय क्षेत्र से भाजपा के सांसद प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया का नांगलोई विधानसभा क्षेत्र स्थित निहाल विहार मे जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली सिख गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी के सदस्य व बंगला साहिब गुरूद्वारा के चेयरमेन सरदार सुरजीत सिंह जीती ने नांगलोई विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले निहाल विहार वार्ड नंबर-47 पचास फूटा पर आयोजित किया।

**हज़ारों की संख्या में लोग रहे मौजूद:** इस दौरान पार्टी के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ-साथ मनजिंदर सिंह सिरसा, दिल्ली गुरूद्वारा सिख कमेटी के महासचिव जगदीप सिंह कालो, नांगलोई विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक मनोज शौकिन, गुरू हरिकिशन नगर वार्ड नंबर-48 से निगम पार्षद मोनिका गोयल सहित पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों के साथ ही सैंकड़ों की तादात में सिख समुदाय के लोग भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

**सिख समुदाय ने दिया समर्थन:** कार्यक्रम के आयोजक सरदार सुरजीत सिंह ने कहा कि भाजपा ने हमेशा ही देशहित में कार्य किया है व मोदी शासन में देश आगे भी बढ़ रहा है और प्रगति की ओर अग्रसर भी है। इसके साथ ही जीती ने कहा कि हमारा सिख समुदाय योगेंद्र चंदोलिया के समर्थन में खड़ा है और आने वाली 25 मई को कमल के सामने वाला बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया को भारी मतों से विजयश्री दिलाकर शंखनाद करना है।

**मोदी शासन में विकास के पथ पर अग्रसर है देश:** चंदोलिया ने अपने संबोधन में कहा कि देश-प्रदेश के विकास के लिए भाजपा सरकार संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हर क्षेत्र में विकास हुआ है। कानून का राज स्थापित किया गया है। तो वहीं कानून-व्यवस्था से लेकर व्यापारियों, बहन, बेटियों के सुरक्षातंत्र को मजबूती मिली है। पूर्व की सरकारों में विकास के नाम पर दिखावा किया गया व देश की जनता को वोट बैंक से अधिक नही समझा। प्रधानमंत्री मोदी ने विकास और सम्मान को प्राथमिकता दी है। देश में तीव्र गति से विकास कार्य हो रहे हैं, जिनका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है।

हर वर्ग का सम्मान व विकास के आधार पर ही भाजपा जनता का विश्वास जीत रही है।

# मोदी सरकार की दस साल की तानाशाही होगी खत्म: खान



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: इंडिया गठबंधन दिल्ली** और देश को तानाशाह सरकार से आजादी दिलवाएगा ,लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक साथ मिलकर चुनाव के रूप में लड़ाई लड़ रहे हैं। यह चुनाव अब सिर्फ एक चुनाव ही नहीं बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी बन गया है। जिसे पूरी निष्ठा से निभाना है। अब कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का इंडिया गठबंधन मिलकर दिल्ली और देश को तानाशाह सरकार से आजादी दिलवाएगा उक्त बातें सुल्तानपुर माजरा विधानसभा उपाध्यक्ष ने रीयजूद्दीन खान ने कही।

**देश में दस साल का काला अध्याय:** वहीं खान ने यह भी कहा कि लोग मोदी सरकार की तानाशाही पूर्ण नीतियों, बेहिसाब महंगाई व बेरोजगारी को लेकर काफी नाराज दिखे।

लोगों ने इस बार चुनाव में तानाशाही सरकार को हराने के संकल्प के उत्तर पश्चिमी लोकसभा संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डा. उदित राज को भारी मतों से विजय दिलवाए व मोदी सरकार के इस दस साल के कार्यकाल के काले अध्याय को हमेशा के लिए बंद कर दिया जाए।

**सत्ता के नशे में भुले देश की जनता को:** वहीं खान ने यह भी कहा है कि दो में जब मोदी सरकार आई थी तो मोदी ने देश की जनता से बहुत वादे किए थे लेकिन अब दस साल बीत जाने के बाद भी मोदी सरकार अपने किए हुए वादों पर खरा नही उतरी है व सत्ता के नशे में देश की जनता को ही भुला बैठी है, लेकिन अब फिर से वक्त आ गया है मोदी सरकार को आइना दिखाकर हमारे उपर हुए हर उस बेइंसाफी का हिसाब-किताब लेने का।

**खान ने साधा मोदी सरकार पर निशाना:** उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के युवाओं को रोजगार देने के वायदे, युवाओं को उनका हक देने के इरादे सब झूठे साबित हुए है पिछले 10 सालों में मोदी सरकार ना तो दिल्ली में अच्छे उद्योग ला पाई और ना ही रोजगार का सृजन कर पाई। दिल्ली में बेरोजगारी अपने चरम पर है। खान ने कहा कि तानाशाह और लापरवाह मोदी सरकार के खिलाफ आज जिस तरह देश में माहौल बन रहा है उसे देख लग रहा है कि अब मोदी सरकार का जाना तय है और केंद्र में गठबंधन की सरकार बनना निश्चित है दिल्ली के युवाओं को उनका हक मिलकर ही रहेगा।

# धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र स्थित जखीरा में भगवान परशुराम की जयंती बड़ी ही धूमधाम से मनाई गई, इस दौरान हजारों की तादात में श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम को नमन करते हुए पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम का आयोजन त्रीनगर क्षेत्र स्थित ट्रांस्पोर्ट एसोसिएशन जखीरा द्वारा किया गया, इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया। वहीं इस मौके पर सुबह हवन-पूजा करने के पश्चात भंडारे वितरत किया गया जिसमें सैंकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान परशुराम का आशीर्वाद प्राप्त कर सुख-शांति के लिए हवन में आहूति दी। इस मौके पर त्रीनगर से भाजपा नेता संजय शर्मा ने जगपालनकर्ता भगवान श्री विष्णुजी के छठें अवतार, शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा के साथ विश्व को पराक्रम और परोपकार का मंत्र देने वाले परम पूज्य चिरंजीवी श्री भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर देशवासियों व सनातन धर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैं एसोसिएशन का आभारी ही जिन्होंने भगवान परशुराम के जन्मोत्सव कार्यक्रम में बुलाकर भगवान का आशीर्वाद व भंडारे, हवन में आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# सैंकड़ों समर्थकों के साथ जेपी अग्रवाल ने निकाली पदयात्रा, मिला भारी समर्थन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: चांदनी चौक** लोकसभा संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के सांसद प्रत्याशी जय प्रकाश अग्रवाल ने मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में अपने सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पदयात्रा निकाली। इस मौके पर अग्रवाल ने कहा कि आप कांग्रेस के हाथ मजबूत करो मैं हमेशा आपकी सेवा करता रहूंगा, इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र के लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि मेरे लोकसभा क्षेत्र में जितनी भी झुग्गी बस्ती है उनकी जगह पर पक्के मकान बनाकर दिए जाएंगे।

**अग्रवाल के साथ यात्रा में हज़ारों लोग हुए शामिल:** इसी क्रम में चुनाव प्रचार के दौरान जेपी अग्रवाल ने मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित खिलोना वाला बाग, संगम पार्क, डीटीसी कॉलोनी,कबीर नगर, किशोर नगर, डेसू कॉलोनी में पद यात्रा निकाली गई इस दौराना उनके साथ मॉडल टाउन विधानसभा के चारों ब्लॉक अध्यक्ष जज कुमार डाबर,रमेश मित्तल, अधिवक्ता राजेश टाक के साथ-साथ संजय सहगल, विजय मेहता, जानकी दास भारद्धाज, अजय गुप्ता सहित पार्टी के कई पदाधिकारी जेपी अग्रवाल के साथ पदयात्रा में भारी संख्या में शामिल हुए। इसी बीच लोगों ने अपनी समस्याओं को अग्रवाल के समक्ष रखी, जिन्हे जेपी अग्रवाल में चुनाव जीतने के बाद पूरा करने का वादा भी किया।

**महंगाई से त्रस्त है दिल्ली की जनता:** पदयात्रा के दौरान स्थानीय लोगों ने जेपी अग्रवाल से कहा कि महंगाई के चलते उनका जीना और परिवार का पालन-पोषण कर पाना दूभर हो चला है, तो वहीं दूसरी ओर युवा वर्ग बेरोजगारी के संकट से भी जूझ रहा है जिससे समस्या और विकट हो गई है।

**लोगों ने दिलाया जीत का भरोसा:** जयप्रकाश अग्रवाल ने लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि वह अपना वोट देकर कांग्रेस के हाथ मजबूत करें। केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद उनकी सरकार जहां झुग्गी वहीं पक्के मकान के तहत सभी परिवार वालों को मकान मुहैया कराए जाएंगे। पदयात्रा के दौरान क्षेत्र के लोगों ने ने जयप्रकाश अग्रवाल का स्वागत कर उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया।

# चुनाव जीतने पर सर्वप्रथम कांग्रेस की पांचों गारंटियों को पूरा करुंगा: जेपी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: चांदनी चौक** लोकसभा सीट से कांग्रेस इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश अग्रवाल ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में पदयात्रा के दौरान लोगों से कहा कि आप चुनाव में वोट देकर कांग्रेस के हाथ मजबूत करो, मैं हमेशा की तरह भविष्य में भी आपकी सेवा करता रहूंगा।

**विजयश्री के बाद पांच गारंटियों को करूंगा पूरा:** चुनाव जीतने के बाद उनकी प्राथमिकता क्षेत्र का विकास के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी की ओर से लोगों को दी गई पांच गारंटियों युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय को पूरा करना सर्वप्रथम उनका प्रयास रहेगा। जयप्रकाश अग्रवाल ने शालीमार





बाग विधानसभा क्षेत्र में यू एंड वी जेजे क्लस्टर तथा यू एंड वी फ्लैट्स में पदयात्रा से शुरू की, इस दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को भी सुना और हल करने का आश्वासन दिया। अग्रवाल ने सांसद चुने जाने के बाद लोगों से जहां कांग्रेस पार्टी की ओर से चुनाव में लोगों को दी गई पांच गारंटियों को पूरा करने का वायदा किया।

**मोदी सरकार की नाकामियों से भी लोगों को अवगत कराया:** कांग्रेस की पांच गारंटियों में युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय है। जिन युवाओं को पक्की नौकरी पेपर लीक से मुक्ति हर गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए की मदद महिलाओं को कानूनी हक और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए हर पंचायत में एक अधिकार सहेली कामकाजी महिलाओं के लिए दुगने हॉस्टल एसपी की कानूनी क्रांति कम से कम 400 दैनिक मजदूरी मनरेगा में भी शेरों के लिए भी मनरेगा जैसी नई योजना असंगठित मजदूरों के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा सरकारी कार्यों में ठेकेदारी प्रथा बंद होना जहां सेंट सबसे ज्यादा वहां पैसा लागू होना संवैधानिक संशोधन संशोधन द्वारा 50 प्रतिशत सीमा हटाकर एससी-एसटी ओबीसी को आरक्षण का पूरा हक देना आदि प्रमुख है। अग्रवाल ने कहा कि भाजपा द्वारा इस चुनाव में दिल्ली की 7 में से छह सीटों पर अपने वर्तमान सांसदों को बदलना और उनकी जगह नये चेहरे उतारना इस बात का बड़ा प्रमाण है कि सांसद बने भाजपा के नेता अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्य करने और जनता की सेवा करने में नाकाम रहे जिसके कारण क्षेत्र की जनता भाजपा सांसदों की कार्यशैली से खुश नहीं थी लोगों का विश्वास इन सांसदों पर से उठ गया था।

# सरकारी स्कूलों का सीबीएसई 12वीं बोर्ड में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली** सरकार के स्कूलों ने सीबीएसई 12वीं के परिणामों में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया है। इस बार दिल्ली के सरकारी स्कूलों का परिणाम 96.99 प्रतिशत रहा है, वहीं पूरे देश में सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट 87.98 प्रतिश रहा है। साथ ही सीबीएसई 10वीं बोर्ड में भी केजरीवाल सरकार के स्कूलों का प्रदर्शन शानदार रहा है। इस साल केजरीवाल सरकार के स्कूलों में 10वीं बोर्ड के नतीजे 94.2 प्रतिशत रहे है, जो पिछले साल की तुलना में 8.36 प्रतिशत अधिक है। इस मौके पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सीबीएसई 12वीं कक्षा की परीक्षा में दिल्ली के स्कूलों का 96.99 प्रतिशत का शानदार रिजल्ट आया है। यह न केवल पिछले साल के हमारे अपने प्रदर्शन बल्कि सीबीएसई के राष्ट्रीय औसत से भी आगे निकल गया है। सीएम ने इस शानदार प्रदर्शन के लिए सभी छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और पूरे शिक्षा विभाग को बधाई दी। इस मौके पर शिक्षामंत्री आतिशी ने भी सभी छात्रों-टीचर्स व अभिभावक को बधाई देते हुए कहा कि एक बार फिर दिल्ली सरकार के स्कूलों ने साबित कर दिया कि वो देशभर में अव्वल है।

# मॉडल टाउन: खंडेलवाल के समर्थन में पूर्व पार्षद माधव प्रसाद ने किया कैंपेन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वार्ड नंबर-67 संगम पार्क में चांदनी चौक लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में पूर्व निगम पार्षद माधव प्रसाद के नेतृत्व में डोर टू डोर कैंपेन चलाया गया। इस दौरान सैंकड़ों की संख्या में क्षेत्र व पार्टी के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन संगम पार्क वार्ड नंबर-67 से भाजपा के पूर्व निगम पार्षद माधव प्रसाद के नेतृत्व में साढ़े बारह बजे गज के ए,बी,सी ब्लॉक, मोजी वाला बाग, एन 25-ब्लॉक, कोशल पूरी का साढ़ आश्रम में किया गया।

**सुबह से ही जूट जाते है कैंपेनिंग में:** डोर टू डोर जन संपर्क अभियान में पूर्व पार्षद माधव प्रसाद के अलावा अजय शुक्ला, श्री राम, रघुवीर सिंह, राजमान, पंचमलाल, गणेश, सूबेदार, जय मंगल, जोगिंदर, अमर सिंह प्रेम धारी, संजीव, मेवालाल, ललन, लालता, मुरारी, बृजेश राजू, अनिल यादव, बसंत लाल, प्रवेश, सुंदर, प्रदीप, आरके सरोज, राम प्रवेश, सुरेश, लाला, रोहित, मुरारी, धर्मेंद्र, लालता, रामचंद्र, महेंद्र मौर्य, जयवीर, अंकित, कृष्णा दिवाकर, दीपक, अमित, विनीत, अनिल माथुर, मुकेश चौहान, सिद्धनाथ, विक्की मौर्य, हरे राम झा, दीपक,सरोज, विकास दिवाकर, डॉक्टर पाठक, सोनू ब्रह्मदेव, डीआर भास्कर, संजय गर्ग सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर माधव प्रसाद ने कहा कि भाजपा का जनाधार निरंतर बढ़ रहा है। किसानों, आम जनता के हित के लिए काम किए जा रहे हैं। चिकित्सा, शिक्षा के साथ हर क्षेत्र विकास के पथ पर सवार है। यह सब भाजपा की साफ नीतियों का परिणाम है। प्रसाद ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने विकास और सम्मान को प्राथमिकता दी है। देश में तीव्र गति से विकास कार्य हो रहे हैं, जिनका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। हर वर्ग का सम्मान व विकास के आधार पर ही भाजपा जनता का विश्वास जीत रही है।

**भारी संख्या में लोगों की रही उपस्थिती:** डोर टू डोर अभियान के दौरान काफी संख्या में क्षेत्र के लोग नजर आए, जिसमें की खासकर बडे बुजुर्गों यात्रा में शामिल हुए। क्षेत्रीए लोगों ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस बार चांदनी चौक लोकसभा सीट से खंडेलवाल को भारी वोटों के मार्जन से जीत दर्ज दिलवाकार संसद तक पहुंचाना है।

# मोदी सरकार ने 10 वर्षों में किए ऐतिहासिक कार्य: सैनी

रैली

**इस बार का लोकसभा चुनाव देश की दशा, दिशा और विकास की गति तय करने का चुनाव है: सैनी**




**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि इस बार का लोकसभा चुनाव देश की दशा, दिशा और विकास की गति तय करने का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मात्र 10 वर्ष में इतने कार्य किए कि कांग्रेस के 60 वर्षों में किए गए कार्य उनके सामने छोटे पड़ गए। नायब सिंह सैनी सोमवार को नारनौंद अनाज मंडी में हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह के समर्थन में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार व मौजूदा भाजपा सरकार के कामों में जमीन-आसमान का अंतर है। प्रधानमंत्री की पहल पर कार्य करते हुए देश की हर माता-बहन तक गैस का सिलेंडर पहुंचाया गया, हर घर नल व हर नल में स्वच्छ जल का प्रबंध किया गया।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबी के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ी है। हर गरीब व जरूरतमंद के लिए आयुष्मान योजना लागू की ताकि जरूरत पड़ने पर वह मुफ्त में अपना इलाज करवा सके। चार करोड़ माताओं व बहनों को मकान बनाकर दिए और प्रधानमंत्री का संकल्प है कि देश में एक भी जरूरतमंद बिना छत के नहीं रहेगा।
कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के युवराज ने अब चुटकियों में गरीबी हटाने का नारा दिया है, लेकिन उन्होंने अपने परिवार की तरफ नहीं देखा। उनकी दादी ने 1977 में गरीबी हटाने का नारा दिया था, लेकिन जब तक वे प्रधानमंत्री रहीं, तब तक गरीबी नहीं हटी।जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व वित्त मंत्री एवं आयोजक कैप्टन अभिमन्यु ने क्षेत्र की जनता से आह्वान किया कि 25 मई वाले दिन भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करके कांग्रेस उम्मीदवार को बाहर का रास्ता दिखा दें। भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विदेशों में भी हमारे देश की साख बढ़ी है। कांग्रेस के शासन में जब हमारे विदेश मंत्री विदेश गए, तो उनके कपड़े उतरवाकर चैकिंग की गई, काफी शोर मचा, लेकिन कांग्रेस कुछ नहीं कर पाई।
दूसरी तरफ अब जब मोदी जी विदेश जाते हैं तो दूसरे देशों के राजनयिक उनका स्वागत करने आते हैं।
विजय संकल्प रैली को मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा, विधायक विनोद भयाणा, पूर्व सांसद डॉ. डीपी वत्स ने भी संबोधित किया और भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की। जिलाध्यक्ष डॉ. आशा खेड़ा ने जिले में पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सैनी व अन्य नेताओं का स्वागत किया।

# प्रधानमंत्री 18 मई को सोनीपत लोकसभा के गोहाना में करेंगे रैली: सुभाष बराला

चुनावी रैली

**प्रदेश की जनता राष्ट्रीय मुद्दों पर करेगी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चुनाव: सुभाष बराला**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/रोहतक**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हरियाणा के गोहाना में 18 मई को एक रैली करके माहौल को पूरी तरह भाजपा के पक्ष में करेंगे। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक एवं राज्य सभा सांसद सुभाष बराला ने भाजपा के मंगल कमल कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करके आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए यह बताया। उन्होंने बताया कि एक बार फिर से हरियाणा प्रदेश की पावन धरा पर जनता को संबोधित करने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गोहाना में 18 मई को दोपहर साढ़े तीन बजे आएंगे।सुभाष बराला ने बताया कि चुनावी माहौल में भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता दिन-रात भाजपा संगठन को मजबूती देते हुए लगातार जनसभाएं कर रहे हैं।
उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के कार्यक्रम भी हरियाणा में हैं। उन्होंने ने बताया कि जनता के मन में नरेंद्र मोदी जी की एक अलग जगह है। लोग उनको सुनना और उनको अपने बीच देखना चाहते हैं। उनके नेता उनके बीच पहुंचने वाले हैं।
श्री बराला ने बताया कि पार्टी के विभिन्न जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता संगठन की नीति के हिसाब से जनता के बीच प्रचार - प्रसार के लिए लगे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने अवैध असला सप्लाई के मामले में उत्तर प्रदेश से एक आरोपी को किया काबू

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
बता दें कि उचाना थाना की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सचिन वासी उचाना हाल निवासी महादेव कालोनी कैथल को एक पिस्तोल 315 बोर व 4 कारतूस सहित दो दिन पहले गिरफ्तार कर बरामद किए थे। जिसकी पूछताछ पर आरोपी मोहम्मद अरमान वासी इटावा जिला जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश का नाम सामने आया था।
जानकारी देते हुए थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि उचाना थाना की टीम ने एएसआई राजेश के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर बस अड्डा उचाना से सचिन वासी उचाना हाल निवासी महादेव कालोनी कैथल को काबू करके उसके कब्जे से एक पिस्टल 315 बोर सहित 4 जिंदा कारतूस बरामद किये थे। आरोपी के खिलाफ थाना उचाना में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी सचिन को अदालत में पेश किया गया जहां अदालत से आरोपी का दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। जिस दौरान पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह अवैध असलाह उसने इटावा जिला मुजफ्फरनगर निवासी मोहम्मद अरमान से खरीदा था। जिसको पकडने के लिए पुलिस ने एक टीम उप निरीक्षक आजाद सिंह के नेतृत्व में गठित करके मोहम्मद अरमान के ठिकानों पर रेड की व उसे अवैध असला तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। दोनो आरोपियों से गहनता से पूछताछ करके दोनों को आज अदालत में पेश किया जाकर उन्हें जिला जेल जीन्द भेज दिया है।

### चोट मारकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए हत्यारोपी को किया काबू

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
**थाना** सदर सफीदों के अंतर्गत गावं सहारनपुर में हुई एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए हत्या के आरोप में एक आरोपी को हत्या के चंद घंटों बाद गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकडे गए आरोपी की पहचान संजय वासी सहानपुर जिला जीन्द के रूप में हुई है।
जानकारी देते हुए थाना प्रभारी आत्माराम ने बताया कि पुलिस को फोन के माध्यम से सूचना मिली कि गाँव सहानपुर में एक व्यक्ति की सड़क पर लाश पड़ी मिली है जिसके सिर में काफी चोटे मारी हुई हैं जो इस सुचना पर पुलिस की टीम ने मौके पर जाकर मृतक वीरभान वासी साहनपुर की लाश को सरकारी अस्पताल सफीदों पहुंचकर उसके लडके विनोद ने एक शिकायत पेश की। जिसने अपनी शिकायत में बताया कि दिनांक 11.05.2024 की सांय हम सभी अपने घर पर थे और खाना खाकर सोने की तैयारी कर रहे थे। समय करीब 11.00 बजे रात को उसके पिताजी वीरभान खाना खाकर देर तक हमारे मकान के सामने गली में घूम रहे थे। करीब 12.00 बजे उसके पास हमारे गांव के जय भगवान का फोन आया और उसने बताया कि आपके पिताजी सफिदों रोड पर घायल अवस्था में पडे हैं और उनके सिर में काफी चोट लगी हुई है और काफी खून सड़क पर बिखरा हुआ है। जिनकी मौका पर ही मौत हो चुकी थी। जिस सूचना पर थाना सदर सफिदों में हत्या का मामला दर्ज किया गया।
पुलिस कप्तान सुमित कुमार ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने बारे आदेश जारी किए, जिनकी पालना करते हुए थाना प्रभारी आत्माराम ने कडी मेहनत, सच्ची निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करते हुए चंद घंटो में मामले को सुलझाते हुए हत्या के आरोपी संजय वासी सहारनपुर जिला जीन्द को गिरफ्तार कर लिया है।
आरोपी को अदालत में पेश करके एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। जिस दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ अमल में लाई जाएगी। प्रारंभिक पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि देर रात सैर करते हुए मामूली कहासुनी पर उसने वीरभान की लठ मारकर हत्या कर दी।

### चोरी में चार महिलाएं गिरफ्तार, 1.5 लाख बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
थाना रिफाइनरी पुलिस ने सुनार की दुकानों में धोखाधड़ी करके चोरी करने वाली चार महिला अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की एक लाख 25 हजार कीमत के जेवरात एवं चोरी के 3200 रुपये बरामद किये हैं। सुनार की दुकान से धोखाधड़ी करके चोरी किये जाने के सम्बन्ध में थाना रिफाइनरी पर एक मामला दर्ज हुआ था। चोरी की घटना का खुलासा करते हुए हुए कांशीराम कट के पास से चार महिला अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

## पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
खरखौदा के गांव फिरोजपुर बांगर के ग्रामीणों ने खेतों में नहरी पानी न मिलने के विरोध में सोमवार को नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।
हंसराज राणा, जसबीर, सतपाल, नरेंद्र, कबूल सिंह नंबरदार, अतर सिंह, देवराज व अन्य ने बताया कि जटोला माइनर से फिरोजपुर बांगर, सैदपुर, जटोला, कुतुबगढ़, निजामपुर खुर्द, मुंगेशपुर के खेतों में नहरी पानी से सिंचाई होती है। काफी समय से किसानों को नहरी पानी नहीं मिल पा रहा है। इस बारे में किसान संबंधित विभाग, मंत्री, मुख्यमंत्री एवं न्यायालय में भी गुहार लगा चुके हैं, लेकिन किसानों को अभी तक यह सुविधा प्रदान नहीं की गई है।

# निरंकारी युवाओं के लिए कैरियर मार्गदर्शन वर्कशाप का आयोजन

वर्कशाप

**डा. अमरीक सिंह चीमा जी ने मेडिकल संबंधित सभी कोर्सेज के बारे में विस्तार से जानकारी दी।**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
सन्त निरंकारी सत्संग भवन सैक्टर 30 ए चंडीगढ़ में एक क्ष्कैरियर मार्गदर्शन वर्कशाप्क्ष (उंर्डी१ ंॠल्ली हड्ड१'र्ल्ह्रस्र) का आयोजन किया गया जिसमें 400 से भी अधिक युवाओं, जो कि +1 या +2 की शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं या कर रहे हैं ने हिस्सा लिया। इस वर्कशॉप का उद्घाटन चंडीगढ़ जोन के जोनल इंचार्ज श्री ओ पी निरंकारी जी द्वारा किया गया।



इस अवसर पर डा. सुरिन्द्र पाल चोहान जी, जोकि गवर्नमेण्ट पॉलिटेक्निक फॉर वोमेन, सेक्टर-10, चंडीगढ़ में अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं, ने युवाओं के लिए भारत और विदेशों में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में कैरियर के अवसरों के बारे में विस्तार से बताया और उन्होंने स्व/वेतन रोजगार के सभी क्षेत्रों के विषय में भी विस्तृत जानकारी दी।
डा. अमरीक सिंह चीमा जी ने मेडिकल संबंधित सभी कोर्सेज के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री बलबीर सिंह संधु जी, उप निदेशक तकनीकी शिक्षा एवं औद्योगिक प्रशिक्षण पंजाब चंडीगढ़ (सेवा निवृत्त) ने टेक्निकल व आईटी के संबंधी सभी कोर्सेज के बारे में और उनकी प्लेसमेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा अन्य विशेषज्ञों ने भी युवाओं का मार्गदर्शन किया कि किस किस प्रकार की तकनीकी व अन्य शिक्षाएं कहां कहां उपलब्ध हैं और हम उनमें कैसे दाखिला ले सकते हैं और किस फील्ड में डिग्री या डिप्लोमा आदि हासिल करके हम कैसे अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं।चंडीगढ़ के जोनल इन्चार्ज श्री ओ०पी० निरंकारी जी ने कहा कि वर्तमान समय में सांईस का युग है और इतने अधिक फील्ड होने के कारण बच्चों को निर्णय लेना कठिन हो जाता है कि हमें किस फील्ड में और कैसे जाना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले हमने परमपिता परमात्मा जो कि सर्वशक्तिमान है और हर समय हमारे साथ है का सहारा लेते हुए यह निर्णय लेना है कि मुझे कौन सा डिप्लोमा या डिग्री करनी है। मुश्किल से मुश्किल डिग्री या डिप्लोमा भी आसान हो जाता है यदि हम पूरी मेहनत व लग्न से पढ़ाई करें। चंडीगढ़ के संयोजक श्री नवनीत पाठक जी ने कहा कि इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य उन युवाओं का मार्गदर्शन करना जो दसवीं और 12वीं क्लास पास कर चुके हैं उनको आगे पढ़ाई में डिग्री और डिप्लोमा के बारे में बहुत विस्तार पूर्वक जानकारी देना और जीवन में आगे बढ़ने के लिए क्या-क्या कोर्सेज करने चाहिए और कौन-कौन से कॉलेज और यूनिवर्सिटीज, पॉलिटेक्निक कालेज में अपना दाखिला ले सकते हैं।

# ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में सराहनीय प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र के लिए यह गर्व का क्षण है, क्योंकि बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले छात्रों ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। प्रिशा ने साइंस स्ट्रीम में 94.8 प्रतिशत के साथ टॉप किया। प्रभलीन को 90.4 प्रतिशत अंक मिले और ज्योति 88.6 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। कॉमर्स स्ट्रीम में प्रभदीप ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, नितिन ने 90.6 प्रतिशत, सोहाली ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। ह्यूमैनिटीज स्ट्रीम में दिशु को 85 प्रतिशत, दिलजोत को 83.6 प्रतिशत और मुस्कान को 82.4 प्रतिशत अंक मिले। चेयरमैन रोशन लाल गुप्ता और प्रिंसिपल डॉ. सुमिता ठाकुर ने छात्रों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और इस उत्कृष्ट परिणाम के लिए उन्होंने छात्रों और उनके शिक्षकों को कड़ी मेहनत का श्रेय दिया।

## 15 मिनट गिरे सूखे ओले, गर्मी से राहत

**टीम एक्शन इंडियामथुरा**
सोमवार की शाम को करीब साढ़े चार बजे ओलावृष्टि हुई। करीब 15 मिनट सूखे ओले गिरे। इससे तापमान में गिरावट आई है। जबकि आम, सब्जी, मूंग आदि की फसलों में नुकसान भी हुआ है। लोगों को तापमान में गिरावट होने से राहत मिली है। सोमवार को फरह, महावन आदि क्षेत्रों में ओलावृष्टि हुई।
सुबह से तेज गर्मी थी। लोग गर्मी से बेहाल थे। दोपहर बाद मौसम में अचानक बदलाव आने लगा। शाम होने तक मौसम में तब्दीली हो गई। मौसम खुशनुमा हो गया। रिफाइनरी मथुरा के आसपास के चार से पांच किलोमीटर के दायरे में जमकर ओले गिरे।

# योगगुरू रूची विरमानी होंगी भारतीय लाडली गौरव अवार्ड से सम्मानित: हरीश चन्द्र आजाद





**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
बेटी बचाओ अभियान के संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि हमारी संस्था योगगुरू रूची विरमानी को 12 मई को भारतीय लाडली गौरव अवार्ड से स्मृति चिंह देकर सम्मानित करेगी। उन्होंने ने बताया कि बेटी बचाओ अभियान यह सम्मान प्रत्येक वर्ष देश की महान महिला विभूतियों को देती है। हमारी संस्था ने इस सम्मान से द्रोणाचार्य अवार्डी अंतर्राष्ट्रीय महिला हाकी कोच श्रीमति सुनीता डबास व राष्ट्रीय अवार्डी संगीता एस बहल को भी सम्मानित कर चुकी हैं।
आजाद ने बताया कि रूची विरमानी के जीवन का संघर्ष बताता है कि वह कैसे एक साधारण महिला से महान महिला विभूति बनी। रूची जिनका वजन करीब 108 किलो था और वह इससे बहुत परेशान थी लेकिन उन्होंने इससे हार न मानते हुए योग करना आरम्भ किया कुछ ही माह में इसके अच्छे परिणाम आते देख उन्होंने स्वयं के साथ-साथ अन्य महिलाओं को भी योग सिखाना आरम्भ कर दिया। योग करके उन्होंने अपना वजन साधारण करते हुए अपना जीवन ही बदल दिया तथा इसी से प्रेरणा लेकर इन्होंने स्कूलों और कालेजों में भी योग सिखाना आरम्भ किया जिससे उन्हें लोगों ने योगगुरू कहना आरम्भ कर दिया। अपने इस शौंक को उन्होंने व्यवसाय बनाया और आज दिन में करीब 100 महिलाओं को योग सिखा रही हैं। एक महिला कैसे स्वयं को तथा समाज को स्वस्थ बनाने के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय आरम्भ कर सकती है इन्होंने समाज को यह करके दिखाया है जिससे वह आज कई महिलाओं के लिये प्रेरणा स्त्रोत बनी हुई हैं। रूची विरमानी करीब 5000 महिलाओं को योग सिखा चुकि हैं। इसलिये हमारी संस्था बेटी बचाओ अभियान ने उन्हें भारतीय लाडली अवार्ड 2024 के लिये चुना।

# साइकिल पर घूम कर दे रहे नशा मुक्ति का संदेश

नशामुक्त अभियान

**पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में नशा मुक्त हरियाणा अभियान चरम पर है।**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख श्री ओ पी सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साहब के दिशा-निर्देश और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में नशा मुक्त हरियाणा अभियान चरम पर है। अधिकारियों के आदेशानुसार ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा फरीदाबाद के सेक्टर 10 में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचे। मुख्य बात यह कि वे साइकिल पर सवार होकर पहुंचे हुए थे। उनके साइकिल पर नशा मुक्त अभियान के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण अभियान के नारे लिखे हुए थे। नशा होता अच्छा तो माँ कहती खा ले मेरे बच्चा। छोड़ो शर्माना अच्छा स्वास्थ्य चाहिए तो साइकल पर करो आना जाना। हमारे पूर्वजों को नहीं होता था कोई रोग। क्योंकि वे सदैव करते थे साइकिल प्रयोग। आज वे विद्यालय में पहुंचे तो सबसे पहले विद्यालय के सामने किराने की दुकान चैक करने पर तम्बाकू उत्पाद मिला। दुकानदारों को भविष्य में न रखने की चेतावनी देकर छोडा गया। विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र सिंह की उपस्थिति में 385 विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम बताकर सचेत करते हुए डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशा मनुष्य के जीवन में नसों को खोखला कर देता है। जीवन के नाश का कारण बनता है। उन्होंने प्रतिबंधित नशे पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और बताया कि कहां से आ रहा है, कैसे आ रहा है, किसके लिए और क्यों आ रहा है। उन्होंने बताया कि ये नशे मनुष्य के लिए हितकर होते तो सरकार इनके भी ठेके खोल देती। गहनता से वाद-विवाद और परिचर्चा के माध्यम से व्याख्या को रोचक बना प्रस्तुत किया गया।

# 6000 बेटियों को आत्मनिर्भर बनाएगा राह ग्रुप फाउंडेशन

विशेष ट्रेनिंग

**बेटियों को मिलेगी ब्यूटी पार्लरबुटीक पार्लर की ट्रेनिंग प्रदेश के आठ जिलों में चलेगा ट्रेनिंग प्रोग्राम**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन इस बार की गर्मी की छुट्टियों में छह हजार से अधिक बेटियों को ब्यूटी एवं बुटीक पार्लर की विशेष ट्रेनिंग दिलवाएगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन 21 मई 2024 से आरंभ होगा, जबकि कक्षाएं 26 मई से आरंभ होंगी। यह जानकारी देते हुए राह ग्रुप फाउंडेशन के नेशनल चेयरमैन नरेश सेलपाड़, तकनीकी सलाहकार सुदेश चहल पूनिया व कौशल विकास अधिकारी सुदेश शर्मा ने बताया कि इस 45 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में बेटियों को उनके घर के आस-पास ही ब्यूटी/बुटीक पार्लर की ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी। राह ग्रुप फाउंडेशन के प्रवक्ता के अनुसार हिसार, फतेहाबाद, जींद, सिरसा, भिवानी, रोहतक, करनाल, कैथल जिलों में छात्राओं/लड़कियों/ महिलाओं की मांग के अनुसार ये केन्द्र उनके घरों के आस-पास ही खोले जाएंगे। ये प्रशिक्षण केन्द्र खोलने के लिए ग्राम पंचायत, युवा क्लबों या दूसरी संस्थाएं भी राह संस्था से मिलकर कार्य कर सकती है। ये ट्रेनिंग विशेष एक्सपर्ट या आईटीआई डिप्लोमा धारक ट्रेनर ही देंगे।
**ये हैं जरूरी दस्तावेज:-**
इन प्रशिक्षणों में रजिस्ट्रेशन के लिए आधार कार्ड, पासपोर्ट, राशन कार्ड, फेमिली आई.डी.,जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, वोटर आईडी, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, स्कूल या किसी शिक्षण संस्थान की ओर से जारी पहचान पत्र या दूसरा किसी भी प्रकार के एक पहचान संबंधित एक दस्तावेज की फोटो कॉपी व दो पासपोर्ट साइज फोटो जमा करवाने होंगे। इसके लिए किसी भी प्रकार की वर्ग/ जाति या आय की कोई सीमा नहीं है। हालांकि उनके लिए आयु सीमा 14 से 45 वर्ष रखी गई है।
**खास रहेगा ट्रेनिंग प्रोग्राम:-**
राह ग्रुप फाउंडेशन के 90 दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम में थ्रेडिंग, वैक्स, मैनीक्योर, पेडीक्योर, 10 हेयर स्टाइल, नेल पॉलिश, हेयर कटिंग, साड़ी पहनना, फेशियल, मेकअप, ब्लीचिंग सहित प्राकृतिक तरीकों से मेकअप करना सिखाया जाएगा। इसी प्रकार बुटीक पार्लर ट्रेनिंग में ड्राफ्टिंग, कटिंग, टेलरिंग व मार्केटिंग करना सिखाया जाएगा।
**जरूरतमंदों को मिलेगी वरीयता:-**
राह ग्रुप फाउंडेशन के नेशनल चेयरमैन नरेश सेलपाड़ के अनुसार संस्था की ओर से तय प्रशिक्षण केन्द्रों पर 40 सीटों से अधिक आवेदन होने की स्थिति में पांच फीसदी सीटें विधवा/तलाकशुदा महिलाओं या बेसहारा लड़कियों के लिए आरक्षित होंगी।
जारीकर्ता:-
प्रवक्ता, राह ग्रुप फाउंडेशन
मोबाईल: 9896999911

# भाजपा के ताबड़तोड़ विकास से प्रदेश में 11 कमल खिलने तय : सुरेंद्र उड़ाना




**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी व जिला पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्र उड़ाना ने कहा कि हरियाणा में भाजपा इतिहास रचेगी और सभी 10 सीटों पर रिकार्डतोड़ जीत दर्ज करेगी।
उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा हरियाणा प्रदेश में किये गए ताबड़तोड़ विकास से प्रदेश में 11 कमल खिलने तय माना जा रहा है। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी व युवा नेता सुरेंद्र उड़ाना करनाल के भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की कई योजनाएं जनता तक पहुंची। प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेंद्र उड़ाना ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेकों योजनाएं हर वर्ग के लिए चलाकर सभी का भला किया है। उन्होंने हमेशा ही राष्ट्र की सेवा के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही कश्मीर से धारा 370 को खत्म किया गया। सैनिकों के सम्मान में सर्जिकल स्ट्राइक हुई। यूक्रेन युद्ध के बीच भारतीय विद्यार्थियों को आंच तक नहीं आने दी और उन्हें सुरक्षित निकाल कर लाया गया।
सुरेंद्र उड़ाना ने कहा कि भारत जल्द मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी आर्थिक शक्ति बनेगा। उन्होंने कहा कि करनाल लोकसभा से मनोहर लाल और विधानसभा उप चुनाव में नायब सिंह सैनी रिकार्डतोड़ जीत दर्ज करेंगे।

ACTION INDIA
एक्शन इंडिया
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 14 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# केवल पार्क : भव्य रूप में मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

● दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा, आदर्श नगर की ओर से किया गया आयोजन ● भव्य भजन संध्या में हजारों लोगों ने की शिरकत











**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा, आदर्श नगर क्षेत्र की ओर से भगवान परशुराम जन्मोत्सव भव्य रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन केवल पार्क स्थित प्राचीन शिव मंदिर में हुआ। मंदिर परिसर की सजावट देखने योग्य थी। पंडाल भव्य रूप में सजाया गया था। भगवान परशुराम जी के दरबार की शोभा भी देखते ही बनती थी। ब्राह्मणों ने भगवान परशुराम जी की विधिवत पूजा अर्चना कर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर चर्चा की।

**दो चरणों में हुआ कार्यक्रम:** परशुराम जयंती पर सुबह वैदिक रीति व मंत्रोंचार के साथ हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। यज्ञ पुरोहित आचार्य राजबीर शास्त्री व मुख्य यज्ञमान नवीन त्यागी (मुख्य संरक्षक) ने उपस्थित जनमानस के साथ समाज कल्याण हेतु प्रार्थना की। इस दौरान दर्जनों ब्राह्मण दंपतियों ने हवन में भाग लिया।

**सांध्यकाल में भजन संध्या का हुआ आयोजन:** सांध्यकाल में सभा द्वारा एक विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन गायक रवि तोमर, पुनीत कुमार और हिमांशी तोमर आदि गायकों ने अपने भजनों से उपस्थित भक्तजनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मनोहर झांकियों से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

**अतिथियों का किया भव्य स्वागत:** कार्यक्रम में अतिथियों का भव्य स्वागत हुआ, जहां दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों ने अतिथियों का



चंदन का तिलक लगाकर और पटका पहनाकर स्वागत किया। इसके उपरांत दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं, आपको बता दें कि भगवान परशुराम का जन्म वैशाख मास की शुक्ल तृतीया को हुआ था। इस दिन अक्षय तृतीया भी मनाई जाती है। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण भगवान परशुराम की शक्ति की क्षति नहीं होती थी।

**27 वर्ष पूर्व रखी गई थी दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा की नींव:** दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा, आदर्श नगर की नींव करीब 27 वर्ष पूर्व स्व. पंडित विजयपाल जी ने रखी थी। उस पौधे को वर्तमान प्रधान अरविंद शर्मा, स्व. राकेश भारद्वाज, सुधीर पाठक, सीपी शर्मा की अगुवाई में विभिन्न बंधुओं ने विशाल वृक्ष के रूप में इसे बड़ा किया।

**लघु पुस्तिक का किया गया लोकार्पण:** अध्यक्ष अरविंद शर्मा ने बताया कि इस बार कार्यक्रम में भगवान परशुराम जी के ऊपर एक लघु पुस्तिक का भी लोकार्पण किया गया। पुस्तक में भगवान परशुराम जी पर आधारित परशुराम चालीसा व आरती के साथ-साथ उनके जीवन परिचय पर भी प्रकाश डाला गया है। इससे संकीर्ण मानसिकता वाले लोगों द्वारा फैलाई गई भ्रांतियों को दूर करने का एक सफल प्रयास है।

**भगवान परशुराम जी के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प:** मंदिर परिसर भक्तिमय नजर आ रहा था। हर कोई भगवान परशुराम के भजनों पर झूमता नजर आ रहा था। इस मौके पर अतिथियों ने भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेते हुए समाज में आपसी सद्भाव व भाईचारे को मजबूत करने पर बल दिया।

वहीं, पूर्व सिविल लाईन जोन चेयरमैन नवीन त्यागी ने कहा कि अक्षय तृतीया जैसी पवित्र तिथि के दिन अवतरित हुए भगवान परशुराम जी इस तिथि की महानता के अनुरूप अजर, अमर हैं। गुणों से भरपूर भगवान हमें शिक्षा देते हैं कि सब कुछ चले जाने के बाद हमारे पास ज्ञान शेष रह जाता है। ज्ञान ही वह संपत्ति है, जिसे कोई न तो छीन सकता है, न ही चुरा सकता है। किसी भी विपत्ति में ज्ञान ही हमारा मार्गदर्शन साबित होता है।

वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अरविंद शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम किसी वर्ग विशेष के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव जाति के है, जिन्होंने मानव धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों का प्रयोग किया। हमें उनके दिखाये मार्गो का अनुपालन करना चाहिए।

वहीं, हरिश भाद्वाज ने कहा कि इस बार परशुराम जयंती केवल ब्राह्मण समाज ही नहीं बल्कि अन्य बिरादरियों के लोगों को भी साथ लेकर मनाई जा रही है। भगवान परशुराम जयंती एक बड़ा धार्मिक महत्व रखती है, क्योंकि यह दिन भगवान श्री परशुराम के जन्म का प्रतीक है। भगवान परशुराम जी का जन्म तृतीया तिथि को प्रदोष काल में हुआ था। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार उनका जन्म अधर्मी, पापी और क्रूर राजाओं का नाश करने के लिए हुआ था। उन्होंने आगे कहा कि हमें अपने संस्कार, संस्कृति बचाने के लिए भगवान परशुराम के आदर्शों को अंगीकार करना होगा, जिससे कि देश की संस्कृति व शिष्टाचार की शैली बरकरार रह सके।

**भव्य भंडारे का किया गया आयोजन:** भव्य कार्यक्रम के उपरांत भक्तों के बीच विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।
























**पवन शर्मा, विधायक, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र:** भगवान परशुराम किसी वर्ग विशेष के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव जाति के है, जिन्होंने मानव धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों का प्रयोग किया। हमें उनके दिखाये मार्गो का अनुपालन करना चाहिए।



**अरविंद शर्मा, अध्यक्ष, दिल्ली प्रदेश ब्राह्मण सभा, आदर्श नगर :** परशुराम भगवान विष्णु जी के छठे अवतार थे। महर्षि वेदव्यास, राजा बलि, हनुमान, विभीषण, कृपाचार्य, ऋषि मार्कडेय सहित उन आठ अमर किरदारों में उनकी गिनती होती है, जिन्हें कलियुग तक अमर माना जाता है।



**नवीन त्यागी, मुख्य संरक्षक:** प्रत्येक व्यक्ति को समाज के लिए काम करना चाहिए। भगवान परशुराम जी के पद चिह्नों में चलते हुए मांस-मदिरा व नशे से कोसों दूर रहें। समाज के लोगों से आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति गरीबों की मदद करे।



**हरीश भारद्वाज, महासचिव:** भगवान विष्णु के छठे स्वरूप परशुराम ने धरती पर राजाओं द्वारा किए जा रहे अधर्म, पाप और जुल्म का विनाश करने के लिए जन्म लिया था। सात चिरंजीवी पुरुषों में से परशुराम एक हैं और वह अभी भी इस धरती पर जीवित हैं।

**रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया समूह संपादक:** भगवान परशुराम जी ने संपूर्ण मानव समाज को अन्याय का विरोध करने के लिए प्रेरित किया। हर ब्राह्मण को इस बात का फख है कि वह भगवान परशुराम जी का वंशज है।



**उमेश शर्मा, कोषाध्यक्ष :** न्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष की प्रतिमूर्ति महर्षि परशुराम की जयंती मनाई गई। भगवान परशुराम ने संपूर्ण मानव समाज को अन्याय का विरोध करने के लिए प्रेरित किया। सभी को परशुराम जयंती की बधाई।



**सुभाष दीक्षित, संरक्षक:** भगवान परशुराम का अवतार पृथ्वी पर अन्याय के प्रति न्याय का प्रतिपादन, दुष्टों का नाश तथा धर्म राज्य की स्थापना करने के लिए हुआ था। भगवान परशुराम के पिता का नाम जमदग्नि और माता का नाम रेणुका था।



**चंद्रशेखर शर्मा:** पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान श्री नारायण ने अपने छठे अवतार में परशुराम के रूप में अवतार लिया था। इस दौरान उन्होंने अन्याय अत्याचार के खिलाफ अस्त्र-शस्त्र उठाकर 21 बार धरती से आतातायी क्षत्रियों का संहार किया था।

